सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 10 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 66, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1353 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1353 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 422 अंक लुढ़क गया। } 14

## कच्चे तेल के दाम में तेजी से महंगाई पर नहीं पड़ेगा खास असरः सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति पहले से ही अपने निचले स्तर के करीब है। } 16



# ईरान पर इजराइल का फिर भीषण हमला

### तेहरान, इस्फहान समेत कई शहरों को निशाना बनाया, ईरान बोला- देंगे मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग का आज दसवां दिन है। इजराइल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं।

इजराइली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक किए जा रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जब तक हमले जारी हैं, तब तक बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है और ईरान निर्णायक जवाब देने पर ध्यान दे रहा है। लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई



एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं।


इजराइल ने एक बार फिर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इजराइली सेना के मुताबिक राजधानी तेहरान, मध्य ईरान के इस्फहान और दक्षिणी इलाकों में ईरानी शासन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर एयरस्ट्राइक किए जा रहे हैं। इजराइली सेना ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुजतबा खामेनेई बने ईरान के सुप्रीम लीडर

एजेंसी

दुबई। ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मुजतबा खामेनेई को सोमवार को देश का अगला शासक नामित किया गया। देश की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने उनका चुनाव किया है। मुजतबा (56) के देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड से करीबी संबंध हैं।

रिवॉल्यूशनरी गार्ड युद्ध की शुरुआत के दौरान 28 फरवरी को अयातुल्ला अली खामनेई (86) की मौत के बाद से इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले कर रहा है। मुजतबा को उनके पिता से भी ज्यादा



कट्टर विचारों वाला माना जा रहा है। वह युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। उन्हें उनके पिता की मौत से भी पहले से उनका उत्तराधिकारी माना जा रहा था। अयातुल्ला पर हुए हमले में ही मुजतबा की पत्नी जेहरा हद्दाद आदेल की भी मौत हो गई थी। ईरान के राजनीतिक जानकारों ने वंशानुगत तरीके से मुजतबा को सर्वोच्च नेता चुने जाने की आलोचना की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि मुजतबा उनके निशाने पर हैं जबकि ट्रंप ने उन्हें अस्वीकार्य बताया है। ट्रंप ने कहा कि हम ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो ईरान में सामंजस्य और शांति कायम करे। ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने ईरानी सरकारी टीवी चैनल से बातचीत के दौरान तेहरान में हवाई हमलों के बावजूद सभा आयोजित करने के लिए असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के साहस की सराहना की।

## पुतिन ने दी बधाई, ईरान को रूस का अटूट समर्थन

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के नये सर्वोच्च नेता चुने गए अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को सोमवार को बधाई दी और तेहरान को मॉस्को के अटूट समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने सोमवार को यह जानकारी दी कि ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा को 88 सदस्यीय विशेषज्ञ सभा द्वारा उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया है। पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर पोस्ट किये गए एक संदेश में कहा, ऐसे समय में जब ईरान सशस्त्र आक्रमण का सामना कर रहा है।

# शिक्षा को अर्थव्यवस्था की जरूरतों से जोड़ें: मोदी

### लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना हमारी सरकार का मूल उद्देश्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देश की शिक्षा व्यवस्था को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार का मूल उद्देश्य है और शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल एवं संस्कृति जैसे क्षेत्र इसे साकार करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह इस सरकार का प्रमुख उद्देश्य एवं संकल्प है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) बाजार की मांग और वास्तविक अर्थव्यवस्था के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने की मजबूत आधारशिला प्रदान करती है, खासकर एआई, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में। हमें शिक्षा व्यवस्था को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की प्रक्रिया को और तेज करना होगा। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध का उल्लेख करते हुए एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग एवं कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र को बढ़ावा देने की भी जरूरत पर बल दिया। भारत के नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की तरफ कदम बढ़ाने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और शोध आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया, ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि इस वेबिनार में परिसरों को उद्योग सहयोग और शोध आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने पर मंथन होना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने युवा शोधकर्ताओं को नवाचार और प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने वाली एक मजबूत शोध पारिस्थितिकी तैयार करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, ऐसा वातावरण तैयार किया जाना चाहिए, जहां युवा शोधकर्ताओं को नए विचारों पर काम करने और प्रयोग करने का पूरा अवसर मिल सके। मोदी ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, इन क्षेत्रों में देश की बेटियों की बढ़ती रुचि उत्साहजनक है। आज जब हम भविष्य की प्रौद्योगिकियों की बात करते हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि अवसरों की कमी के कारण कोई भी बेटी पीछे न रह जाए। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया गया है और आयुष्मान भारत योजना एवं आरोग्य केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। मोदी ने देखभाल सेवाओं से जुड़ी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बढ़ने के साथ प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों की मांग भी बढ़ेगी और इसके लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज रोकथाम आधारित और समग्र स्वास्थ्य की परिकल्पना पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया गया है और सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत योजना और आरोज्ञ मंदिर के जरिये स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच हर गांव तक हो गई है। हमारी योग और आयुर्वेद पद्धतियां भी दुनिया भर में लोकप्रिय हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की युवा शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उसी स्थिति में राष्ट्रीय शक्ति बनती है जब वह स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरी हो। उन्होंने कहा, यही कारण है कि हाल के वर्षों में खेलों को राष्ट्रीय विकास की एक महत्वपूर्ण धारा के रूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी के विमान बेड़े में अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर शामिल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार के विमान के बेड़े में एक और अत्याधुनिक हेलिकॉप्टर शामिल हो गया है। दरअसल, योगी सरकार ने सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए इटली की कंपनी लियोनार्डो की ओर से निर्मित अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 खरीदा है। इससे पहले 5 मार्च को योगी आदित्यनाथ इसी हेलिकॉप्टर से कानपुर दौरे पर गए थे, जिसके बाद ये हेलिकॉप्टर चर्चा में आया था।

जानकारी के मुताबिक, यूपी सरकार के तीन पायलट अगस्ता वेस्टलैंड अह139 की टेक्निकल और इसकी पहलुओं को समझने के लिए इटली ट्रेनिंग के लिए गए थे। जहां वह इंस्ट्रूमेंट ट्रेनिंग के साथ क्रिटिकल कंडिशन में इमरजेंसी लैंडिंग कैसे करानी है, इसका प्रशिक्षण लिया। इस हेलिकॉप्टर को 2 पायलट उड़ाते हैं, वहीं इसमें 12 से 15 लोगों की बैठने की क्षमता है। बेहतरीन उन्नत एवियोनिक्स, क्रैश सेफ्टी सिस्टम समेत अन्य खूबियों की वजह से वीवीआईपी के लिए खास है। अगस्ता वेस्टलैंड अह139 एक मध्यम श्रेणी का आधुनिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्राथमिकता से करें उद्यमियों की समस्याओं का समाधान : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को हर समस्या का समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बयान में कहा गया है कि मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बयान के अनुसार, कासगंज से आए एक व्यक्ति द्वारा पुलिस से जुड़ी शिकायत किए जाने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या का समयबद्ध निराकरण करने का आदेश दिया।

### संक्षेप

## सीएम योगी और उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी पर केस दर्ज

बलरामपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर बिहार के एक मौलाना के खिलाफ बलरामपुर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सोमवार को बताया कि यह मुकदमा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मिश्रा द्वारा पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम ने एक मजहबी जलसे के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी माता को लेकर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी की।

## उत्तराखंड के समग्र विकास की स्पष्ट रूपरेखा तय करेगा बजट : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत किया गया वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट उत्तराखंड के समग्र और दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। गैरसैंण में बजट पेश करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय और व्यय का पारंपरिक विवरण नहीं है, बल्कि प्रदेश को नई विकास गति देने वाला व्यापक दृष्टिकोण भी दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में विकास, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सोच के बीच संतुलन स्थापित करने



का प्रयास किया गया है। उन्होंने इसे विकसित भारत के संकल्प के साथ विकसित उत्तराखंड की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने राज्य की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2000 में राज्य गठन के समय उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 14,500 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर करीब 3.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस प्रकार राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग 26 गुना विस्तार हुआ है। इसी तरह वर्ष 2000-01 में प्रति व्यक्ति आय 15,285 रुपये थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर लगभग 2,73,921 रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि राज्य की अनुमानित वास्तविक विकास दर 7.23 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत के करीब है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए वित्तीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के मानकों का पूरी तरह पालन किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जंग के बीच मिडिल ईस्ट से लौटे 67 हजार भारतीय नागरिक

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में दिया भरोसा, हर गतिविधि पर सरकार की नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने सोमवार को दोहराया कि वह पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति में संयम, संवाद और कूटनीतिक के रास्ते से समाधान के पक्ष में है और उसके लिए भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा और देश की ऊर्जा सुरक्षा सहित राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजाइल से लेकर उस क्षेत्र में हर भारतीय दूतावास ने इस तरह की सलाह जारी की है और विदेश मंत्रालय का नवीनतम अपडेट सात मार्च को जारी किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे केंद्रों में फंसे यात्रियों की सहायता के लिए भी राजनयिकों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें




अंतरराष्ट्रीय सीमाएँ पार कराने में मदद की गयी है। जहाँ भी हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला वहाँ से वाणिज्यिक और विशेष उड़ानों की व्यवस्था की गयी और रविवार तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिक उस क्षेत्र से वापस लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार के लिए उस क्षेत्र से भारत के लिए 50 उड़ानें निर्धारित की गयी हैं। ईरान के विरुद्ध अमेरिका और इजराइल की लड़ाई से उत्पन्न स्थित पर संसद के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गैस बुकिंग की प्रतीक्षा अवधि बढ़कर 25 दिन हुई

○ फिलहाल नहीं बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। अधिकारियों ने कहा कि सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर नजर रख रही है, लेकिन खुदरा ईंधन की कीमतों में तत्काल वृद्धि की कोई योजना नहीं है। ऐसी संभावना है कि तेल विपणन कंपनियां फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को वहन करेंगी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है। सूत्रों ने बताया कि जमाखोरी को रोकने के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर भराने के लिए बुकिंग की न्यूनतम प्रतीक्षा अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एक औसत परिवार एक वर्ष में 14.2 किलोग्राम के सात से आठ एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करता है और आमतौर पर उन्हें छह सप्ताह से कम समय में उसे भराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:09 | 5:14 |

### भीतर पढ़ें


- ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज में यूपी देश में नंबर वन (पृष्ठ-02)
- अब सामान्य व्यक्ति भी बुक कर सकेंगे सर्किट हाउस (पृष्ठ-02)
- रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-14)
- कच्चे तेल का वायदा भाव 26 प्रतिशत उछला, रिकॉर्ड पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** ग्रामीण स्वच्छता में यूपी अव्वल, प्रथम चरण में 2.74 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण

# देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों और पंचायती राज विभाग की प्रभावी कार्यशैली के चलते स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रथम चरण में प्रदेश को 100 प्रतिशत ओडीएफ राज्य घोषित किया जा चुका है, जो ग्रामीण स्वच्छता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनसहभागिता का परिणाम है।

योजना के द्वितीय चरण में ओ.डी.एफ के स्थायित्व के साथ-साथ स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश की ग्राम पंचायतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में 95,767 गांवों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ स्वयं को ओडीएफ+ घोषित किया है, जबकि 94,723 से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त हो चुका है। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता और बेहतर प्रबंधन को दशार्ती है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रदेश में 2.74 करोड़




से अधिक इज्जत घर/व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक शौचालय निर्माण करने वाला राज्य बनकर उभरा है। वहीं मिशन के द्वितीय चरण (फेज-2) के अंतर्गत अब तक 57,25,291 व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए 59,165 सामुदायिक शौचालयों का भी निर्माण किया गया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ग्रामीण स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि शौचालय निर्माण के साथ-साथ उनके नियमित उपयोग, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतें स्वच्छता के क्षेत्र में देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं और सरकार भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। निदेशक पंचायती राज विभाग अमित कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को जन आंदोलन का स्वरूप मिला है। ग्राम पंचायतों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य अब ओडीएफ प्लस की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## निवेशकों की संपत्ति 22 लाख करोड़ रुपये घटी

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में हाहाकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई है। संकट की शुरुआत के बाद से बीएसई सेंसेक्स 4.6 प्रतिशत टूटकर 77,566.16 अंक पर आ गया है। इस अवधि में निवेशकों की कुल संपत्ति में लगभग 22.40 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है।

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इस दौरान बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 4.6 प्रतिशत तक गिर गया है। इस संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतें 12.82 प्रतिशत बढ़कर 104.6 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं और भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इन सभी कारणों से निवेशकों में चिंता बढ़ी और बाजार दबाव में आया। इस दौरान बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 22,40,408.82 करोड़ रुपये की भारी गिरावट के साथ 4,41,10,262.45 करोड़ रुपये (4,780 अरब डॉलर) रह गया।

# यूपी के विवि तय शासनादेश से ही लें परीक्षा शुल्क

## शासनादेश के विपरीत फीस वसूली पर ऑडिट करा कार्रवाई करेगी सरकार

- शिक्षा को सर्वसुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शिक्षा व्यवस्था को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सख्त कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने राज्य विश्वविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लें। शासनादेश के विपरीत अधिक शुल्क वसूलने वाले विश्वविद्यालयों के ऑडिट कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क वसूलता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता, पारदर्शी व छात्र हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने चाहिए। शासन से जारी आदेश के अनुसार राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है।

इसके तहत बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स), बीटेक, बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे शासनादेशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने संसाधनों को मजबूत करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास करने चाहिए, ताकि संस्थान आत्मनिर्भर बन सकें।

बैठक में अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति, परीक्षा संचालन से जुड़ी चुनौतियों और संभावित समाधानों पर भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार विश्वविद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं पर विचार करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है, लेकिन शासनादेशों का पालन सभी संस्थानों के लिए अनिवार्य है। बैठक में एमएलसी उमेश द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एम. पी. अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. जय प्रकाश सैनी सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डेटा इकॉनामी की नयी राजधानी बनने की राह पर यूपी

- डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिल रही नई मजबूती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनमी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और हालिया घोषणाओं के चलते प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का दायरा लगातार बढ़ रहा है। फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग के विकास को संस्थागत ढांचा प्रदान करना और निवेश प्रक्रिया को और अधिक तेज करना है।

सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीति के बीच डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता करीब 900 मेगावाट होगी। इनमें से कई परियोजनाओं पर काम भी आगे बढ़ चुका है।

सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है, जिनमें 6 डेटा सेंटर पार्क और 2 डेटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 21,342 करोड़ रुपये के निवेश और 644 मेगावाट की क्षमता सुनिश्चित हो चुकी है। यह प्रगति इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश में डेटा सेंटर सेक्टर तेजी से गति पकड़ रहा है और बड़ी टेक कंपनियां यहां निवेश को लेकर रुचि दिखा रहीं हैं। आईटी विशेषज्ञ प्रदीप यादव का कहना है कि डेटा सेंटर उद्योग के विस्तार से केवल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही मजबूत नहीं होगा, बल्कि इससे आईटी, क्लाउड सेवाओं, नेटवर्किंग और तकनीकी सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही यूपी में स्टार्टअप और डिजिटल सेवाओं के लिए भी मजबूत आधार तैयार होगा।

2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कोई डेटा सेंटर स्थापित नहीं था। योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले कुछ वर्षों में स्थिति तेजी से बदली है। प्रदेश में नीति आधारित प्रोत्साहन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश अनुकूल माहौल के कारण डेटा सेंटर मामले में लगातार प्रगति हो रही है, जबकि कई परियोजनाएं निर्माण और प्रस्तावित चरण में हैं। सरकार का मानना है कि स्टेट डेटा सेंटर क्लस्टर और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी। इसके साथ ही प्रदेश को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी और उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में देश की डेटा इकॉनामी का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

# ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज में यूपी देश में नंबर वन

- टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत चलाया गया अभियान, यूपी लगातार दूसरे वर्ष प्रथम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को तंबाकू के सेवन से दूर रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया। केंद्र सरकार के टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत आयोजित ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज अभियान में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे ज्यादा भागीदारी दर्ज की । इस सूची में उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा दूसरे, राजस्थान तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर रही।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के इस अभियान में उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निदेर्शों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष 2024-25 में भी टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के दौरान ऑनलाइन नो टोबैको प्लेज में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार दूसरे वर्ष यह उपलब्धि राज्य के युवाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य विभाग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है। टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 की शुरूआत 09 अक्टूबर 2025 से हुई थी। यह राष्ट्रीय अभियान शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से संचालित किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें तंबाकू का उपयोग न करने की शपथ लेने के लिए प्रेरित करना और तंबाकू मुक्त पीढ़ी का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षकों का प्रशिक्षण, तंबाकू मुक्त संस्थानों की घोषणा और ऑनलाइन शपथ जैसी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। उत्तर प्रदेश में इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया गया।

# गोरखपुर और रामपुर जिले में स्थापित हो रही ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के गोरखपुर और रामपुर जनपदों में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं, जिससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। यूपी नेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गोरखपुर में टोरेंट पॉवर की ओर से 0.5 मेगावाट क्षमता का ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है। इस परियोजना की उत्पादन क्षमता लगभग 9 किलोग्राम प्रति घंटा होगी। यह पायलट प्रोजेक्ट प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक के उपयोग और उसके व्यावसायिक विस्तार की संभावनाओं को परखने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी तरह रामपुर जिले में जीरो फ्रूटप्रिंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना स्थापित की जा रही है। इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता लगभग 22.5 किलोग्राम प्रति घंटा होगी। इस परियोजना से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। ग्रीन हाइड्रोजन को भविष्य का स्वच्छ ईंधन माना जाता है। इसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पानी की इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किया जाता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य होता है। इसका उपयोग परिवहन, उद्योग और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। इन जनपदों में स्थापित हो रही ये परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# पश्चिमांचल में बिजली दर पर हुई सुनवाई, प्रीपेड मीटर का उठा मुद्दा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के तब तक धान में आज पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम नोएडा पावर कंपनी वी डाटा सेंटर नीडप कि वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दर की सुनवाई गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी नोएडा में हुई। जिसमें विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार मौजूद रहे। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक की तरफ से प्रस्तुतीकरण किया गया वही नोएडा पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक में भी प्रस्तुतीकरण किया और नीडप डेवलपर द्वारा भी अपनी बात रखी गई। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से अपनी बात रखते हुए सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51 हजार करोड़ से ज्यादा कर प्लस है देश का कोई भी कानून बिजली दरों में बढ़ोतरी की इजाजत नहीं देता ऐसे में बिजली दलों में कमी कानून होना चाहिए इस बार बिजली दरों में कमी करके आयोग उपभोक्ताओं के हिसाब को बराबर करने की दिशा में आगे बढ़े।

उन्होंने कहा स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खर्च को उपभोक्ताओं के बिजली दर में पास करने के मामले पर कहा कि जब भारत सरकार के आदेश के तहत उसे नियामक आयोग ने स्वीकार करते हुए आरडीएसएस योजना में या आदेश जारी किया कि उपभोक्ताओं पर नहीं पास किया जाएगा इसके बावजूद एक एडवाइजरी के नाम पर रुपया 3838 करोड़ पास करने की बात होने लगी जो पूरी तरह गलत है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने सभी बिजली कंपनियों मे वर्टिकल व्यवस्था पर तीखा प्रहार करते हुए कहा बिजली कंपनियों में नौकरशाह आकर जो प्रैक्टिकल कर रहे हैं इस बिजली विभाग को बर्बाद कर देंगे ऐसे में विद्युत नियामक आयोग को हस्तक्षेप करना चाहिए वर्टिकल व्यवस्था पूरे प्रदेश में फेल है बिना नियामक आयोग की अनुमति के व्यवस्था को कैसे लागू किया गया इसकी जांच कराई जाए।

पश्चिमांचल द्वारा अपनी रिपोर्ट में कहा गया की 1191440 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए जुलाई से दिसंबर तक जब इन विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 2024 में नॉन स्मार्ट मीटर लगा था तो उनकी कुल औसत यूनिट प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह 118 थी लेकिन जब इन्ही उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर लगा दिया गया तो जुलाई से दिसंबर 2025 में इन उपभोक्ताओं की औसत यूनिट प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह 219 हो गई यानी की 84 प्रतिशत वृद्धि जो अपने आप में चौंकाने वाला है इसका मतलब की स्मार्ट प्रीपेड मीटर या तो तेज चल रहा है या तो उसमें गड़बड़ी है इसकी आयोग जांच कराए। बिजली कंपनियों में भर्ती हो नहीं रही है संविदा कार्मिकों के सहारे बिजली चल रही है उनकी भी छटनी की जा रही है उन्हें समान काम समान वेतन दिया नहीं जा रहा है तो क्या बिजली निगमन को बर्बाद करने की तैयारी है संविदा कर्मियों की छटनी पर रोक लगनी चाहिए जो लोग बिजली निगमन में इस प्रकार की कार्रवाई में लिप्त है उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उपभोक्ता परिषद में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में अनेकों उदाहरण देते हुए कहा कि यहां 10 करोड़ से ज्यादा पिछले पिछले पांच वर्षों में कैशियर व अन्य कर्मचारी राजस्व का पैसा लेकर भाग गए गबन कर लिए कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई पब्लिक का पैसा कैशियर झोले में भरकर ले जा रहा है कोई देखने वाला नहीं।

नोएडा पावर कंपनी का रही है कि जो 10 प्रतिशत बिजली दरों में रिपोर्ट दी जा रही है उसे समाप्त कर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी जाए यानि कि नोएडा पावर कंपनी एक तरफ कहती है कि यह रेटिंग में और यहां 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की बात कर रही है जो पूरी तरह गलत है उपभोक्ता परिषद में एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उनके कार्यों में एक बड़ा मामला पकड़ा गया है उनकी कंपनी में फायदा को छुपाने के लिए जनरल मैनेजर और उसके ऊपर के अधिकारियों को 15.74 लख रुपए प्रतिमाह वेतन दिया गया निजी कंपनी अपने जनरल मैनेजर को 16 लख रुपए का तनक दे रही है प्रतिमा तो फायदा कहां से दिखेगा इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

# भाजपा सरकार युद्ध पर देश की राय साफ करे: अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सेशन का अंतराल हुआ था तब विषय अलग थे और आज के युद्धकालीन हालातों की वजह से, संकट के इस माहौल में हमारी प्राथमिकता बदल गई है। युद्ध के संदर्भ में देश का पक्ष व राय क्या है, इस पर स्थिति भाजपा सरकार को स्पष्ट करनी चाहिए।

अखिलेश ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा है कि केंद्र सरकार को विदेश नीति के गिरवी रखने का विषय, तेल जैसी आपूर्ति पर आत्मनिर्णय की जगह अमेरिकी आदेश का आने पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। हमारी संप्रभुता और आत्मनिर्भरता का प्रश्न, युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में फंसे वहां कार्यरत भारतीय या पर्यटक बनकर गए भारत के नागरिकों की सुरक्षा व उन्हें सकुशल भारत लाने के सवाल पर स्थिति साफ करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण जरूरी आपूर्ति को नियमित व सुनिश्चित करने के साथ ही उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के विषय पर भी स्थिति साफ करनी चाहिए। देश के सामने गंभीर चुनौतियां है। देश के बड़ी संख्या में लोग युद्ध क्षेत्र में फंसे हैं। मंहगाई बढ़ती जा रही है। इसके साथ तमाम बड़े मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। अमेरिका हमारी सरकार को आर्डर कर रहा है। युद्ध प्रभावित देशों में बड़ी संख्या में भारतीय फंसे हुए हैं। नौकरी, पेशा, कामकाजी लोग और पर्यटक फंसे है।

# दिव्यांगजन व पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को प्राथमिकता दे रही सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी ढंग से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को सचिवालय स्थित नवीन भवन में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय उपलब्धियां तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और अवसरों की जानकारी दिव्यांग छात्रों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने तथा अपेक्षित प्रगति न करने वाले जनपदों में जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य निधि का उपयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हित में किया जाए। बैठक में बताया गया कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के अंतर्गत अब तक 11,98,725 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अब तक 13,395 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत अब तक 22,672 दिव्यांगजनों को 26,830 विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं।

# राज्यपाल ने गो-अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को मथुरा स्थित उप्र. पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ओर से विश्वविद्यालय की दीवारों पर बनाई गई कलात्मक वॉल पेंटिंग्स का अवलोकन किया। इन कलाकृतियों में जल संरक्षण, पौष्टिक आहार के महत्व, प्रकृति संरक्षण, पशु क्रूरता पर नियंत्रण, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की सुंदरता तथा भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित चित्रों सहित विविध विषयों को प्रस्तुत किया गया था।

छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी वॉल पेंटिंग्स के माध्यम से निहित संदेश एवं उनके महत्व की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त करने के उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर एक छात्र के पेंसिल से बनाया गया आकर्षक स्केच भी राज्यपाल को भेंट किया गया।

# गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी जनता के साथ अन्याय : सुनील सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने घरेलू गैस और पाइप्ड गैस के दामों में हाल ही में की गई भारी बढ़ोतरी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है, और अब गैस के दामों में 60 से 120 रुपये तक की बढ़ोतरी करके लोगों की कमर तोड़ने का काम किया गया है।

लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की सरकार ने जानबूझकर देश को महंगाई की आग में धकेल दिया है। एक तरफ सरकार ह्लआपदा को अवसरह्व बताने की बात करती है और दूसरी तरफ इसी माहौल का फायदा उठाकर बड़ी कंपनियों को मुनाफा कमाने का खुला मौका दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्योगपति ने गैस के दाम लगभग तीन गुना तक बढ़ा दिए हैं, जिससे आम उपभोक्ता, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

लोकदल ने कहा कि जब देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से जूझ रही है, तब सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह लोगों को राहत दे। लेकिन इसके उलट सरकार बड़े कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाली नीतियां बना रही है। हमने ने मांग की है कि गैस और सिलेंडर के दामों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए और आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# 'प्रोजेक्ट गंगा' से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, हिंदुजा ग्रुप से हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इस परियोजना के तहत अगले 2झ्र3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें महिलाओं की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार होने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज का यह एमओयू उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कभी तकनीक के क्षेत्र में पीछे रहने के कारण भारत को विकासशील देश के रूप में देखा जाता था, लेकिन पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में हुए परिवर्तन ने दुनिया की धारणा बदल दी है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की है और यदि रोजगार तकनीक के माध्यम से मिलता है तो वह और अधिक प्रभावी और स्थायी होता है।

प्रोजेक्ट गंगा (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत लगभग 20 लाख घरों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे करीब एक करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही 8 से 10 हजार युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जाएगा, जबकि महिलाओं की भागीदारी को भी विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचने से डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन व्यवसाय, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के नए अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि ब्रॉडबैंड सुविधा गांव-गांव तक पहुंचे और युवाओं को तकनीक आधारित रोजगार मिल सके। युवाओं को डिजिटल उद्यमिता से जोड़ने के लिए सरकार आर्थिक सहयोग भी दे रही है। जनवरी 2024 में शुरू की गई योजना के तहत युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ अब तक एक लाख से अधिक लोग ले चुके हैं।

उन्होंने आग्रह किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया जाए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें। वित्त मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दो से तीन वर्षों में प्रोजेक्ट गंगा उत्तर प्रदेश में डिजिटल सशक्तिकरण और रोजगार सृजन का बड़ा आधार बनेगा। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह एमओयू डिजिटल डिवाइड और संभावित एआई डिवाइड को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से गांवों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ओटीटी सेवाएं और हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचेगा। इससे ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल सेवाओं, यूट्यूब और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से आय अर्जित करने के नए अवसर बनेंगे।

# अब सामान्य व्यक्ति भी बुक कर सकेंगे सर्किट हाउस

- पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस की बुकिंग व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग सेवा शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत अब प्रदेश के 21 सर्किट हाउसों और 334 गेस्ट हाउसों में कमरे ऑनलाइन बुक किए जा सकेंगे। बुकिंग प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो जाने से सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में कमरों की बुकिंग पहले की तुलना में अधिक आसान, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो जाएगी।

सरकार के पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के विजन के तहत लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सभी सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस में बुकिंग की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए विभाग ने एक एकीकृत वेब-आधारित सर्किट हाउस सूचना प्रणाली तैयार की है। उपयोगकर्ता को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल टाइम रूम अवेलेबिलिटी डैशबोर्ड और लाइव रूम स्टेटस की जानकारी मिलेगी। जिससे यह आसानी से पता किया जा सकेगा कि किस सर्किट हाउस में कितने कमरे उपलब्ध हैं।

यह प्रणाली सर्किट हाउस के कमरों, भोजन और अन्य संसाधनों के प्रबंधन को डिजिटली संचालित करती है, जो पहले ईमेल या कॉल के माध्यम से मैनुअल तरीके से की जाती थी। ऑनलाइन बुकिंग के साथ पेमेंट और रिकॉर्ड मैनेजमेंट की व्यवस्था को भी पूरी तरह डिजिटल बना दिया गया है। बुकिंग के समय आवेदक को अपना पहचान पत्र या अधिकृत पत्र अपलोड करना होगा। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। भुगतान के बाद ई-मेल तथा एसएमएस के माध्यम से स्वतः रसीद प्राप्त हो जाएगी। इसके साथ ही डिजिटल लेजर में सभी लेनदेन का रिकॉर्ड रखा जाएगा और राजस्व की निगरानी भी की जाएगी। विभाग के मुख्यालय और जिला स्तर पर केंद्रीकृत डैशबोर्ड के माध्यम से सभी बुकिंग और राजस्व की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इससे राजस्व के नुकसान को रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नई व्यवस्था से परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग, राजस्व में वृद्धि, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। साथ ही आम लोगों को सरल तरीके से सुविधा का लाभ भी मिल सकेगा। सर्किट हाउस के कुछ कमरे वीआईपी दौरे और आपातकालीन सरकारी उपयोग के लिए आरक्षित रहेंगे, जबकि शेष कमरे सामान्य व्यक्ति के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे। लोग सर्किट हाउस सूचना प्रणाली की ओर से जारी की गई वेबसाईट पर जा कर आसानी से कमरे बुक कर सकेंगे। साथ ही विशेष परिस्थितियों में जिला प्रशासन की अनुमति से ऑन-द-स्पॉट बुकिंग भी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा सकेगी। वीआईपी दौरे या प्रशासनिक आवश्यकता की स्थिति में पहले से हुई किसी बुकिंग को रद करने का भी अधिकार जिला मजिस्ट्रेट को है।

# गृहकर बकाये पर कई प्रतिष्ठान सील



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने गृहकर बकाया वसूली को लेकर सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-2 क्षेत्र में चार बड़े प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। अभियान के तहत वार्ड राजा बाजार के मोहल्ला जनता नगरी स्थित भवन संख्या 195/जीबी में संचालित यूपी शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के प्रतिष्ठान को सील किया गया। इस भवन पर 46.81 लाख रुपये से अधिक का गृहकर बकाया था। इसके अलावा उसी परिसर में स्थित भवन संख्या 195/जीबी/डी में संचालित माध्यमिक राज्य पुस्तकालय सहयोग इकाई पर 17.68 लाख रुपये का बकाया होने के कारण उसे भी सील कर दिया गया।

इसी परिसर में स्थित भवन संख्या 195/जीबी/बी में संचालित राजकीय जिला पुस्तकालय पर 23.60 लाख रुपये का गृहकर बकाया पाया गया, जिसके चलते नगर निगम ने इसे भी सील कर दिया। इसके अलावा वार्ड अंबेडकर नगर के तालकटोरा रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कृषि इंजीनियरिंग प्रतिष्ठान पर 94.04 लाख रुपये का गृहकर बकाया होने के कारण उस भवन को भी सील किया गया। अभियान जोनल अधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी, राजस्व निरीक्षक नमिता सिंह और शुभम यादव की टीम ने चलाया। अलीगंज में एक बारातघर सील कराया गया।

इसी क्रम में जोन-4 में हाउस टैक्स के बड़े बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी जोन-4 शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने तीन बड़े बकाएदार संस्थानों के भवनों को सील कर दिया। नगर निगम की टीम ने उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर, ट्रांसमिशन भवन तथा यूपीएसआईडीसी (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम) के भवन को गृहकर का भारी बकाया होने के कारण सील करने की कार्रवाई की।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इन संस्थानों पर लंबे समय से गृहकर का बकाया चल रहा था और कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं किया गया, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर पर कुल 1 करोड़ 23 लाख 93 हजार 473.92 रुपये का गृहकर बकाया है। इसके अलावा ट्रांसमिशन भवन पर 22 लाख 22 हजार 501 रुपये का गृहकर बकाया है।

वहीं यूपीएसआईडीसी के भवन पर 52 लाख 735.41 रुपये का गृहकर बकाया पाया गया है। लगातार नोटिस जारी करने और कर जमा करने के लिए समय दिए जाने के बाद भी भुगतान नहीं होने पर इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई। इस अभियान में कर अधीक्षक बनारसी दास और राजस्व निरीक्षक (आरआई) अजय वर्मा ने मौके पर पहुंचकर सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए भवनों को सील कर दिया।

# रेरा ने दो बिल्डरों पर 2.43 करोड़ का जुर्माना लगाया

**लखनऊ।** यूपी रेरा ने नियमों की अनदेखी करने वाले दो प्रमोटरों पर कार्रवाई करते हुए 2.43 करोड़ रुपये से अधिक का अर्थदण्ड लगाया है। यह कार्रवाई परियोजनाओं की अनिवार्य त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट यूपी रेरा के वेब पोर्टल पर अपलोड न करने के कारण की गई। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ता हितों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दो परियोजनाओं पर लगा भारी जुमार्नाः पहले मामले में लखनऊ स्थित अर्पिता इन्फिनिटी परियोजना के प्रमोटर मेसर्स सुशील कुमार कटियार पर 16.25 लाख रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

यह परियोजना 10 जुलाई 2024 से शुरू हुई थी और इसकी निर्धारित पूर्णता तिथि 31 जनवरी 2027 है। जांच में पाया गया कि प्रमोटर ने लगातार चार तिमाहियों की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं की, जबकि प्राधिकरण की ओर से कई बार नोटिस भेजे गए थे। दूसरे मामले में गणपति स्मार्ट सिटी परियोजना के प्रमोटर मेसर्स गणपति इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड पर ?227.25 लाख का जुमार्ना लगाया गया। यह परियोजना 30 सितम्बर 2024 से शुरू हुई थी और इसकी पूर्णता तिथि 24 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। प्रमोटर द्वारा तीन तिमाहियों की क्यूपीआर पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई थी। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि नियमों का पालन न करने वाले प्रमोटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सरकार के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व में 415.18 करोड़ की बढ़ोतरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को बताया है कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी में कुल 18412.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी में 17997.07 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के फरवरी में 415.18 करोड़ रुपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 196653.27 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य का 73.2 प्रतिशत है।



वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी से फरवरी 2026 में 7202.36 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष फरवरी, 2025 में 6847.67 करोड़ रही थी। फरवरी में आबकारी व परिवहन की राजस्व वसूली कम हुईवैट से फरवरी, 2026 में 2525.87 रुपये करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष फरवरी, 2025 में 2530.76 करोड़ रही थी। आबकारी के तहत फरवरी, 2026 में 4503.68 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष फरवरी, 2025 में 4928.72 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन से फरवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति 2731.95 करोड़ है जबकि गत वर्ष फरवरी, 2025 में 2305.25 करोड़ रही थी।

परिवहन से फरवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति 1076.38 करोड़ है जबकि गत वर्ष फरवरी में 923.40 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म से फरवरी, 2026 में 372.01 करोड़ है जबकि गत वर्ष फरवरी 461.27 करोड़ रही थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में फरवरी तक कर राजस्व के कुल 196653.27 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जो फरवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य 268575.78 करोड़ के सापेक्ष 73.2 प्रतिशत है।

# कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 108.39 करोड़ मंजूर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और कृषकों की समृद्धि के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कुल 108.39 करोड़ रुपये (10839.17 लाख रुपये) की महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। यह धनराशि विभिन्न केंद्रीय और राज्य प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में उन्नत कृषि तकनीकों और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।



जारी की गई वित्तीय स्वीकृतियों में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजना के अंतर्गत संचालित 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैकेनाइजेशन' के लिए सर्वाधिक 40.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्यूज योजना के मानक मद-27 (सब्सिडी) के लिए 35.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के अंतर्गत इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्यूज हेतु 'प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन' के मानक मद-27 (सब्सिडी) के लिए 13.85 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

वित्तीय स्वीकृतियों के अगले चरण में, नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैकेनाइजेशन के मानक मद-27 हेतु 11.90 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस अवसर पर कहा कि इन स्वीकृतियों से प्रदेश के किसानों और कृषि क्षेत्र का वास्तविक उत्थान सुनिश्चित होगा।

# हाईकोर्ट ने डीएम को किया तलब

- सड़क के लिए बिना अधिग्रहण ला मार्टिनियर की जमीन लेने के प्रयास का आरोप

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जिलाधिकारी लखनऊ को मंगलवार को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामला राजधानी के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान ला मार्टिनियर की जमीन बिना किसी प्रक्रिया का पालन किये, लेने के प्रयास के आरोपों से संबंधित है। न्यायालय ने मामले में संबंधित जमीनों के पैमाईश के आदेश दिए थे, जिसका अनुपालन न होने पर उपरोक्त आदेश दिया है। मामले की सुनवायी आज होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने ला मार्टिनियर कॉलेज की याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि कोठी मार्टिन साहब, गणेशगंज स्टेशन में कॉलेज की जमीनें हैं, जहां से ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के तहत सड़क व फ्लाई ओवर का निर्माण किए जाने की सरकार की योजना है। कहा गया कि उक्त निर्माण संस्थान की मालिकाना हक वाली जमीनों पर किया जा रहा है जबकि एलडीए, जिला प्रशासन अथवा राज्य सरकार ने इसके लिए न तो संस्थान की सहमति प्राप्त की है और न ही कोई अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की है। याचिका पर सुनवायी करते हुए, 27 फरवरी को न्यायालय ने प्रश्नगत जमीनों के पैमाईश का आदेश दिया था तथा कहा था कि राज्य सरकार के अधिकारियों व संस्थान के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी, सदर पैमाईश कर रिपोर्ट कोर्ट को देंगे।

सोमवार को मामले की सुनवायी के दौरान संस्थान की ओर से एलडीए वीसी द्वारा मुख्य सचिव जो लखनऊ मार्टनीयर चैरिटीज के पदेन वरिष्ठ ट्रस्टी भी हैं, को 27 फरवरी को भेजा गया एक पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें संस्थान की जमीनों पर नौ पिलर्स के निर्माण की सहमति मांगी गई है। आरोप लगाया गया कि बिना प्रक्रिया का पालन किये संस्थान की जमीनों पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। वहीं न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से पैमाईश के संबंध में पूछा तो उनका जवाब था कि अभी तक पैमाईश की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।

# आईटी सिटी योजना में किसानों को आवंटित किये भूखण्ड

- लैंड पूलिंग नीति के तहत भूमि देने वाले भू-स्वामियों को मिले प्लाट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लैंड पूलिंग नीति के तहत लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना के भूखण्डों का सोमवार को लॉटरी से आवंटन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम हॉल में हुयी लॉटरी में आवेदकों के हाथों से ही पर्चियां निकलवायी गयीं। पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से हुई लॉटरी में अपने नाम की पर्ची खुलते ही किसी का चेहरा खिल उठा तो किसी की आंखों में खुशी के आंसू छलक आये। सुल्तानपुर रोड पर 3490 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस योजना के लिए जिन किसानों एवं भू-स्वामियों ने अपनी भूमि का अनुबंध दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक प्राधिकरण के पक्ष में करा दिया था, उनको लैंड पूलिंग नीति के तहत सबसे पहले भूखण्ड आवंटित किये गये।





लॉटरी ड्रॉ आयोजन के कार्यक्रम में एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, अपर सचिव सी०पी० त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी रविनंदन सिंह, प्रभारी - अर्जन (आई0टी0 सिटी) विपिन कुमार शिवहरे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आई0टी0 सिटी योजना में 288, 200, 162, 128, 72 एवं 35 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 6 श्रेणियों के आवासीय भूखण्डों की लॉटरी का कार्यक्रम कराया गया, जिसमें 288 वर्गमीटर के 251, 200 वर्गमीटर के 28, 162 वर्गमीटर के 26, 128 वर्गमीटर के 51, 72 वर्गमीटर के 93 एवं 35 वर्गमीटर के 100 विकसित भूखण्डों का आवंटन किया गया। जिसमें मोहनलालगंज तहसील के ग्राम- परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, मोहारी खुर्द, मोहारीकला, रकीबाबाद, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा एवं सोनई कंजेहरा की जमीन सम्मिलित है।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि आईटी सिटी योजना के लिए सेक्टर-15, 16, 17, 18 एवं 30 में भूखण्ड नियोजित किये गए। उन्होंने बताया कि 350 भू-स्वामियों ने लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी लगभग 550 एकड़ भूमि का एग्रीमेंट किया। आईटी सिटी योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी है। योजना के भूखण्ड स्वामियों की ओर से एलडीए से 31 जनवरी, 2026 तक अनुबंध हुए थे, उन आवेदकों को खुले मंच पर बुलाकर उन्हीं के हाथों से लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकलवायी गयी। साथ ही साथ पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया गया। एलडीए ने जिस पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ आईटी सिटी योजना के भूखण्डों की लॉटरी करायी, उसकी सबने जमकर सराहना की। लॉटरी में सफल रहे प्रदीप कुमार सिंह एवं संतोष कुमार ने बताया कि पूरी व्यवस्था बहुत अच्छी थी। कई आवेदक ऐसे थे, जो यू-ट्यूब पर लाइव प्रसारण में अपना नाम देखकर लॉटरी स्थल- मार्स ऑडिटोरियम हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे।

# टीबी मरीजों को पुष्टाहार पोटली बांटी

**लखनऊ।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा लखनऊ की ओर से गोद लिए गए टीबी (क्षय रोग) मरीजों को पुष्टाहार पोटली का वितरण टीबी हॉस्पिटल, ठाकुरगंज, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपचाररत मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना था।





सचिव अमरनाथ मिश्र की ओर से टीवी मरीजों को समय पर दवा लेने, पौष्टिक आहार करने तथा डॉक्टरों के निदेशों का नियमित पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि सही उपचार और सावधानियों के साथ टीबी रोग पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे जनसेवा कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर मरीजों का उत्साहवर्धन किया तथा नियमित दवा और संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरनाथ मिश्र, ऋतुराज रस्तोगी, आलोक सक्सेना, मनोज तिवारी, हरिराम, मनीष शुक्ला उपस्थित रहे।

# अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी
# लोकबंधु में जमीन पर बैठे रहे मरीज



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मौसम के बदलाव और त्योहार में खान-पान के वजह से अस्पतालो मे अचानक मरीजों की संख्या बढ़ गयी है। मौसम में अचानक बदलाव (गर्मी-सर्दी) के कारण लखनऊ के अस्पतालों बुजुर्गो और नौजवानों कि संख्या बढ़ी है। वायरल संक्रमण, खांसी, जुकाम, बुखार, और सांस संबंधी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिससे ओपीडी में भीड़ दोगुनी हो गई है।

लोकबन्धु अस्पताल में मरीजो की संख्या सोमवार को इतनी बढ़ गयी कि दो सौ से अधिक मरीजो को एक डाक्टर लाईन लगाकर देखते नजर आये। नाक, कान और गले के डाक्टर के सामने सबसे ज्यादा बुजुर्ग खड़े रहे जो खड़े नही हो पर रहे थे वो जमीन पर ही बैठेकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जब इस बारे में डाक्टरो से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि त्योहार के बाद मरीजो की संख्या बढ़ी है।

**बदलते मौसम में बढ़ीं बीमारिया :** वायरल फीवर, फ्लू, सर्दी-खांसी, गले में संक्रमण और दस्त के मरीजों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। प्रभावित आयु वर्ग बच्चों और बुजुर्गों में सबसे ज्यादा मामले देखे जा रहे हैं। मौसम का तापमान और आर्द्रता में अचानक बदलाव, जिससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है।

**अस्पतालों में भीड़:** यूपी के कई अस्पतालों में अलग-अलग हिस्सों में ओपीडी में मरीजों की संख्या 200-300 से बढ़कर 450-500 के पार पहुँच गई है, जिससे डाक्टरो ने अगले दिन का तारीख दिया।

**डॉक्टर्स की सलाह :** पर्याप्त तरल पदार्थ (पानी, जूस) पिएं, सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े पहनें, ताजा और गर्म भोजन खाएं, लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से लें सलाह।

# अगले वर्ष पूरे लखनऊ की होगी एक साथ होगी होली : मेयर

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में सोमवार को नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। महापौर ने घोषणा की कि अलग-अलग संस्थाएं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करते हैं, लेकिन अगले वर्ष से पूरे लखनऊ की होली एक साथ मनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से होली के अवसर पर एक विशाल आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे शहर के लोग शामिल होकर एकता और भाईचारे के रंग में रंगेंगे।

नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्र, महामंत्री कैसर रजा तथा उत्तर प्रदेश स्थानीय कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला और सभी ने होली के रंगों के माध्यम से आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के अनेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें राम कुमार रावत, गोमती त्रिवेदी, शैलेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, अमरेंद्र दीक्षित, सुधाकर मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, पंकज अवस्थी, मनोज वर्मा, विवेक अवस्थी, राजेश सिंह, नितिन त्रिवेदी, सुनील यादव, मनोज मिश्रा, देवेंद्र यादव, सुरेश यादव, बी.पी. मिश्रा, कमल वाल्मीकि, सुनील धानुक, रमाशंकर साहू और सुशील बच्चा समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में पार्षद व नगर निगम अधिकारी भी मौजूद रहे।

भाजपा नेता अमित टंडन की ओर से हजरतगंज स्थित आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में महापौर सुषमा खर्कवाल सम्मिलित हुईं। गोमती नगर विस्तार के छोटा भरवारा स्थित गंगोत्री विहार फेज-1 जनकल्याण एवं योगा समिति की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में महापौर सुषमा खर्कवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। गोमती नगर स्थित होटल में ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसिएशन, लखनऊ जोन की ओर से राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा की गई।

**लिफ्ट नहीं सही करा रहे अफसर, पार्किंग में जनसुनवाई करेंगीं मेयर :** नगर निगम मुख्यालय की एकमात्र लिफ्ट को सही कराने के लिए जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। इसके चलते बुर्जुगों को परेशानी हो रही है। अधिकारियों की लापरवाही से नाराज महापौर ने सोमवार कहा कि अब वह मंगलवार से नीचे पोर्टिको में कुर्सी डालकर बैठेंगी। वहीं जनता की समस्याएं सुनेंगी। सोमवार को नगर निगम मुख्यालय की दूसरी मंजिल स्थित सदन हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर्तमान कर्मचारियों के साथ रिटायर कर्मचारी और बुर्जुग भी पहुंचे थे। महापौर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं, लेकिन लिफ्ट खराब होने के कारण उन्हें भी दो मंजिल तक सीढ़ियां चढ़कर जाना पड़ा। सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते महापौर खुद भी हांफने लगीं, जिसके बाद उनका गुस्सा अधिकारियों पर फूट पड़ा। महापौर ने साफ शब्दों में कहा कि एक महीने से अधिक समय से लिफ्ट खराब है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी इसे ठीक कराने में कोई गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता परेशान है, बुर्जुगों को दिक्कत हो रही है लेकिन अधिकारियों की सेहत पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा। महापौर ने घोषणा की कि मंगलवार से वह नगर निगम के पोर्टिको में, जहां नगर आयुक्त की कार खड़ी होती है, वहीं कुर्सी लगाकर बैठेंगी और जनता की समस्याएं सुनेंगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांकः 2117/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/नि.कार्य/ई-टेण्डर/2025-26** **दिनाँकः 07 मार्च, 2026**

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक- 2116/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक 07 मार्च, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त तथा वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 20 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 09 मार्च, 2026 को अपरान्ह 02:30 बजे से दिनांक 30 मार्च, 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं0-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि / निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/ चरित्र प्रमाण-पत्र / पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30 मार्च, 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहराइच।**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बहराइच।**


# नटखेड़ा रोड में गली का कार्य शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नटखेड़ा रोड आलमबाग मे सोमवार को गुरू नानक नगर वार्ड के पार्षद ने नारियल फोड़कर नटखेड़ा रोड की गली का कार्य शुरू कराया। इस दौरान नटखेडा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोडा सहित क्षेत्र के व्यापारियों परमजीत सिंह, गुरजीत अरोड़ा, विनय अग्रवाल, मोहित जुनेजा और वैभव अभिलाष समेत कई स्थानीय व्यापारी और क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद पियूष दीवान को माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद पियूष दीवान ने कहा यह निर्माण कार्य पार्षद निधि से किया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से गली की मरम्मत और निर्माण की मांग की जा रही थी। अब कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री के0के0 मिश्रा एवं श्रीमती विभा मिश्रा | भवन संख्या-जे-5/6 | पाण्डेय का तालाब कालोनी | 25.09.2018 15.02.2025 | 1. श्री मोहित मिश्रा 2. श्री मयंक मिश्रा | ---- | पुत्र पुत्र |
| 2. | स्व0 सीमा सक्सैना | भवन/भूखण्ड 2/362 | वास्तु खण्ड | 18.01.2026 | श्री रत्नेश कुमार सक्सैना कु0 आरोही सक्सैना | ---- | पति, पुत्री (नाबालिग) |
| 3. | श्री रामेश्वर प्रताप कपूर | भूखण्ड संख्या-सी-116, सेक्टर-जे | अलीगंज योजना | 23.12.2009 | 2. श्री आशीष कपूर | 3. श्रीमती मणिबाला कपूर-पत्नी 4. श्रीमती अंजनी कपूर-वि0पुत्री | मृतक का पुत्र |
| 4. | स्व0 मुरारी लाल पाल | भूखण्ड संख्या-3/109 | विवेक खण्ड गोमती नगर | 21.09.2023 | श्रीमती सरोज पाल श्री आयुष पाल | ---- | पत्नी, पुत्र |
| 5. | श्रीमती आशा सिंह पत्नी डा0 कौशल कुमार सिंह | भवन संख्या-के-20 | सेक्टर-के आशियाना कानपुर रोड योजना | 05.05.2025 | श्री कौशल कुमार सिंह | 1. श्री शेखर सिंह (पुत्र) 2. श्री समीर सिंह (पुत्र) | पति |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रिश्ते हुए शर्मसार: बेटे ने पिता को लाठी से पीटकर मार डाला, आरोपी फरार



● मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव की वारदात

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ-मोहनलालगंज।** कलयुगी बेटे ने एक बार फिर रिश्ते का कत्ल कर दिया। एक पिता के सामने एक बेटे ने पिता को लाठियों से पीट कर दिन-दिहाड़े मौत के घाट उतार दिया। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना यह घटना कोतवाली क्षेत्र के खुजेहटा गांव में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मोहनलालगंज क्षेत्र के खुजेहटा गांव में रामकरन (45) अपनी पत्नी सावित्री और दो बेटों लवकुश व विशाल के साथ रहते थे। छोटे बेटे विशाल के मुताबिक पिता रामकरन का स्वभाव झगड़ालू था और वह अक्सर मां व भाई से झगड़ा करते थे। होली से पहले भी पिता ने मां सावित्री से झगड़ा कर उसे घर से भगा दिया था, जिसके बाद से मां अपने मायके में रह रही थी।

इतना ही नहीं, वह दोनों बेटों को घर में खाना तक नहीं बनाने देता था, जिससे परिवार में तनाव बना रहता था। सोमवार की सुबह जब वो बकरियों को लेकर चराने चला गया था। उसी दौरान घर पर पिता रामकरन और किशोर बेटे लवकुश के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर लवकुश ने लाठी से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता नौमीलाल की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। कुछ देर बाद एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच के लिए नमूने एकत्र किए। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी पोते के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सहित पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

**पिता के सामने बेटे की मौत :** बेटा लवकुश किसी बात को लेकर अपने पिता रामकरन से नाराज था। उसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लवकुश ने लाठी उठा ली। गुस्से में बेकाबू होकर उसने अपने पिता रामकरन पर ताबड़तोड़ लाठी से वार करना शुरू कर दिया।

यह खौफनाक मंजर देखकर मौके पर मौजूद मृतक के पिता नौमीलाल बार-बार चिल्लाते रहे—"मत मारो मेरे बेटा को छोड़ दो, लेकिन पोते ने उनकी एक न सुनी। लगातार लाठी से किए गए हमलों के चलते रामकरन गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया।

यह घटना एक बार फिर इस सवाल को खड़ा करती है कि आखिर रिश्तों में बढ़ती दूरियां और गुस्सा इंसान को किस हद तक अंधा बना देता है, जहां खून के रिश्ते भी पल भर में खत्म हो जाते हैं। पति की मौत की खबर पाकर मायके से घर पहुंची पत्नी सावित्री शव से लिपटकर बिलख पड़ी।

**फांसी लगाकर युवक ने दी जान:** बंथरा थाना में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस का कहना है कि सोमवार सेर रात करीब 02.29 बजे थाना पर पूनम पुत्री जोगेन्द्र रावत निवासिनी ग्राम भदोई थाना बन्थरा ने सूचना दी कि रात करीब 12.30 बजे उनके पिता जोगेन्द्र रावत (45) पुत्र स्व. रघुवीर निवासी बंथरा ने घर के कमरे में लगे छत के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्जा पुलिस में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**टीले वाली मस्जिद के पास मिला युवक का शव:** चौक थाना क्षेत्र में सोमवार को टीले वाली मस्जिद के सामने ई-रिक्शा स्टैंड पर अज्ञात पुरुष का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस का कहना है कि सोमवार को समय करीब 12:30 बजे थाना चौक को सूचना मिली कि टीले वाली मस्जिद के सामने खड़े ई-रिक्शा स्टैंड पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना प्राप्त होते ही चौकी इंचार्ज रूमी गेट मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर देखा कि एक अज्ञात पुरुष (उम्र लगभग 38- 40 वर्ष) का शव मुंह के बल जमीन पर पड़ा हुआ था। मृतक के शरीर पर कोई भी स्पष्ट बाहरी चोट का निशान नहीं पाया गया है।

मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर शिनाख्त कराने के लिए मोर्चरी हाउस भेजा गया है। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किया जा रहा है।

## मोहनलालगंज में डबल मर्डर से सनसनी, मां-बेटे की हत्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी कस्बे में सोमवार देर शाम दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। गांव में एक घर के अंदर मां और उसके दिव्यांग बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार हमलावरों ने दिवंयग बेटे की पानी से भरे टब में डिबोकर हत्या की, जबकि महिला का शव बिस्तर पर निवस्त्र पड्ढा मिला है। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें।

डबल मर्डर की इस वारदात से सिसेंडी समेत आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हत्या के पीछे की वजह तलाशने में जुटी हुई है। बताते हैं कि सिसेंडी में एक इकबाल अहमद रहते थे। उनकी चार पांच साल पहले मौत हो चुकी है। उन्होंने दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी आसिया की मौत के बाद दूसरी शादी की थी। घर में उनका द्विवयांग बेटा व पत्नी रहती थी। बेटा अंधा है। सोमवार रात तक घर की बिजली नहीं जली तो पड़ोसियों ने जाकर देखा घर में उनकी पत्नी निर्वस्त्र मृत पड़ी थी और बेटा एक नांद में मुंह के बल पड़ा मिला।

## रील बनाने के लिए दादा के असलहों से की फायरिंग, दो भाई गिरफ्तार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दादा के असलहों से फायरिंग कर रील बनाने के मामले में जानकीपुरम पुलिस ने वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल होने के बाद दो भाइयों नीरज और पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस वीडियो दो साल पुराना बता रही है, जिसमें दो भाईयों ने अपने दादा की बंदूक और रिवाल्वर से दो भाई फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने असलहों को जब्त करने और लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ था। पुलिस ने उस वीडियो की जांच की तो पता चला कि वीडियो काफी पुराना है। युवकों ने रील बनाने के लिए फायरिंग की थी। पुलिस अब दोनों असलहों को जब्त करने के साथ लाइसेंस के निरस्त्र कराने की प्रतिक्रिया शुरू करेंगी। फायरिंग करने वाले दोनों भाइयों की पहचान नीरज कुमार रावत और पंकज कुमार रावत निवासी तिवारीपुर गांव थाना जानकीपुरम के रूप में हुई है।

पुलिस दोनों भाइयों को पकड़ने के लिए उनके घर तिवारीपुर गांव पहुंची और दोनों भाइयों को बुलाकर सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को दिखाया।

दोनों भाइयों ने वीडियो देखकर उसे पहचान लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि बंदूक और रिवाल्वर दादा शत्रोहन की है। उनके पास दोनों असलहों का लाइसेंस दादा के नाम पर है। पुलिस ने आरोपियों के दादा को पूछताछ के लिए बुलाया तो उन्होंने बताया कि बंदूक और रिवाल्वर की सफाई दोनों नाती नीरज और पंकज करते है। उन्होंने बताया कि यह वीडियो करीब दो साल पुराना है। असलहों की सफाई के बाद उन्हें चेक करने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की थी। फायरिंग करते हुए दोनों पोते ने परिवार के लोगों से मोबाइल पर रील बनाने को कहा। रील बनाने के बाद दोनों ने इस वीडियो को अपने फेसबुक में डाल दिया। इसके बाद किसी ने यी वीडियो वहां से निकलकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। पुलिस गोलियां तड़तड़ाने वाले दोनों भाइयों को थाने ले गई। जानकीपुरम इंस्पेक्टर ने बताया कि सोशल मीडिया पर गोली चलने का वीडियो वॉयरल हुआ था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दोनों असलहों को जब्त करने के साथ लाइसेंस के निरस्त्र कराने की प्रतिक्रिया शुरू करेंगी।

### मोबाइल लुटेरे को पुलिस ने पकड़ा

लखनऊ। मड़ियांव पुलिस ने सर्विलांस टीम डीसीपी उत्तरी के साथ संयुक्त रूप से मोबाइल छिनैती करने वाले लुटेरे को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से वादी का छीना गया ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि 30 जून को कैलाश पुत्र स्व. फत्ते निवासी बन्नौर थाना बीकेटी ने तहरीी देते हुए बताया कि ओप्पो कंपनी मोबाइल फोन दो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों ने छीन लिया और बाइक से फरार हो गए। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान महादेव होटल चौराहा क्षेत्र में सूचना मिलते ही घेराबन्दी कर राहगीरों से मोबाइल छीनने वाला एक व्यक्ति सेक्टर-ई, यूपी महोत्सव मेला मैदान के पास दबोच लिया। उसने अपना नाम नकुल कश्यप उर्फ संजय बताया। जामा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01 ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया।

## घरेलू विवाद से त्रस्त विवाहिता ने फंदे से लटक गंवायी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रविवार रात्रि एक विवाहिता ने घरेलू विवाद से परेशान होकर घर में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक अपनी जान गंवा दी। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने फंदे से उतार इलाज के लिए नजदीकी रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित हरचनपुर गढ़ी कनौरा में रहने वाली स्मृति रावत (35) पत्नी जितेंद्र रावत ने अपने घर में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फंदा बना आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने विवाहिता को फंदे से उतार पास के ही रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के तीन बच्चे है। एसआई संदीप कुमार के मुताबिक मृतका आशियाना स्थित अपने मायके में अपने एक पूर्व परिचित युवक से अक्सर बात चित किया करती थी जिस कारण घर में आए दिन कलह होता रहता था और इस कलह से तंग आकर फांसी लगा अपनी जान दे दी। आलमबाग कोतवाली प्रभारी राम बाबू सिंह ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष से किसी प्रकार का कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

**सैरपुर पुलिस ने मोबाइल लुटेरे को दबोचा:** सैरपुर पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम (डीसीपी उत्तरी) ने संयुक्त कार्रवाई कर झपटमारी करने वाले दो शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया और एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया है। अभियुक्त के कब्जे से झपटमारी कर लूटा गया एनड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 18 अक्टूबर 2025 को पीड़ित पवन सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी पतारा कला थाना कमलापुर जनपद सीतापुर की तहरीर के आधार पर थाना सैरपुर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू की। इसी क्रम में सोमवार को थाना सैरपुर पुलिस टीम ने वांछित/वारंटी की तलाश में वाहन चेकिंग शुरू की, उसी दौरान कमलाबाद बढ़ौली तरहिया मोड़ के पास सूचना मिली कि जिन तीन व्यक्तियों ने सेवा हॉस्पिटल, सीतापुर रोड के पास से सिल्वर रंग का मोबाइल छीना था, वे तीनों एक काले रंग की टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल व मोबाइल के साथ कंट्री क्लब मोड़ की ओर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बताए गए व्यक्तियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विकास पुत्र पंकज सिंह निवासी ग्राम ओलरापुर थाना मैंगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी, अरुण कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी घैला थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर व एक नाबालिग बाल अपचारी (उम्र करीब 16 वर्ष) बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल फोन (सिल्वर रंग) बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल से राह चलते लोगों से मोबाइल फोन झपट लेते थे और बाद में उन्हें बेच देते थे। लगभग 5 माह पूर्व सेवा हॉस्पिटल के पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया जो उन्होंने मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखा था।

## शिवालय से घंटा चोरी

लखनऊ। बन्थरा क्षेत्र में शातिर चोरों के गिरोह ने अपनी सक्रियता बढा कर पैर पसारना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में चोरों ने जहाँ घरों में घुसकर रात्रि में चोरी करते रहते हैं, वहीं पर अब उनकी पैनी नजरों में भगवान के मंदिर भी समा गये हैं। शिवालयों के अन्दर लगे पीतल के घण्टे जिन्हें श्रद्धालु भक्तगण लगा जाते हैं.। उन्हीं बहुमूल्य धातु से निर्मित घण्टों को चुराकर बेचने की योजना फलीभूत की है। ऐसी ही एक घटित घटना की तहरीर पुलिस चौकी, हरौनी बन्थरा में स्थानीय निवासी जितेन्द्र गुप्ता ने दी है। गुप्ता के अनुसार उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित कराया गया प्राचीन शिवमंदिर घर के सामने बना है। बीती रात्रि में मौका पाकर अज्ञात शातिर चोरों ने शिवालय के अन्दर पीतल से निर्मित लगे घण्टा को चुराकर ले गये।

## हिन्दू लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण का प्रयास, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर नफीस दिल्ली ले गया, वहां अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर उस पर धर्मांतरण व निकाह का दबाव बनाया। विरोध करने पर युवती को पीटा। युवती और उसके परिवारीजनों ने यह आरोप लगाते हुए जानकीपुरम थाने में शिकायत की। आरोप है कि सुनवाई न होने पर बजरंग दल कार्यकताओं के साथ रविवार रात थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती के भाई के अनुसार नफीस खान क्षेत्र में ही रहता है। उसने बहन को प्रेमजाल में फंसाकर बीते माह अपने साथ दिल्ली ले गया। वहां उसने उस पर धर्मांतरण और निकाह करने का दबाव बनाया। विरोध पर मारपीट कर प्रताड़ित करने के साथ ही अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देता था। बहन को घर से निकलने नहीं दिया। किसी तरह बहन वहां से भागकर निकली उसने फोन कर जानकारी दी। परिवारीजन दिल्ली पहुंचे और उसे वहां से लेकर आ गए। बहन ने घर लौटकर सारी जानकारी दी। इसके बाद 21 फरवरी को आरोपी नफीस के खिलाफ तहरीर लेकर जानकीपुरम थाने पहुंचे।

थाने में तहरीर लेकर रख ली पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। लगातार धमकियां मिल रही थी। रविवार रात बजरंगदल कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। वहां थाने पर धरने पर बैठ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**नाबालिग का शोषण करने वाला गिरफ्तार:** नाबालिग के अपहरण और शोषण मामले का आरोपी चिनहट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अमन प्रजापति को पैतृक गांव बरेठी (बाराबंकी) से पुलिस ने दबोचा है। कस्बा चौकी प्रभारी तेज कुमार शुक्ला ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद किया है।

चिनहट पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए न सिर्फ 24 घंटे के भीतर पीड़िता को बरामद किया, बल्कि मुख्य आरोपी को भी सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**मारपीट करने वाले आठ गिरफ्तार:** मोहनलालगंज के रंजीतखेड़ा में होली के दिन दंपति की पिटाई के मामले में पीड़िता ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह घटना पुरानी रंजिश को लेकर हुई है। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के अनुसार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा रंजीतखेड़ा निवासी सुखराम व उसकी पत्नी राधा की पड़ोसी ने पिटाई कर दी थी। मामला सोशल मीडिया में वॉयरल होने के बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के आरोपी राजाराम, धर्मपाल उर्फ करन रावत, सूरज, विशुनलाल, रामहर्ष, अरुन, शिवम व सुनील को शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## ठेकेदार ने बिना परमिट कटवाये हरे पेड़, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ- माल।** थाना क्षेत्र के रसीद खेडा गांव में गत रात लकड़ी ठेकेदार ने बिना परमिट हरे पेडों पर चलवाया आरा। वन दरोगा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्र की मंझी पंचायत के मजरे रसीद खेडा गाँव निवासी किसान मुन्नी लाल पुत्र बैजू के डेढ़ दर्जन आम के व तीन पेड़ गूलर के काटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर वन दरोगा दिलीप सिंह ने आस पास लोगों से पता किया। तो मालूम चला कि अटरिया गाँव निवासी राजापूत पुत्र मेवालाल ने चोरी से पेड़ कटवा कर लकड़ी उठा ले गया है। जिसकी वन दरोगा द्वारा लिखित शिकायत पर पुलिस ने वन उपज संरक्षण अधिनियम के तहत धारा4/10व3/28 के तहत मुकदमा दर्ज किया। सूत्रों के अनुसार मिलीजानकारी कि सैदापुर चौकी से मात्र दो किलोमीटर दूरी पर अवैध पेडों पर आरा चलाता रहा और लकड़ी ठेकेदार लकड़ी कटवा कर उठा ले गया। सबसे बड़ी बात यह है कि लकड़ी डालों मे लादकर सैदापुर चौकी के सामने निकलते रहा, लेकिन पुलिस अनजान बनी रही। इस तरह से अधिकारी जिम्मेदार निभा रहे हैं, जबकि बताया जा रहा कि बिना पुलिस की जानकारी के एक भी पेड़ नहीं कट सकता हैं।

### न्यायालय सूचना

**अतिरिक्त न्यायालय सं. 1 आगरा केस सं. 21132 सन 2023**
**सुनील बनाम कन्हैया**
**अ. धारा- 138एनआई एक्ट**
**थाना- रकाबगंज, आगरा।**
**ता. पेशी - 10.03.2026**

अभियुक्त सम्पत्ति की उपसंगति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारायें 82, अनुसूची 5, प्रपत्र संख्या 4)
न्यायालय मजिस्ट्रेट
चूंकि मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि कन्हैया गुलाटी पुत्र स्व. शेखर गुलाटी चेयरमैन मै. कैनविज इण्डस्ट्रीज प्रा. लि.,30 बी शेखर प्राइड स्कूल शाहदरा कॉलोनी , स्टेडियम रोड़ बरेली (उप्र ) द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा के अधीन दण्डनीय अपराध किया गया है और तदुपरि निकाले गये गिरफ्तारी के किये जाने का सन्देह किया जाता अधिपत्र को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त को पाया नहीं जा सका है और चूंकि समाधानप्रद रूप में यह सन्दर्भित कर दिया गया है कि उक्त अपपलायन कर गया है। हफ्त अधिपत्र की तामील से बचने के लिये अपने को छिपा रहा है। अतएव एतद् द्वारा उद्घोषण की जाती है कि यह .............. निवासी ................. से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 10 मास 3 सन 2026 ई. को इस न्यायालय में मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए उपस्थित हो। सन 2026 ई. के 2 मास के 27 दिवस को दिनांकित।

**मजिस्ट्रेट**
**अतिरिक्त न्यायालय सं. 1 आगरा।**

## पुलिस मुख्यालय में धूमधान से मनाया गया होली मिलन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश में सोमवार को पुलिस महानिदेशक उ.प्र. ने कर्मचारियों के साथ होली मिलन समारोह में भाग लिया।

सोमवार को पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार में आयोजित होली मिलन समारोह अत्यन्त हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ.प्र. राजीव कृष्ण ने सभी पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। पुलिस महानिदेशक उ. प्र. ने समारोह में उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट कार्यों की मुख्यमंत्री उ.प्र. ने विभिन्न मंचों पर सराहना की है, जो समस्त पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि प्रसेश सरकार ने यूपी पुलिस को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित किया गया है। इससे पुलिस बल की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, दक्ष तथा समन्वित बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

पुलिस महानिदेशक ने यह भी कहा कि पुलिस कर्मियों की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 1384 भवनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। इससे पुलिस कर्मियों की आवासीय सुविधाओं आदि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पुलिस महानिदेशक उ.प्र. ने पुलिस बल के सर्म्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए सभी को उत्साह और सकारात्मकता के साथ अपने कर्तब्यों के प्रति प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 15 स्कूलों के प्रतिनिधियों को दिया जा रहा ट्रैफिक मार्शल का प्रशिक्षण




**लखनऊ।** शहर की यातायात व्यवस्था को विशेष कर स्कूलों के खुलने एवं बंद होने के समय स्कूलों के आसपास के मार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके तहत स्कूलों से भेजे गए गार्ड्स को ट्रैफिक मार्शल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात) कमलेश दीक्षित के निर्देशन में राजधानी के विभिन्न विद्यालयों द्वारा नियुक्त किए गए ट्रैफिक मार्शलों के लिए यातायात पुलिस लाइन में 28 फरवरी से 7 कार्य दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में शहर के 15 विद्यालयों ( लोरेटो कॉन्वेंट कॉलेज, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, उटर (गोमती नगर विस्तार, स्टेशन रोड, विशाल खंड), सेठ एम.आर. जयपुरिया, एल.पी.एस., लॉ मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, एस.के.डी. एकेडमी, जोसेफ इंटर कॉलेज, सेंट फ्रांसिस कॉलेज, लोरेटो इंटरनेशनल स्कूल, एल.पी.एस. साउथ सिटी, माउंट कार्मल कॉलेज) के कुल 89 ट्रैफिक मार्शल इस प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण को दो मुख्य भागों में विभाजित किया गया है, ताकि ट्रैफिक मार्शल धरातल पर प्रभावी कार्य कर सकें। आंतरिक कक्षा (इण्डोर सेशन) में ट्रैफिक मार्शलों को यातायात नियमों की सैद्धांतिक जानकारी, सड़क सुरक्षा के मानक, यातायात संकेतों का ज्ञान तथा आपातकालीन स्थितियों से निपटने के कौशल सिखाए जा रहे हैं। इसी तरह बाह्य कक्षा (आउट डोर / फील्ड सेशन) के अंतर्गत ट्रैफिक मार्शलों को विद्यालय के निकटवर्ती चौराहों एवं तिराहों पर ले जाकर भौतिक रूप से यातायात संचालन का अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों में भीड़ को नियंत्रित कर सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली वाहनों के कारण लगने वाले जाम की समस्या को समाप्त करना तथा छात्रों व अभिभावकों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण उपरांत ये ट्रैफिक मार्शल विद्यालयों द्वारा विद्यालयों के खुलने एवं बंद होने के समय यातायात व्यवस्था हेतु नियुक्त किए जाएंगे। विद्यालयों द्वारा इन ट्रैफिक मार्शल से विद्यालय के खुलने एवं बंद होने के समय यातायात व्यवस्था के अतिरिक्त कोई अन्य कार्य नहीं लिया जाएगा तथा अन्य समयों में भी कोई अतिरिक्त कार्य नहीं कराया जाएगा जिससे कि ट्रैफिक मार्शल थक कर उनके मूल भूत कार्य (यातायात व्यवस्था) को करने में असमर्थ हो जाए।

# शीतला सप्तमी की पूजा आज, भक्त लगायेंगे मां को बासी भोग





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बसौड़ा का पर्व हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन माता शीतला की पूजा की जाती है। उन्हें बासी खाने का भोग लगाया जाता है। इसलिए इसे शीतला अष्टमी भी कहा जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाता है। आमतौर पर होली से आठ दिन बाद यह त्योहार पड़ता है। लेकिन, कई लोग इसे बोले के बाह पहले सोमवार या शुक्रवार को भी मनाते हैं। शीतला माता की पूजा देश के अलग अलग भागों में अलग-अलग दिन होती है। कई क्षेत्रों में शीतला सप्तमी बसौड़ा का पर्व चैत्र कृष्ण सप्तमी को मनाया जाता है जो अबकी बार 10 मार्च को है। लेकिन जहां शीतला अष्टमी का पर्व चैत्र कृष्ण पक्ष में मनाया जाता है वहां 11 मार्च को शीतला अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। बता दें कि मुख्य रुप से बसौड़ा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्य में मनाया जाता है। बता दें कि बसौड़ा सर्दी की समाप्ति और गर्मी के आरंभ का प्रतीक है। गर्मी का आरंभ होते ही त्वचा रोग आदि शुरू हो जाते हैं इसलिए उनसे रक्षा करने के लिए माता शीतला की पूजा की जाती है। विशेष रुप से छोटे बच्चों के लिए यह पूजा की जाती है।

**बसोड़ा की पूजा विधि :** बसोड़ा पूजा से एक दिन पहले यानी सप्तमी तिथि को शाम के समय अपने रसोई घर की अच्छे से साफ सफाई करके भोजन बना लें। माता शीतला को बासी खाने का ही भोग लगाया जाता है। इस दिन माता के भोग में मुख्य रुप से दही, रबड़ी, चावल, हलवा, पूड़ी आदि बनाकर माता को भोग लगाया जाता है। इसके बाद बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया जाता है। सबसे पहले शीतला माता को रोली का तिलक लगाएं और फिर उन्हें काजल, वस्त्र आदि ,सभी सामान अर्पित कर दें। इसके बाद माता शीतला की कथा का पाठ करें और फिर उन्हें बासी चीजों का भोग लगाएं। अंत में सभी को प्रसाद बांटे और खुद भी इसका सेवन करें।

**शीतला सप्तमी शुभ मुहूर्त:** वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि की शुरूआत 09 मार्च को देर रात 11 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी और 11 मार्च को देर रात 01 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार यानी उदया तिथि से 10 मार्च को शीतला सप्तमी मनाई जाएगी। शीतला सप्तमी पर पूजा के लिए शुभ समय 10 मार्च को सुबह 06 बजकर 24 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 26 मिनट तक है। इस दौरान साधक देवी मां शीतला की पूजा कर सकते हैं। वहीं, बुधवार 11 मार्च को बसोड़ा मनाया जाएगा।

**शीतला सप्तमी शुभ योग:** ज्योतिषियों की मानें तो चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इस दिन हर्षण योग का संयोग सुबह 08 बजकर 21 मिनट तक है। इसके साथ ही रवि योग का भी संयोग है। इन योग में मां शीतला की पूजा करने से शुभ कामों में सफलता एवं सिद्धि मिलेगी। साथ ही आरोग्यता का वरदान मिलेगा।

## शीतला सप्तमी पर मां को लगायें दिव्य भोग, सभी कष्टों से मिलेगी मुक्ति

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में शीतला सप्तमी का पर्व विशेष महत्व रखता है। चैत्र महीने के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व पूरी तरह से माता शीतला को समर्पित है। इस साल शीतला सप्तमी का पर्व 10 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन माता शीतला की पूजा करने से न केवल बीमारियों से मुक्ति मिलती है, बल्कि घर में सुख-शांति का वास भी होता है। शीतला सप्तमी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता। भक्त एक दिन पहले बना हुआ भोजन माता को चढ़ाते हैं और खुद भी वही खाते हैं, तो आइए उन दिव्य भोग के बारे में जानते हैं जिन्हें अर्पित करने से माता खुश होती हैं।

**मीठे चावल:** इस शुभ दिन पर माता शीतला को गुड़ या शक्कर से बने मीठे चावल का भोग लगाना बहुत शुभ माना जाता है। इसे सप्तमी से एक रात पहले तैयार कर लिया जाता है। मान्यता है कि मीठे चावल माता को शीतलता प्रदान करते हैं और भक्तों के जीवन में मिठास लाते हैं।

**दही और राबड़ी:** इस दिन शीतला माता को दही और राबड़ी का भोग विशेष रूप से लगाया जाता है। कहा जाता है कि यह माता रानी को बहुत पसंद है। ऐसा कहा जाता है कि इसे भोग के रूप में चढ़ाने से रोग-दोष से मुक्ति मिलती है।

**गुलगुले:** आटे और गुड़ के बने गुलगुले इस दिन के मुख्य प्रसाद का हिस्सा होते हैं। इन्हें तेल या घी में तलकर एक दिन पहले ही रख लिया जाता है। पूजा के समय इन्हें माता के सामने रखकर संतान की लंबी आयु और अच्छी सेहत की कामना की जाती है।

**मूंग की दाल:** इस दिन भीगी हुई मूंग की दाल और बाजरा भी माता शीतला को अर्पित की जाती है। इसे चढ़ाने से देवी की पूर्ण कृपा मिलती है।

## चैती छठ 22 से, भक्त करेंगे भगवान सूर्य की उपासना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चैती छठ, जिसे छठ पूजा का वसंतकालीन रूप भी कहा जाता है, सनातन धर्म में सूर्य देव और छठी मईया को समर्पित सबसे पवित्र व्रतों में से एक है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल में मनाया जाता है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मुख्य अर्घ्य दिया जाता है। 2026 में चैती छठ पूजा 22 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेगी। यह चार दिनों का त्योहार है, जिसमें नहाय-खाय से लेकर उषा अर्घ्य तक की विधि बहुत महत्वपूर्ण होती है।

**चैती छठ का महत्व और मान्यता:** छठ पूजा सूर्य देव को समर्पित है। चैती छठ वसंत ऋतु में मनाया जाता है, जब प्रकृति नई ऊर्जा से भर जाती है। यह व्रत स्वास्थ्य, संतान प्राप्ति, सुख-समृद्धि और परिवार की रक्षा के लिए किया जाता है। मान्यता है कि छठी मईया (भगवान सूर्य की पुत्री) और सूर्य देव की कृपा से व्रती के सभी संकट दूर होते हैं। छठ व्रत में सूर्य की पहली और आखिरी किरण को अर्घ्य देने से व्यक्ति का जीवन प्रकाशमय और सकारात्मक हो जाता है।

**नहाय-खाय और पूजा की विधि:**
नहाय-खाय (22 मार्च): व्रती सुबह स्नान करते हैं और पूरे घर की सफाई करते हैं। इस दिन सात्विक भोजन (बिना लहसुन-प्याज) ग्रहण किया जाता है। शाम को गन्ने का रस और फल खाए जाते हैं।

**खरना पूजा (23 मार्च):** इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं। शाम को खीर (चावल, दूध और गुड़ से बनी) बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। खरना पूजा के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

**संध्या अर्घ्य (24 मार्च):** व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। डाल, सूप, ठेकुआ और फल से सजा सूपड़ा लेकर नदी या तालाब में अर्घ्य दिया जाता है।

**उषा अर्घ्य (25 मार्च):** व्रती सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। यह अंतिम अर्घ्य होता है। इसके बाद व्रत पूरा होता है और परिवार में प्रसाद बांटा जाता है।

**चैती छठ के उपाय और लाभ:** छठ व्रत से सूर्य देव और छठी मईया की कृपा मिलती है। इससे स्वास्थ्य, संतान सुख, धन और पारिवारिक शांति प्राप्त होती है। व्रत के दौरान सात्विक भोजन करें, लहसुन-प्याज से दूर रहें। डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य दें। प्रसाद में ठेकुआ, खजूर, नारियल, सेब और गन्ना शामिल करें। चैती छठ पूजा सूर्य की ऊर्जा और माता छठी की कृपा से जीवन को नई दिशा देती है। 2026 में यह पर्व 22 से 25 मार्च तक मनाया जाएगा।

### चैती छठ 2026 की मुख्य तिथियां इस प्रकार हैं

- नहाय-खाय (पहला दिन): 22 मार्च 2026, रविवार
- खरना पूजा (दूसरा दिन): 23 मार्च 2026, सोमवार
- संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन): 24 मार्च 2026, मंगलवार (डूबते सूर्य को अर्घ्य)
- उषा अर्घ्य (चौथा दिन): 25 मार्च 2026, बुधवार (उगते सूर्य को अर्घ्य)
- यह चार दिवसीय व्रत है, जिसमें व्रती सूर्य देव और छठी मईया की कृपा पाने के लिए कठोर नियमों का पालन करते हैं

# संघर्ष और आत्मविश्वास का संदेश देता है 'आश्वासनम'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत भाषा को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रस्तुतिपरक संस्कृत नाट्य कार्यशाला के उपरांत कार्यशाला में तैयार नाटक आश्वासनम का मंचन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह, गोमती नगर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर के संस्कृत साहित्य विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ0 परितोष दास, ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र एवं डा. आदर्श गर्ग ने दीप प्रज्वलन करके किया। नाटक का लेखन डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने किया है तथा निर्देशन चन्द्रभाष सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रशिक्षित प्रतिभागियों ने ही विभिन्न पात्रों का प्रभावशाली अभिनय करते हुए दर्शकों की सराहना प्राप्त की। कौटिल्य (चाणक्य) के प्रसिद्ध कथन यथा राजा तथा प्रजा को आधार बनाकर रचित यह नाटक समकालीन समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करता है। कथा एक मेधावी किंतु बेरोजगार युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अपनी योग्यता और परिश्रम के बावजूद रोजगार नहीं मिल पाता। समाज के जिम्मेदार लोग उसे बार-बार केवल आश्वासन देते हैं, जबकि अयोग्य लोग नेताओं के सगे-संबंधी या चाटुकार होने के कारण पद प्राप्त कर लेते हैं। नाटक में यह भी दशार्या गया कि किस प्रकार एक भ्रष्ट नेता सेवा और सहायता के नाम पर रिश्वत लेकर लोगों को नौकरी दिलवाता है। योग्य युवक को केवल आश्वासन मिलता है, जबकि रिश्वत देने वाला व्यक्ति नौकरी प्राप्त कर लेता है। इन परिस्थितियों से निराश युवक को उसका मित्र समझाता है कि केवल सरकारी नौकरी ही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि मनुष्य को अपने प्रयासों से नए रास्ते तलाशने चाहिए और समाज में फैले भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक होकर खड़ा होना चाहिए। नाटक में जूही कुमारी, लता बाजपेयी, अगम्या बाजपेयी, मुकुल कुमार, उन्नत बहादुर और कृष्ण कुमार पांडेय सहित अन्य कलाकारों ने सशक्त अभिनय किया।

# लोकगीतों की चासनी में डूबा होली मिलन समारोह



**लखनऊ।** गौरैया संस्कृति संस्थान की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि सोमवार को वास्तुखण्ड, गोमतीनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बहुतायत में समाज के लोग आपस में गिले शिकवे भूल कर गीत गाकर एक दूसरे को गीतों के माध्यम से बधाई देते हुए महिलाओ के सम्मान को बढाने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ लोकगायिका विमल पंत व पदमा गिडवानी व रीना टण्डन समारोह में उपस्थित होकर शोभा बढा रही थी। समारोह में धमार, उलारा, चैती, चौताल, होली,रसिया, जबाबी होली इत्यादि गाया गया। जिसमें शिव जी की होली,रसिया गाए है। उन्होने बताया कि ये गीत होली के अवसर गाए जाते हैं। समारोह में रश्मि उपाध्याय, भावना शुक्ला, रमा सिंह, अमिता द्विवेदी, सुनीता निगम, नीलम तिवारी,लता तिवारी, ,रीना सिंह, माधुरी सिंह, शशि सिंह, दीपा शर्मा,नीलम सचान, अनुपमा श्रीवास्तव स्मिता अस्थाना,प्रतिमा त्रिपाठी,शशि वर्मा ,विनिता सिंह, इंदू सारस्वत, अर्पना सहित 40 महिलाये व पुरुष उपस्थित रहे। अपनी परम्परागत थाती के प्रति सम्मान देखा गया, जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है। जब इस कार्य शाला की प्रस्तुतीकरण होगी तब सूचित किया जाएगा।

# भातखण्डे विश्वविद्यालय से बुजुर्गों के पास भी संगीत डिप्लोमा का मौका



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय नए शैक्षणिक सत्र के लिए ही जल्दी आवेदन शुरू होने वाले हैं। नए शैक्षणिक सत्र से सीनियर सिटीजन (बुजुर्गों) के लिए संगीत की शिक्षा के दरवाजे खुले हैं। अब उम्र की कोई बाधा नहीं रहेगी और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी डिप्लोमा कोर्स में नामांकन कर भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से दावा किया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए संगीत में डिप्लोमा देने वाला भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय देश का पहला विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय में सीनियर सिटीजन अपनी रुचि के अनुसार कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। वोकल ट्रेनिंग, तबला, हारमोनियम, सरोद और बांसुरी समेत विभिन्न कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इन डिप्लोमा कोर्सेज की अवधि 1 से 2 वर्ष तक होगी। जहां पाठ्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत की बुनियादी से लेकर उन्नत तकनीकें शामिल हैं। ये कोर्स मुख्य रूप से अंशकालिक या विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए अनुकूलित है। कोर्स में प्रवेश से पूर्व वरिष्ठ नागरिकों को विश्वविद्यालय की अभिरुचि कार्यशाला में प्रवेश का मौका मिलेगा। जहां बुजुर्ग अभ्यर्थियों को सीखने की रुचि के आधार पर डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश मिलेगा। इन कोर्स में ले सकते हैं प्रवेश वोकल (गायन) - तबला (वादन), हारमोनियम/सिंथेसाइजर, सरोद, बांसुरी, ध्रुपद-धमार, ठुमरी-दादरा, सुगम संगीत, लोक संगीत और ढोलक। प्रो. माण्डवी सिंह, कुलपति, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने बताया कि सीनियर सिटीजन के लिए संभवतः भातखण्डे पहला विश्वविद्यालय है जो संगीत में डिप्लोमा देगा। रिटायर के बाद या उम्र के किसी भी पड़ाव में यदि व्यक्ति को संगीत में रुचि है तो वह विश्वविद्यालय से संगीत सीख सकता है।

# लखनऊ में रंगोत्सव कथक, संस्कृति और नारी शक्ति का उत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय संस्कृति, कला और नृत्य परंपराएँ सदियों से समाज में सौंदर्य, संवेदना और आध्यात्मिकता का संदेश देती आई हैं। इन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अनुज अर्जुन मिश्रा डांस कंपनी के सहयोग से लखनऊ में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण और लखनऊ की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समर्पित होगा।

लखनऊ सदियों से कला, संगीत और नृत्य की परंपराओं का केंद्र रहा है। विशेष रूप से कथक की लखनऊ घराना परंपरा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। इसी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देते हुए यह कार्यक्रम भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास है। इस अवसर पर जर्मनी से आईं श्रद्धा मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। वे जर्मनी में भारतीय समुदाय और भारतीय संस्कृति से जुड़े मीडिया कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं तथा भारतीय दूतावास के साथ विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भी सहभागिता करती रही हैं। वे भारत और जर्मनी के बीच सांस्कृतिक संवाद को सशक्त बनाने और भारतीय परंपराओं को यूरोप में प्रस्तुत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। कार्यक्रम 10 मार्च को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ में सायं 6 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत लखनपुरी और लखनऊ का महत्व विषय पर एक संगोष्ठी से होगी। इस संगोष्ठी में लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत, उसकी ऐतिहासिक पहचान और कला परंपराओं की वैश्विक संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ होगी। कार्यक्रम में गणेश वंदना से शुभारंभ होगा। इसके पश्चात पंडित अनुज मिश्रा और उनके समूह द्वारा इन्फिनिटी शीर्षक से विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। प्रसिद्ध कथक कलाकार नेहा सिंह मिश्रा द्वारा जब फाल्गुन रंग छलकते हैं पर एकल नृत्य प्रस्तुति भी कार्यक्रम का आकर्षण होगी। साथ ही अकादमी के जूनियर विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक कथक प्रस्तुतियाँ भी मंचित की जाएँगी। कार्यक्रम के अगले चरण में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक गुरु पंडित अनुज मिश्रा द्वारा गीतगोविंद पर विशेष एकल नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद अकादमी के वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किए जाएँगे और कार्यक्रम का समापन मोरे मुरारी खेले होली पर एक विशेष कथक प्रस्तुति के साथ होगा, जो होली के उत्सव और भारतीय सांस्कृतिक रंगों की जीवंत अभिव्यक्ति होगी। इस अवसर पर श्रद्धा मिश्रा उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विशेष रूप से लखनऊ की कथक परंपरा को यूरोप में किस प्रकार व्यापक रूप से प्रचारित और प्रसारित किया जा सकता है, इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगी। उनका मानना है कि भारतीय कला और संस्कृति केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी वैश्विक पहचान और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। आयोजकों के अनुसार रंगोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भारतीय परंपराओं, गुरु-शिष्य परंपरा और नारी सशक्तिकरण के मूल्यों को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# समाज में रेप के नॉर्मलाइजेशन पर तीखा प्रहार करती है फिल्म 'अस्सी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : तापसी पन्नू, कनी कुश्रुती, कुमुद मिश्रा
- डायरेक्टर : अनुभव सिन्हा

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** 'मैम, इस अपराध वाले दिन देश भर में अस्सी रेप कंप्लेंट हुई थीं, जिनमें से 76 का ट्रायल तक शुरू नहीं हुआ।' फिल्म अस्सी का यह डायलॉग न सिर्फ दर्शक को बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है, बल्कि हमारी सामाजिक और लचर कानून व्यवस्था पर भी प्रहार करता है।

हार्ड-हिटिंग सामाजिक विषयों के मास्टर कहलाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा की अस्सी एक बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने तक सीमित कोर्टरूम ड्रामा नहीं बनती, यह उस सामाजिक चेतना की परतें उधेड़ती है, जो बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को नॉर्मलाइज करती है। एक शिक्षिका के साथ हुए सामूहिक बलात्कार पर उसका छात्र व्हाट्सऐप ग्रुप में लिखता है, 'मुझे इनवाइट क्यों नहीं किया गया?' तब सवाल उठता है, हम समाज, नैतिक मूल्यों और परवरिश के स्तर पर आखिर कहां गलत हो गए? कहानी की शुरूआत एक बेहद विचलित कर देने वाले दृश्य से होती है। एक महिला अर्धनग्न, क्षत-विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर फेंकी हुई मिलती है। आगे पता चलता है कि वह पेशे से टीचर परिमा (कनी कुसुरुति) है, जो अपने पति विनय (मोहम्मद जीशान अय्यूब) और बेटे के साथ एक सामान्य और खुशहाल जिंदगी जी रही होती है। लेकिन एक रात दोस्त की सेंड-ऑफ पार्टी से लौटते वक्त मेट्रो स्टेशन के बाहर पांच लड़के उसे जबरन गाड़ी में उठा लेते हैं और चलती कार में बारी-बारी से उसका बलात्कार कर अधमरी हालत में पटरियों पर फेंक देते हैं। एक अजनबी उसे अस्पताल पहुंचाता है। पुलिस शुरूआती जांच में चार आरोपियों को पकड़ती है और विनय के दोस्त कार्तिक (कुमुद मिश्रा) के जरिए मामला वकील रावी (तापसी पन्नू) तक पहुंचता है। उधर आरोपी युवक का पिता दीपराज (मनोज पाहवा) अपने बेटे को बचाने के लिए सबूतों को मैनेज करवा देता है। वहीं कार्तिक खुद अपनी पत्नी की हादसे में हुई मौत के ट्रॉमा से गुजर रहा होता है। जब वह देखता है कि परिमा को इंसाफ मिलने के बजाय उसका मखौल बनाया जा रहा है, तो वह छतरी मैन बनकर कानून अपने हाथ में ले लेता है और अपराधियों का खात्मा करने निकल पड़ता है। निर्देशक अनुभव सिन्हा ने अस्सी में वे बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को केंद्र में रखते हैं, एक ऐसा विषय जिसके आंकड़े ही रोंगटे खड़े कर देने के लिए काफी हैं। फिल्म भीतर तक बेचैन करती है। बलात्कार की त्रासदी को बिना किसी सिनेमाई चमक-दमक या स्टाइलाइजेशन के जिस ईमानदारी से प्रस्तुत किया गया है, वह दर्शक को घटनाओं का मूक गवाह नहीं, बल्कि सहभागी बना देती है। देश में हर बीस मिनट में एक बलात्कार यानी रोज लगभग अस्सी मामले। फिल्म के दौरान भी हर बीस मिनट पर परदे पर एक स्लेट उभरती है, जो यह याद दिलाती है कि जब हम दो घंटे की फिल्म देख रहे होते हैं, तब तक देश में दस नए मामले दर्ज हो चुके होते हैं। यह उपकरण झटका देता है और आंकड़ों को संवेदना में बदल देता है। कहानी विडंबनाओं से भरी है। परिमा सिर्फ इसलिए दरिंदगी का शिकार बनती है, क्योंकि वह रात में अकेली लौट रही थी। उसका मासूम बेटा पिता (जीशान अय्यूब) से पूछता है, 'उन्होंने मां के साथ ऐसा क्यों किया?' वहीं पत्नी को न्याय दिलाने के लिए जूझ रहे पति पर घरवाले 'इज्जत' का हवाला देकर केस दबाने का दबाव बनाते हैं। जीशान अपने बेटे को लगातार कोर्ट लेकर आते हैं, यह कहते हुए, 'ये तो घर तक आने वाला है।' स्कूल की प्रिंसिपल (सीमा पाहवा) का यह सवाल सन्न कर देता है, 'हमने पढ़ाई में टॉप किया, लेकिन नैतिकता में फेल हो गए।' फिल्म समाज में रेप के नॉर्मलाइजेशन पर तीखा प्रहार करती है। अनुभव सिन्हा कहानी को कहीं भी ओवर द टॉप नहीं होने देते। छतरी मैन का किरदार भी न्याय व्यवस्था की हार की ओर इशारा करता है। किरदारों के कॉस्टयूम, मेकअप और लोकेशन सब कुछ यथार्थ के करीब है। आम फिल्मों के चमकदार कोर्ट रूम की जगह यहां एक साधारण, अव्यवस्थित अदालत दिखाई गई है, जिसकी अराजकता ही सिस्टम की सच्चाई बयान कर देती है। बाल किरदारों के जरिए आने वाली पीढ़ी को संवेदनशील बनाने का संकेत दिया गया है।

# 'जेठानी की अरेंज मैरिज, देवरानी की लव मैरिज' का ट्रेलर रिलीज

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा अपनी पारिवारिक कहानियों और हल्के-फुल्के हास्य के लिए दर्शकों के बीच खास लोकप्रिय है। इसी को आगे बढ़ाते हुए जल्द ही फिल्म 'जेठानी की अरेंज मैरिज, देवरानी की लव मैरिज' रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह फिल्म परिवार में जेठानी और देवरानी के बीच होने वाली नोकझोंक को मजेदार अंदाज में पेश करती है। 4 मिनट 54 सेकंड के ट्रेलर की शुरूआत घर की बड़ी बहू से होती है, जो घर के सारे काम संभालने के साथ-साथ ट्यूशन भी पढ़ाती है। हालांकि, फिर भी उसकी सास घर के काम को लेकर उसे परेशान करती रहती है। एक दिन वह तनख्वा अपनी सास को देती है तो उसकी सास उससे रुपए कम के लिए पूछती है, जिससे वह कहती है कि इस बार पापा को रुपए चाहिए थे तो मैंने उन्हें दे दिए थे। कहानी तब मोड़ लेती है, जब उसके देवर की लव मैरिज करवाई जाती है। उसकी पत्नी (देवरानी) सरकारी नौकरी वाली है। वह घरेलू कामों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेती। इसके बजाय वह अपने पति के साथ बाहर घूमती है, अलग-अलग जगहों पर खाना खाती है, जिससे मोहल्ले वाले तरह-तरह की बातें बनाने लगते हैं। इस व्यवहार से परिवार में तनाव बढ़ता जाता है। कहानी में विवाद तब चरम पर पहुंच जाता है, जब जेठानी गुस्से में आकर देवरानी को थप्पड़ मार देती है। इसके बाद देवरानी गुस्से में अपने मायके चली जाती है। ट्रेलर में इन सभी घटनाओं को कॉमेडी और इमोशंस के साथ पेश किया गया है, जो भोजपुरी दर्शकों को खूब पसंद आने वाला है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है, जिसके निमार्ता संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं। प्रवीण कुमार गुडुरी द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह कहानी पारिवारिक मूल्यों और विवाह की दो अलग-अलग परंपराओं पर आधारित है। फिल्म में एक्ट्रेस स्मृति के अलावा, प्रवीण कुमार, डिम्पल सिंह, अथवा नाहर, लाडो मधेसिया, अनूप अरोरा, संतोष श्रीवास्तव, सृष्टि पाठक, श्रद्धा नवल, और निशा तिवारी समेत कई कलाकार अहम रोल में नजर आ रहे हैं।

# होली के बाद दिल्ली-मुंबई की वापसी के लिए स्पेशल ट्रेनें भी फुल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली बाद दिल्ली, मुंबई लौटने वालों की भीड़ रेलवे स्टेशनों पर उमड़ रही है। रविवार को यह भीड़ और भी अधिक होगी। लेकिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग के चलते यात्री इमरजेंसी कोटे की सीटों के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। विधायकों से लेकर सांसदों तक के लेटरहेड पर सिफारिशें लगवा रहे हैं। दूसरी ओर बसों से पूर्वांचल के जिलों को जाने वाले यात्रियों की भीड़ कैसरबाग, कमता, आलमबाग आदि बस अड्डों पर उमड़ेगी।

सुकांत मिश्र पेशे से इंजीनियर हैं। उन्हें होली बाद रविवार को लखनऊ से मुंबई जाना है। उन्होंने पुष्पक एक्सप्रेस की थर्ड एसी में टिकट करवाया, जोकि वेटिंग में मिला। ऐसे में उन्होंने अपने बॉस के जरिए लखनऊ के एक सांसद से पैरवी करवाई। उनके लेटरहेड पर इमरजेंसी कोटे के लिए सिफारिश लिखवाई और डीआरएम कार्यालय में जमा करवा दी।

रीना शुक्ला को अपने पति के साथ लखनऊ से काठगोदाम जाना था। उन्होंने बाघ एक्सप्रेस की थर्ड एसी में टिकट करवाया, जोकि वेटिंग में था। उन्होंने एक विधायक के करीबी से सिफारिश लगवाई। विधायक कार्यालय से रेलवे अधिकारियों को फोन भी मिलवाए गए। जिसके बाद उन्हें थर्ड एसी में दो कन्फर्म सीटें मिल सकीं। होली बाद लखनऊ से दिल्ली व मुंबई लौटने वाले यात्रियों के लिए वापसी का संकट खड़ा हो गया है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग के चलते उन्हें ऐसे ही जुगाड़ का सहारा लेना पड़ रहा है। वेटिंग के यात्री इमरजेंसी कोटे की सीटों से भी उम्मीदें लगाए हुए हैं। हालांकि यह कोटा डीआरएम कार्यालय के पास होता है, जिससे सांसदों, विधायकों, मरीजों आदि को आवश्यकतानुसार सीटें प्रदान की जाती हैं। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय राजधानी में हैं। ऐसे में इमरजेंसी कोटे के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। होली बाद लखनऊ से दिल्ली जाने वाली लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस, तेजस सहित अन्य ट्रेनों की वेटिंग 150 से अधिक तथा मुंबई की पुष्पक, गोरखपुर पनवेल, अवध आदि गाड़ियों की वेटिंग सौ पार चल रही है। इसलिए यात्रियों के लिए कन्फर्म सीटों का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यात्रियों के पास तत्काल व इमरजेंसी कोटे का विकल्प बचा है। लिहाजा यात्री इसके तहत कन्फर्म सीटें पाने के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। विधायक, सांसदों ही नहीं, बल्कि रेलवे अफसरों की भी मदद ले रहे हैं।

**तत्काल की आस, हो गई फेल:** होली बाद लखनऊ से दिल्ली व मुंबई को जाने वाली ट्रेनों में तत्काल कोटे की सीटों के लिए यात्रियों ने शनिवार सुबह तत्काल कोटे में बुकिंग करवाई। लेकिन उनकी आस में तत्काल फेल हो गया। 250 से अधिक सीटें लखनऊ से दिल्ली व मुंबई रूट पर खाली थीं, लेकिन यात्रियों के हाथ सिर्फ 52 सीटें ही लगीं। शेष दलालों के हत्थे चढ़ गईं।

**वीआईपी ट्रेनों में मारामारी आसमान पर:** लखनऊ से दिल्ली व मुंबई जाने वाली वीआईपी ट्रेनों की इमरजेंसी कोटे की सीटों के लिए सर्वाधिक मारामारी रहती है। ऐसे में सिफारिशों के चलते कोटे के लिए आवेदनों की संख्या भी बढ़ जाती है। पुष्पक एक्सप्रेस की थर्ड एसी में इमरजेंसी कोटे की 12 से 15 सीटें हैं, लेकिन इसके लिए आवेदक 150 पार पहुंच चुके हैं। ऐसे ही लखनऊ मेल की में आवेदक 175, एसी एक्सप्रेस में 120 तक पहुंच जाते हैं।

## इंटरसिटी और राजधानी एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनें डायवर्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगजुआ और लोहरदगा स्टेशन के बीच स्थित रेलवे पुल संख्या 115 (किमी 484/12-16) में दरार आने के कारण रांची-लोहरदगा-टोरी रेलखंड पर रेल परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पुल की मरम्मत पूरी होने तक इस रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन कर दिया है। अब ये ट्रेनें वैकल्पिक मार्ग से चलाई जाएंगी।

सासाराम-रांची इंटरसिटी का बदला मार्ग

रेलवे के अनुसार 10 से 15 मार्च तथा 17 से 20 मार्च तक चलने वाली ट्रेन संख्या 18636 सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस टोरी-बरकाकाना-मेसराटाटीसिलवे मार्ग से रांची पहुंचेगी। इसी तरह 9 से 14 मार्च और 16 से 20 मार्च तक ट्रेन संख्या 18635 रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस टाटीसिलवे-मेसरा-बरकाकाना-टोरी मार्ग से सासाराम तक संचालित होगी।

**राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें प्रभावित:** रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 20408/20407 नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की करीब 10 ट्रेनों का मार्ग भी बदल दिया गया है। पुल की मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं होने के कारण परिवर्तित मार्ग की अवधि को 20 मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

**इन मार्गो से चलेंगी ट्रेनें:** अब रांची-लोहरदगाझटोरी रेलखंड के बजाय ट्रेनें रांची-टाटीसिलवे-मेसरा बरकाकाना-टोरी मार्ग से संचालित की जाएंगी। वहीं मुरी-रांची-लोहरदगा टोरी मार्ग से चलने वाली कुछ ट्रेनें मुरी-रामगढ़ कैंट-बरकाकाना-टोरी मार्ग से चलाई जाएंगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार पुल की मरम्मत और सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही इस रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन सामान्य मार्ग से बहाल किया जाएगा।

**बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का नंबर बदला, अब वाराणसी कैंट पर नहीं रुकेगी ट्रेन:** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने राजगीर-वाराणसी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 14223 / 14224 राजगीर-वाराणसी-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का नंबर और टर्मिनल बदल दिया है। अब यह ट्रेन वाराणसी कैंट स्टेशन पर नहीं रुकेगी और सीधे बनारस (मडुआडीह) तक जाएगी। रविवार (आठ मार्च) से यह ट्रेन नए नंबर 15137 / 15138 के साथ चलना शुरू हो गई है। इससे यात्रियों को सीधे बनारस तक जाने में सहूलियत होगी। हालांकि वाराणसी कैंट पर उतरने वाले यात्रियों को अब बनारस तक ही जाना पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक, टर्मिनल परिवर्तन के बाद रविवार से गाड़ी संख्या 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस अब 15138 नंबर के साथ बनारस से चल रही है। यह ट्रेन बनारस से रात 8:15 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय और स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 6:00 बजे राजगीर पहुंचेगी।

इसी तरह गाड़ी संख्या 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस नौ मार्च से बदले हुए नंबर 15137 के साथ राजगीर से रात 9:35 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 7:15 बजे बनारस पहुंचेगी। इस दौरान वाराणसी कैंट स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव नहीं होगा और यहां इसे पासिंग कराया जाएगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, गया जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को देखते हुए फिलहाल इस ट्रेन का संचालन सासाराम-आरा के रास्ते किया जा रहा है। यह व्यवस्था 21 मार्च तक लागू रहेगी।

**राजगीर-बनारस एक्सप्रेस का रूट बदला:** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल रेलवे प्रशासन ने पूर्व मध्य रेलवे के गया जंक्शन स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण दो गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया है।

जानकारी के अनुसार 15137 राजगीर-बनारस एक्सप्रेस 21 मार्च तक निर्धारित मार्ग पटना-गया-सोन नगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पटना-आरा-सासाराम-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी जंक्शन के रास्ते चलाई जाएगी। वहीं 15138 बनारस-राजगीर एक्सप्रेस 21 मार्च तक निर्धारित मार्ग सोन नगर-गया-पटना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी जंक्शन-पंडति दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-सासाराम-आरा-पटना के रास्ते चलाई जायेगी।

# एक ही छत के नीचे समाया रेलवे के सौ साल का सफर

**लखनऊ।** लखनऊ जंक्शन के शताब्दी वर्ष के पूरा होने पर रेलवे के सफर की शुरुआत से अब तक हुए विकास को एक ही छत के नीचे लखनऊ जंक्शन पर हेरिटेज प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया। सोमवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने प्रदर्शनी को देखा। शहर के लोगों से अनुरोध किया कि रेलवे के अब तक के सफर और विकास को जरूर देखें। पता चलेगा कि इन वर्षों में रेलवे में तकनीक से लेकर परिचालन में कितना बदलाव आया है। कार्य करने का तरीका किस तरह बदला। प्रदर्शनी में 15 फरवरी 1926 को स्थापित लखनऊ जंक्शन के तब से लेकर अब तक के सफर की गाथा तो है ही, बदलाव को भी बखूबी दर्शाया गया है। हेरिटेज फोटो गैलरी और टॉय ट्रेन के जरिए बढ़ते सफर को बताया गया है। मुख्य प्रवेश द्वार पर धरोहर फोटो प्रदर्शनी एक शताब्दी के दौरान स्टेशन के विकास की जीवंत कथा बताती है। यह रेल केंद्र की स्थापत्य भव्यता, परिवर्तनकारी यात्रा को चित्रित करती है। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मीटर-गेज युग के विशिष्ट उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग में यांत्रिक लीवर फ्रेम, सेमाफोर सिग्नल, ब्लॉक उपकरण तथा टोकन प्रणाली को भी दिखाया गया है। पुराने बटन स्विच, एनालॉग ऊर्जा मीटर और फिलामेंट बल्ब प्रदर्शित किए गए हैं। सुरक्षा के लिए लाठी लेकर चलते थे आरपीएफ के जवान-किसी जमाने में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाठी लेकर चलते थे। इसे भी हेरिटेज प्रदर्शनी में दर्शाया गया है। बॉडी वॉर्न कैमरा, हथकड़ी, विशेष सुरक्षा जैकेट्स, लाउड हेलर का प्रदर्शन भी है। गार्ड की सीटी, हैंड सिग्नल लैंप, पर्यावरण-अनुकूल सफाई यंत्र, पुराने कैमरे, एबीसी कपलर सहित ऐतिहासिक अभिलेख भी देखने को मिलेंगे।

# पीडीए कॉडर के दम पर चुनावी नैया पार करने में जुटी सपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी पीडीए कॉडर के दम पर विधानसभा की चुनावी नैया पार करने में जुट गई है। बसपा की तर्ज पर सपा अब पीडीए कॉडर तैयार करने जा रही है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें कार्यकर्ताओं को न केवल पार्टी की राजनीतिक लाइन समझाई जाएगी, बल्कि बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर काम करने का पाठ पढ़ाया जाएगा।

पार्टी की कोशिश है कि जिले से लेकर बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने के लिए एक अनुशासित काडर उसके पास भी हो बसपा के पास अनुशासित कॉडर है। बसपा का कॉडर समाज के लोगों को पार्टी से बांधे रखने का काम करता है और चुनाव के समय घर-घर जाकर वोट करने का काम भी करता है। समाजवादी पार्टी के पास कार्यकर्ता तो हैं, लेकिन अनुशासित कॉडर नहीं है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 2027 का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए हर कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वह पीडीए के सहारे मैदान में उतरने की तैयारी में जुटे हैं। वह जानते हैं कि कार्यकर्ताओं के अनुशासित होते ही पार्टी की छवि बदल जाएगी। अनुशासित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत बन सकते हैं। पिछले कुछ समय में संगठन के भीतर यह महसूस किया गया है कि कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता सीमित रह जाती है पार्टी के कार्यक्रमों में भीड़ तो जुटती है, लेकिन बूथ स्तर पर लगातार काम करने का अनुशासन उतना मजबूत नहीं है। इस कमी को दूर कर करने के लिए ही प्रशिक्षण की रूपरेखा बनाई गई है। इसका मुख्य फोकस सपा की पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) की रणनीति को मजबूत करना है। बूथ स्तरीय संगठन, मतदाता प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और चुनावी रणनीति जैसे विषयों पर भी जोर रहेगा। वरिष्ठ नेताओं द्वारा कार्यकताओं को बताया जाएगा कि क्षेत्रीय मुद्दों को कैसे उठाया जाए और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी तरीके से कैसे रखा जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग पर भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि पार्टी की बात तेजी से अधिक लोगों तक पहुंच सके। इसके तहत जिले लेकर विधानसभा क्षेत्र स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी की नियमित बैठकों और अन्य कार्यक्रमों में ये सबक दोहराये जाएंगे। संगठन में भी जिले से बूथ तक पीडीए की भागीदारी रखी जाएगी।

## सपा कांशीराम के जन्मदिवस को पीडीए दिस के रूप में मनायेगी

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने अपनी जमीन और मजबूत करनी शुरू कर दी है। इसके लिए पीडीए को धार देते हुए कांशीराम के जन्मदिवस पर 15 मार्च को सभी जिला मुख्यालयों पर बहुजन समाज दिवस यानी पीडीए दिवस मनाए जाने का फैसला किया गया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस संबंध में पार्टी नेताओं को निर्देश भेज दिए हैं। सपा का मानना है कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को शासनकर्ता जमात बनाने के लिए समर्पित किया। मंडल रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्र-व्यापी जन आंदोलन खड़ा किया। कांशीराम ने दिसंबर 1992 में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता किया बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज प्रवाह में किया जब मुलायम सिंह ने इटावा से कांशीराम को लोकसभा में निर्वाचित कराने में मदद की। दिसंबर 1993 में नेताजी के नेतृत्व में मजलूमों की सरकार बनी। उन्होंने अपना जन्मदिन दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों की एकता और भाईचारा के लिए समर्पित किया था। उसी को बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस कहा गया है। अखिलेश यादव अब 6000 जातियों में तोड़े हुए लोगों को जोड़कर भाईचारा बनाने के काम में लगे हैं।

## इटावा लायन सफारी की सोच हो रही फलीभूत: अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जिस बड़ी सोच के साथ हमने एशियाई शेरों के लिए इटावा लायन सफारी की शुरुआत की थी वो सोच फलीभूत हो रही है। यहां एशियाई शेरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इटावा लायन सफारी पार्क में नीरजा शेरनी ने अपने तीसरे प्रसव में इस बार चार शावकों को जन्म दिया है। इसके पहले बार के दो और दूसरी बार के तीन शावक मिलाकर अब यहां कुल नौ स्वस्थ शावक पल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के चक्र में हर प्राणी का अपना महत्व है, इसीलिए हम प्रकृति को बचाने के लिए बड़ी सोच के साथ सकारात्मक पहल करने में विश्वास करते रहे हैं और करते रहेंगे।

## कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



लखनऊ। अयोध्या रोड स्थित गोयल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने एपेक्स हॉस्पिटल के साथ मिलकर कर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरम सेवा संस्थान की अध्यक्ष वंदना सिंह व डॉ अंजू गोयल ने दीप जलाकर कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को हृदयाघात या सांस रुकने जैसी आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार प्रदान करने की ट्रेनिंग दी गई, जिससे वे परिवार और समाज में जीवन रक्षक बन सकें। सीपीआर सीखना हर महिला के लिए आवश्यक है, क्योंकि घर-परिवार में अचानक स्वास्थ्य संकट की स्थिति में तत्काल कार्रवाई से मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल सेशन में डमी पर हाथों का सही उपयोग, छाती पर किस स्तर का दबाव देना है सिखाया गया। कार्यक्रम में गोयल आयुर्वेदिक कॉलेज, चंद्रा हॉस्पिटल, अवध नर्सिंग कॉलेज, निशात हॉस्पिटल, शेरवुड सहित आस पास की दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया।

# ओडीओपी योजना के ऋण से खड़ा किया डिजिटल लॉक का व्यवसाय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली योगी सरकार की नीतियों से प्रेरित होकर अलीगढ़ की महिला उद्यमी नीलम सिंह ने कठिन समय को सफलता की नई शुरूआत में बदल दिया।

ताला नगरी के नाम से मशहूर अलीगढ़ में उन्होंने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत एक डिजिटल लॉक यूनिट की स्थापना की। यह यूनिट न केवल लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही है, बल्कि कई लोगों के लिए रोजगार का बेहतर माध्यम भी बन गई है।

दरअसल, नीलम ने वर्ष 2019 में इस स्टार्टअप की शुरूआत की थी। उसी समय देश कोविड महामारी के संकट से जूझ रहा था। आर्थिक गतिविधियां लगभग ठप थीं। बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार छिन गया था। ऐसे कठिन समय में नीलम ने अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति के साथ मिलकर एक ऐसा व्यवसाय शुरू करने के बारे में सोचा, जिससे स्थानीय लोगों को उनके ही क्षेत्र में रोजगार मिल सके। नीलम ने पारंपरिक ताले को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने का फैसला किया।

इसी सोच के साथ उन्होंने ओव्लॉक्स इंडिया के नाम से डिजिटल लॉक बनाने की यूनिट शुरू की। इसकी शुरूआत आसान नहीं थी क्योंकि आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। ओडीओपी योजना के तहत उद्योग विभाग के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा से उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इसमें लगभग ढाई लाख रुपये की सब्सिडी भी प्राप्त हुई। योगी सरकार की इस योजना के सहयोग से उनके सपनों को साकार करने के लिए मजबूत नींव तैयार हो गई। आज उनका यह व्यवसाय 10 करोड़ रुपये के पार जा चुका है। जब इस यूनिट की शुरूआत हुई थी, तब यहां केवल पांच-छह कर्मचारी काम करते थे। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ता गया और आज यहां 20 से 25 लोग काम कर रहे हैं।

इस यूनिट में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स को असेंबल कर आधुनिक डिजिटल लॉक तैयार किए जाते हैं। इन लॉक को आरएफआईडी कार्ड, मोबाइल फोन और सामान्य चाबी के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। यही आधुनिक तकनीक इन्हें पारंपरिक तालों से अलग बनाती है। ओव्लॉक्स इंडिया के डिजिटल लॉक केवल भारत में ही नहीं, बल्कि कई देशों में सप्लाई किए जा रहे हैं। नीलम का कहना है कि यहां काम करने वाले कर्मचारियों को बेहतर आय मिल रही है और उन्हें गर्व महसूस होता है कि उनके हाथों से बने उत्पाद देश-विदेश तक लोकप्रिय हो रहे हैं।

# बालिका सुरक्षा और सशक्तीकरण को बल केजीबीवी वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत बेटियों के लिए सुरक्षित, अनुशासित और प्रेरक आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत छात्रावास प्रबंधन, बालिका सुरक्षा और नेतृत्व क्षमता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एनआईईपीए (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन) तथा भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में वार्डनों की भूमिका, दायित्वों और छात्रावास प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि उन बेटियों के लिए अवसर का मंच हैं जो सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आती हैं। ऐसे में वार्डनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे छात्राओं के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करने की अग्रिम पंक्ति में होती हैं। यह प्रशिक्षण वार्डनों की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और बालिका संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर एनआईईपीए की ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सांत्वना मिश्रा तथा उनकी टीम भी प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान वार्डनों को बालिका सुरक्षा, बाल संरक्षण, जीवन कौशल, नेतृत्व विकास, परामर्श, मानसिक-सामाजिक सहयोग, छात्रावास प्रबंधन तथा संवेदनशील विद्यालय वातावरण के निर्माण से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक और नीतिगत दृष्टिकोण के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न बैच में आयोजित किया जा रहा है। गाजियाबाद और अयोध्या में प्रथम बैच 9 मार्च से 13 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

## हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता विवाद पर केंद्र सरकार से किया रिकार्ड तलब



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद के मामले में केंद्र सरकार से संबंधित केस फाइल तलब की है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को तय किया है। यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने एक भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने विशेष एमपी /एमएलए अदालत, लखनऊ के 28 जनवरी 2026 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उक्त अदालत ने गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की उनकी अर्जी खारिज कर दी थी। विशेष अदालत ने कहा था कि नागरिकता से जुड़े मुद्दे का निर्णय करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। याची ने गांधी के खिलाफ भारतीय नागरिक संहिता, पासपोर्ट अधिनियम, आफिसियल सीक्रेट एक्ट एवं विदेशी अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में गंभीर आरोप लगाये हैं। सोमवार को मामले की लंबी सुनवाई के दौरान पीठ ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता राज कुमार सिंह से भी पूछा कि राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर दी गई शिकायत पर केंद्र सरकार ने क्या कार्रवाई की है। बाद में पीठ ने स्वयं ही इस कथित विवाद से संबंधित संपूर्ण अभिलेख केंद्र सरकार से तलब कर लिए। याची ने गांधी के खिलाफ प्रारंभ में रायबरेली की विशेष एमपी / एमएलए अदालत में अपनी अर्जी दायर की थी। बाद में याची की याचिका पर हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने 17 दिसंबर 2025 को इस आपराधिक शिकायत मामले को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। लखनऊ की विषेश एमपी/एमपीएमएल अदालत ने 28 जनवरी 2026 को उक्त अर्जी खारिज कर दी थी जिसके खिलाफ याची ने अब हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# पहली बार पूरे प्रदेश में एक ही दिन हुई अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा



**लखनऊ।** श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में चल रही अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा पहली बार पूरे प्रदेश में एक ही दिन आयोजित की गई। यह परीक्षा प्रदेश के सभी जनपदों में बनाए गए 89 केंद्रों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर योजना के प्रति बढ़ते विश्वास को दशार्या।

कक्षा 6 में प्रवेश के लिए निर्धारित 2880 सीटों के सापेक्ष 12,018 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि कक्षा 9 की 1140 सीटों के लिए 9,054 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल 21,072 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया। इस बार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्र प्रदेश स्तर पर विशेषज्ञों द्वारा तैयार कराए गए, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों पर समान मानकों के अनुसार परीक्षा आयोजित की जा सकी। योगी सरकार ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, श्रम विभाग, नामित नोडल अधिकारियों और केंद्र अधीक्षकों के माध्यम से समुचित व्यवस्थाएं कराईं। सुरक्षा, गोपनीयता और अनुशासन बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। गौरतलब है कि अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और निराश्रित बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा, भोजन, यूनिफॉर्म, पुस्तकें, खेलकूद सुविधाएं और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां उपलब्ध कराई जातीं हैं। इन विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप आधुनिक कक्षाओं, छात्रावास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल मैदान और डिजिटल शिक्षण सुविधाओं के साथ शिक्षा दी जा रही है, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके।

## प्रेरणा कैंटीन से जुड़कर 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन के बड़े सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू हुई इस योजना से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीन से न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मजबूत अवसर भी मिल रहा है। प्रदेश भर में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जो ग्रामीण महिलाओं की तरक्की का मजबूत आधार बन रही हैं। इन कैंटीनों का संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय के साथ-साथ रोजगार का स्थायी साधन भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकासखंड कार्यालय के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को यहां स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे जहां लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है, वहीं महिलाओं की आय भी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्रेरणा कैंटीन की स्थापना की गई है। इसी कड़ी में अब तक 832 प्रेरणा कैंटीन पीएचसी और सीएचसी में स्थापित की जा चुकीं हैं। इन कैंटीनों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं हैं। प्रेरणा कैंटीन से जुड़ी हर महिला को औसतन करीब 10 हजार रुपये से अधिक की मासिक आय हो रही है। इससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

संक्षेप

## यात्री का जेवरात व नकदी भरा बैग चोरी

ललितपुर। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों के सामान की सुरक्षा पर एक बार फिर सवालिया निशान लग गया है। झेलम एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रही एक महिला का हैंडबैग अज्ञात चोर ने पार कर दिया। बैग में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रखी हुई थी। जीआरपी ललितपुर ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना जाखलौन के ग्राम धौर्रा निवासी भारती कुशवाहा पत्नी राजाराम कुशवाहा ने जीआरपी को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार, 6 मार्च की रात करीब 8 बजे ट्रेन संख्या 11078 (झेलम एक्सप्रेस) के जनरल कोच में यात्रा कर रही थीं। जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास थी, तभी अज्ञात चोर ने उनका क्रीम रंग का हैंडबैग चोरी कर लिया। पीड़िता के अनुसार चोरी गए बैग में काफी कीमती सामान था। बैग में सोने की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल और बिछिया के साथ-साथ 10 हजार रुपये की नकदी भी मौजूद थी।

# महिलाओं की शक्ति धरती मां की तरह: रितु शाही



**देवरिया।** स्थानीय फूड जंक्शन होटल मे विश्व महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन अर्चना फाउंडेशन के बैनर तले किया गया जिसका मुख्य विषय कार्यस्थल पर कामकाजी महिलाओं के लिए चुनौतियाँ रखा गया था जिस पर बारी बारी से सभी महिलाओ ने अपनी बात रखी! कार्यक्रम संयोजक मुख्य अतिथि रितु शाही, प्रियंका वर्मा, अंजू केजरीवाल और कार्यक्रम संयोजक हिमांशु कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की! इसके बाद अंजनी द्विवेदी एवं पूनम मणि ने ईश्वर वंदना की !हिमांशु कुमार सिंह ...... ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती लिंग भेदभाव है स्त्री और पुरुष मे अंतर किया जाता है, गरिमा पाण्डेय ने कहा कि पुरुष वर्चस्व समाज मे एक महिला को कमतर आँका जाता है जबकि आज कि महिला हर कार्य करने मे सक्षम है ! ऑन स्टाप सेंटर की नीलू जायसवाल का कहना था कि आज पुरुष दम्भ के कारण ही घरलू हिंसा के मामले बढ़ रहें हैं ! मुख्य अतिथि रितु शाही ने कहा कि वैसे तो महिलाओ के लिए कई संविधानिक अधिकार दिया गया है साथ मे कार्यकारी महिला के अधिकार के लिए अलग कानून भी बनाया गया है लेकिन समाज की सोच मे परिवर्तन लाना होगा !, महिला थाने से सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी ने मिशन महिला शक्ति के ऊपर चर्चा करतें हुए गुड टच एवं बुरे स्पर्श का अंतर समझाया !बाल विकास समिति की अध्यक्ष सावित्री राय ने कहा कि हर दिन महिला के लिए खास है, घर की धुरी का आधार एक महिला घर को बना और बिगाड़ सकती है,प्रियंका वर्मा, अंजनी द्विवेदी, रजनी त्रिपाठी, अनुपम पाण्डेय, अंजली श्रीवास्तव, चांदनी कौर, माया सिंह, सीमा जायसवाल, अर्शिया रहमान, सुमन मालवीय,वर्षा सिंह, आभा श्रीवास्तव, हर्षिता पटेल,गीतांजलि सिंह, पूनम मणि त्रिपाठी, शाइस्ता परवीन, उर्मिला यादव, प्रेमा केडिया, मधु चौरासिआ, डिम्पल, दुर्गावती देवी, सीमा सोनी, दीपिका सिंह, छवि भगवानी, इशिता भगवानी, अंजली अरोरा,कल्पना शुक्ला, अंजना मिश्रा,अंबुजा तिवारी, कविता पाण्डेय, निरुपमा त्रिपाठी दीपिका त्रिपाठी शैल त्रिपाठीआदि लोग उपस्थित थे और अपने विचार व्यक्त किया!

## पिता-पुत्री की मौत पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम साढ़ूमल के पास शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

यहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

इस हृदय विदारक घटना में मोटरसाइकिल पर सवार पिता और उनकी मासूम पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना नाराहट के ग्राम कलरव निवासी पूजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार, 6 मार्च को शाम करीब 6.30 बजे अपने पति बृजेश अहिरवार और पुत्री पूनम के साथ मोटरसाइकिल (यू.पी.94 जेड 3982) पर सवार होकर अपने मायके डोगरा खुर्द से ससुराल कलरव जा रही थीं।

जैसे ही वे साढ़ूमल गांव के पास पहुँचे, सामने से आ रहे एक महिंद्रा ट्रैक्टर (चैचिस सं0-006511260 बी) ने उन्हें टक्कर मार दी।

## पीड़िताओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण किया जायेः सचिव जिला विधिक



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0) शैलजा मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिये। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा सेंटर में आवासित 04 संवासिनियों से वार्ता कर भोजन, पानी, स्वच्छता व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। उनके द्वारा कार्मिक उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनको व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था में पायी गई कमी हेतु कड़ा निर्देश दिया गया। सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धक को सम्बन्धित सुरक्षा प्रभारी से समन्वय स्थापित कर पीड़िताओं की सुरक्षा हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि पीड़िताओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिए इनके सुरक्षा में लापरवाही अक्षम्य होगा। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

## महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए तेरह को समीक्षा बैठक

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में 13 मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे जनपद कुशीनगर के सर्किट हाउस /राजकीय अतिथि गृह में महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक आयोग की सदस्य जनक नंदिनी जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।उक्त कार्यक्रम महिला आयोग के माननीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में संपन्न होगा, जिसमें जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी तथा पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनके द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, संबंधित थानों के क्षेत्राधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। महिला आयोग के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान, महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना है, जिससे उन्हें अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध हो सके।जनपद की समस्त महिलाओं से अपील की जाती है कि यदि उन्हें महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर उत्पीड़न अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या है तो वे 13 मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे सर्किट हाउस / राजकीय अतिथि गृह में आयोजित महिला जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

# संगठित हिंदू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है: मनोज



**अयोध्या।** संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर में का. सु. साकेत महाविद्यालय , अयोध्या के सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र मनोज जी ने कहा कि एकत्व की भावना ही हिन्दुत्व है।सर्वत्र ईश्वर का दर्शन ही सनातन भारत का दर्शन है। हिन्दू सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना करता है, जबकि अन्य देश सिर्फ अपनी ही भलाई चाहते हैं। इसलिए संगठित हिन्दू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है।उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और संगठन द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के कार्यों की चर्चा किया और उन्होंने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के लिए शताब्दी वर्ष महत्वपूर्ण बात है। आज संघ की समाज में स्वीकार्यता बढ़ी है, लेकिन संगठन को सभी लोग निकटता और गहराई से समझें, इसलिए शताब्दी वर्ष में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संघ की व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति पर आज जर्मनी, रूस सहित 50 देश शोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व का समृद्ध देश रहा है, जो दुनियाभर में ज्ञान के अलावा वस्तुओं का निर्यात करता था। इसका उल्लेख विदेशी लेखकों ने भी किया है। फिर भी हमारे देश को पराधीन होना पड़ा।इसका चिंतन करते हुए डॉ. हेडगेवार निष्कर्ष पर पहुंचे कि समाज के बिखराव के कारण ही आक्रांताओं ने हम पर शासन किया। समाज को संगठित करने के लिए उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना की। प्रारंभिक दौर में उपेक्षा और मिथ्या आरोप लगाकर तीन बार प्रतिबंध लगा संगठन की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया। इसके बावजूद संघ मजबूती से आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि धर्म रिलीजन नहीं, यह कर्तव्य है। इसलिए लोगों को माता-पिता सहित समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए।समाज से संगठित होकर देशहित में कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. मंजूषा पांडेय, अयोध्या महानगर सह संघचालक डा. अजय मोहन, साकेत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दानपति तिवारी, गोविंद आश्रम महंत वीरेंद्र दास मंचस्थ रहे। इस अवसर पर अयोध्या महानगर प्रचारक सुदीप, सायं प्रचारक आकाश, महानगर कार्यवाह देवेन्द्र, महानगर सह कार्यवाह राहुल सिंह, प्रांत संपर्क प्रमुख डा. शिव कुमार तिवारी, महानगर संपर्क प्रमुख डा. आलोक सिंह , सह संपर्क प्रमुख रवि दास, कुटुंब प्रबोधन सह संयोजक पवन पांडेय, प्रधानाचार्य अवनी कुमार शुक्ला, विद्या भारती से सेवा. राज कुमार सिंह, बालेन्दु भूषण सिंह, राजीव मणि पाठक, डा. अनिल सिंह, एडवोकेट के. एन. सिंह, रोहित पांडेय, प्रो. अजय कुमार सिंह, डा. प्रणव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, अशोक सिंह नगर संघ चालक डा . संजीव थापर, सुमधुर, समाजसेवी अवधेश वर्मा, डा. आर के सिंह, अवधेश मिश्रा, राम लला नगर कार्यवाह अभय पांडेय, महंत राम मिलन दास, महंत संजीव दास सहित सैकड़ों प्रमुख जन उपस्थित रहें ।

## महंगाई ने आमजनमानस की कमर तोड़ दी : अवधेश चौधरी

**बरहज,देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार चौधरी एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह ने सोमवार को बरहज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महेन, कटईलवा, कपरवार, नौका टोला सहित विभिन्न ग्राम सभाओं का दौरा कर आमजनमानस से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, एसआईआर तथा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोगों से चर्चा की।सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार चौधरी ने कहा कि महंगाई ने आमजनमानस की कमर तोड़ दी है। गैस सिलेंडर सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है और केवल खोखले वादों के सहारे लोगों को लुभाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।उन्होंने कहा कि बरहज कभी रोजगार का प्रमुख केंद्र हुआ करता था, लेकिन आज विकास की दौड़ में पीछे छूटता जा रहा है। यहां अब तक बस अड्डा नहीं बन सका है और ब्रिटिश काल से स्थापित बरहज रेलवे स्टेशन का भी विस्तार नहीं किया गया है। वहीं मोहन सेतु जैसी महत्वपूर्ण परियोजना पर भी सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है।इस दौरान अवधेश चौधरी ने एसआईआर को लेकर भी लोगों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुना।लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह ने कहा कि सपा कार्यकताओं को भोली-भाली जनता को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यों से अवगत कराना होगा। साथ ही भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर कर उत्तर प्रदेश व बरहज विधानसभा क्षेत्र में सपा के नेतृत्व में विकास का परचम लहराना होगा।इस दौरान अर्जुन यादव, रामभवन, रामबृक्ष निषाद, सुरेन्द्र दास, सुदर्शन कनौजिया, राम केवल निषाद, रामप्यारे दास, हरदेव प्रसाद, राजनाथ पासवान, महेश पासवान, वृद्धिचंद मद्देशिया, कैलाश मद्देशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसआईआर सुनवाई का कार्य 3 दिन में पूर्ण करें: एडीएम

जिला संवाददाता



**बहराइच 09 मार्च।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि 03 दिवस में सुनवाई का कार्य पूर्ण कराया जाय।

उल्लेखनीय है कि 80 प्रतिशत से कम सुनवाई वाले 24 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में एडीएम श्री कुमार ने निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में नियुक्त किये गये 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं की सुनाई का कार्य 03 दिवस में पूरा कर लिया जाय। श्री कुमार ने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से तैनात अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा सुपरवाईजर्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मासान्त मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

एडीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते रहें।

उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद रहे।

## मार्च माह के बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति रहें सतर्क: डॉ. आशीष कुमार सिंह

अयोध्या। मार्च माह में सर्दी से गर्मी की ओर मौसम तेजी से परिवर्तित होता है। दिन के समय तापमान बढ़ जाता है जबकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंड बनी रहती है। इस प्रकार के मौसम परिवर्तन के कारण लोगों में सर्दी-जुकाम, खाँसी, गले में खराश, वायरल बुखार, एलर्जी, सिरदर्द तथा पेट संबंधी समस्याएँ बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में आमजन को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। राजकीय डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने कहा कि बदलते मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

इसलिए इस समय संतुलित खान-पान, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या अपनाकर स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि इस मौसम में लोगों को सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए तथा दिन में तेज धूप से बचाव करना चाहिए। साथ ही ताजे फल एवं सब्जियों का सेवन करना, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना तथा बासी एवं ठंडी वस्तुओं के सेवन से बचना भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार एवं बचाव में होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी तथा वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है। होम्योपैथिक औषधियाँ रोगी के लक्षणों के आधार पर दी जाती हैं, जो शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोग से राहत प्रदान करती हैं। मार्च माह के बदलते मौसम में चिकित्सकीय परामर्श से कुछ प्रमुख होम्योपैथिक औषधियाँ उपयोगी हो सकती हैं, जैसेएकोनिटम नैपेलस अचानक ठंडी हवा लगने के सहायक, वायरल बुखार, थकान और शरीर में भारीपन के लक्षणों में उपयोगी मानी जाती हैं।

## जनपद में एलपीजी गैस रिफिल की पर्याप्त उपलब्धता

**कुशीनगर।** जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने जनपद के समस्त गैस उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि वर्तमान में जनपद की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी रिफिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की अफवाह में आकर गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ायें। उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर रिफिल प्राप्त करने के लिए संबंधित एजेंसी/कंपनी के माध्यम से गैस की बुकिंग अवश्य कराएं। बुकिंग के उपरान्त नियमानुसार गैस रिफिल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने जनपद की समस्त गैस एजेंसियों के प्रोपराइटर/संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान पर सभी श्रेणियों के एलपीजी रिफिल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी गैस एजेंसी अथवा गोदाम में अनाधिकृत अथवा अवैध भण्डारण पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बुद्धा पीजी में दोदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 12 से

**कसया, कुशीनगर।** भाषिक विविधता के बावजूद देश में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने और देश में एकता के सूत्र को तलाशने के उद्देश्य से भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय हिंदी निदेशालय और बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। आयोजन को अनेक सत्रों में बांटा गया है। इस संगोष्ठी का उद्घाटन केंद्रीय हिंदी संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर हितेंद्र मिश्र करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल के उपाध्यक्ष और सिद्धार्थ नगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र दुबे करेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो० रमेश चंद्र शर्मा द्वारा संगोष्ठी बीज वक्तव्य दिया जाएगा। उक्त जानकारी संगोष्ठी के संयोजक प्रो गौरव तिवारी ने दी। प्रोफेसर गौरव ने बताया कि में आंध्र प्रदेश से प्रोफेसर आरएस सरार्जू, बंगलुरू से डॉ० ऊषा रानी राव, पोर्टब्लेयर अंडमान में हिंदी के पूर्व अध्यक्ष रहे डॉ० व्यास मणि त्रिपाठी, गोरखपुर विश्वविद्यालय से प्रो० विमलेश मिश्र, प्रो० प्रत्यूष दुबे, सिद्धार्थ नगर विश्वविद्यालय से प्रो हरीश शर्मा, डॉ० जय सिंह यादव, डॉ रेणु त्रिपाठी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से डॉ० अचला त्रिपाठी, कानपुर विश्वविद्यालय से डॉ रमाकांत राय, गोरखपुर विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों से डॉ शत्रुघ्न सिंह, डॉ प्रद्योत सिंह, डॉ विजय निषाद साहित्य जनपद के अनेक महाविद्यालयों के साहित्य के आचार्य अपनी सहभागिता देंगे। संगोष्ठी को छः सत्रों में बांटा गया है। इन सत्रों मे भारतीय भाषा परिवार की अवधारणा, वैश्विक स्तर पर भाषा सम्बन्धी अवधारणाएं, बोलियों के अंतर्सम्बन्ध, भाषा और बोली की अवधारणा, भाषा और समाज, भारतीय भाषा परिवार की आवश्यकता आदि विषयों पर विचार मंथन किया

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने बीती रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नकहनी चौराहे से कुछ दूरी पर भाटपाररानी रोड से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान मुश्ताक अली पुत्र भोला मियां निवासी सतवार थाना तरवारा, जिला सिवान बिहार के रूप में हुई।जांच में पता चला कि बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में थाना कुचायकोट, जिला सिवान बिहार में भी चोरी का मुकदमा दर्ज है।इस प्रकार पुलिस ने वाहन चोरी के मामले का सफल खुलासा कर लिया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ देवरिया और बिहार में वाहन चोरी से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल शिवप्रकाश पांडेय और कांस्टेबल जयदीप दुबे की प्रमुख भूमिका रही।

# रेशम उत्पादन से किसानों की आय बढ़ेगी



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में ह्लरेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माणह्व विषय पर पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यअतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि के कुलसचिव डा. पी.एस. प्रमाणिक ने कहा कि रेशम उत्पादन पर क्षमता निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है जो रेशम उद्योग को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकता है। किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है क्योंकि वे अधिक उत्पादन कर उत्पादों को बेहतर ढंग से बेच सकते हैं। कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सतत रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने, रेशम उत्पादन के ज्ञान, तकनीकी कौशल और व्यावहारिक समझ को बढ़ाना है। कहा कि किसानों और रेशम उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों और प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण देने की जरूरत है। निदेशक प्रशासन डा. सुशांत श्रीवास्तव ने कहा कि रेशम उत्पादन के लिए किसानों को आधुनिक तकनीकियों को अपनाने की जरूरत है। इसके उत्पादन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं दोगुणी हो सकती हैं। किसानों को अपनी आय को बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए रेशम उत्पादन का कार्य एक बेहतर विकल्प बन सकता है। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता डा. सी.पी. सिंह व निदेशक शोध डा. शभू प्रसाद ने भी अपने विचारों को रखा। कृषि विवि एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश चंद्रा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर हुआ पोस्ट-बजट वेबिनार

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सोमवार को शिक्षा, कौशल विकास और ह्लविकसित भारत 2047ह्ल के लक्ष्य पर एक महत्वपूर्ण पोस्ट-बजट वेबिनार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस वेबिनार का मुख्य विषय ह्लसबका साथ, सबका विकास लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करनाः शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिपह्ल रहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा और कौशल के लिए बजट आवंटन पर सरकार ने इस वर्ष शिक्षा मंत्रालय के लिए 1.39 लाख करोड रुपए.आवंटित किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.27 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बजट में एक क्रांतिकारी कदम के रूप में 5 नए विश्वविद्यालय टाउनशिप स्थापित करने की घोषणा की गई है। ये टाउनशिप प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक केंद्रों के पास बनाए जाएंगे ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सीधे उद्योग से जोड़ा जा सके। इनमें अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं सुविधाएं, स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन सेंटर और आवासीय सुविधाएं होंगी।

संक्षेप

## बिना फिटनेस व कागजात के चल रही डग्गामार बस सीज

सीतापुर। पिसावा पुलिस ने अवैध रूप से संचालित एक डग्गामार बस को सीज कर दिया। यह बस मछरेहटा, कल्ली, मिश्रिख, कुतुबनगर और हरदोई होते हुए दिल्ली व पानीपत तक यात्रियों को ले जा रही थी। सोमवार को कुतुबनगर चैकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने चेकिंग के दौरान बस को रोका और उसके दस्तावेजों की जांच की। जांच में बस की फिटनेस समाप्त पाई गई और चालक-परिचालक आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने बस को सीज कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना फिटनेस और वैध अनुमति के चलने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

हिलौली, उन्नाव। मौरावां स्थित प्राचीन सुगमेश्वर मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और धार्मिक वातावरण में किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में नगरवासियों और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने फाग और होली के पारंपरिक गीतों का आनंद लिया। मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालु रंग-गुलाल के साथ होली की खुशियां बांटते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान भक्तों के लिए गुजिया, पापड़ और भोजन की विशेष व्यवस्था मंदिर के प्रबंधक की ओर से की गई थी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। मौके पर एसडीएम एडवोकेट उच्च न्यायालय, सुगमेश्वर मंदिर के प्रबंधक प्रमोद दीक्षित, समाजसेवी भूपेश नंगू सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, मोतीलाल लोधी, शिवा मास्टर, राजू भाई जी, राजू अवस्थी सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में पत्रकार साथियों की भी सक्रिय मौजूदगी रही। जिनमें दिनेश साहू पत्रकार, रामबाबू पत्रकार, श्रीपाल पूर्व पत्रकार, पथिक दादा पत्रकार, शाहिदय शुक्ला, विनीत अवस्थी, राजेश पांडे और संतोष शुक्ला सहित कई पत्रकार साथी शामिल हुए। सुगमेश्वर मंदिर में आयोजित होली मिलन समारोह प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देता नजर आया, जहां लोगों ने एक साथ मिलकर फाग का आनंद लिया और होली के रंगों में सराबोर होकर त्योहार की खुशियां मनाईं।

## बीडीओ को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन के रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने ग्राम पंचायतों में नियुक्ति और संबंधीकरण उनकी सहमति से किए जाने की मांग उठाई। रोजगार सेवकों ने कहा कि उन्हें मूल ग्राम पंचायतों से विषम परिस्थितियों को छोड़कर अन्यत्र न हटाया जाए। प्रदेश स्तर पर इस संबंध में विचार-विमर्श होने के बावजूद अभी तक मूल ग्राम पंचायतों से मुक्त नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा सेल में मनरेगा कार्य के लिए स्थानीय व्यक्तियों को न लगाया जाए, क्योंकि स्थानीय होने के कारण वे कई बार द्वेष भावना के साथ काम करते हैं। मनरेगा का कार्य केवल ऑपरेटर से ही कराया जाए और ऑपरेटर के स्थान पर किसी रोजगार सेवक को न लगाया जाए। रोजगार सेवकों ने यह भी कहा कि मनरेगा सेल में मस्टररोल फीडिंग और भुगतान आदि को लेकर कई नियम बताए जाते हैं, जो जनपद के अन्य विकास खंडों में लागू नहीं हैं। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन कलमबंद हड़ताल करने को मजबूर होगा। इस दौरान धीरज जायसवाल, अनिल राज, रीता मिश्रा, मेवालाल, रामू राज, प्रीतम कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजगार सेवकों की समस्याओं को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा और उनके निर्देशानुसार समाधान किया जाएगा।

# नशा और महिला हिंसा के खिलाफ दिया जागरूकता का संदेश



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। मिश्रिख मेले में उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा एक विशेष सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक कठपुतली कला रही, जिसके माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर प्रभावी प्रहार किया गया। संस्थान की ओर से फगुई का नशा विषय पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई। कठपुतलियों के जीवंत संचालन और संवादों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि नशे की लत किस प्रकार व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करने के साथ-साथ पूरे परिवार को संकट में डाल देती है। नाटक में विशेष रूप से नशे के कारण होने वाली घरेलू कलह और महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्थान के समन्वयक अमित चतुर्वेदी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि लोक कला के माध्यम से सामाजिक सुधार का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की लत और महिला हिंसा समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में पारंपरिक कठपुतली कला के जरिए लोगों को जागरूक कर स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लोक कला के माध्यम से दिया गया संदेश सीधे लोगों के दिल तक पहुंचता है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है।

## न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विजय भान द्वारा सोमवार को समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी न्यायिक मजिस्ट्रेटों से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत के लिए नियत करें तथा उनके निस्तारण के लिए सार्थक और प्रभावी प्रयास सुनिश्चित करें। सचिव विजय भान ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का शीघ्र निस्तारण संभव होता है, जिससे पक्षकारों को त्वरित न्याय मिलता है और न्यायालयों में लंबित वादों का भार भी कम होता है। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारियों से अपील की गई कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर लोक अदालत में प्रस्तुत किया जाए, ताकि अधिकाधिक मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सके और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## सात माह से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों ने दिया ज्ञापन



असोहा, उन्नाव (वीओएल)। ब्लाक के रोजगार सेवकों ने ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में मनरेगा कर्मियों को सात माह से मानदेय ना मिलने पर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर के माध्यम से दिया। वीरेंद्र यादव ने बताया मनरेगा के तहत कार्य करने वाले रोजगार सेवक टीए कम्प्यूटर आपरेटर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य कर्मियों को पहले दीपावली और अब होली त्योहार पर भी मानदेय भुगतान ना होने से पारिवारिक पालन पोषण की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। रोजगार सेवकों को एसआईआर और फ्रॉप सर्वे में भी लगाया गया। उसके साथ साथ पंचायतो मे मनरेगा के कार्य भी लिये जाते है उसके बाद भी समय से भुगतान ना होने पर हम लोग आगे कार्य करने मे असमर्थ है। अगर जल्द मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो कार्यों का बहिष्कार करने पर मजबूर होने की बात कही। इस दौरान पुनीत सिंह, विपिन सिंह, रुद्र बाजपेई, भानु अवस्थी, राकेश कुमार, फिरोज अहमद, अजय कुमार, मुकेश चंद, रजनीश यादव सहित ब्लाक के अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## मांगो को लेकर किसान यूनियन टिकैट गुट ने ज्ञापन सौंपा




पाटन, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में प्रमुख रुप से पंचायत चुनाव के पहले जो भी आवास, शौचालय, खड़ंजा, नाली, रास्ता रुके हुए कार्य समय से कराए जाने की मांग रखी। बिहार गांव में गौरी शंकर मंदिर के आगे खुली नाली में पाइप डलवाने सम्बन्धित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी सुमेरपुर को दिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से मुन्ना सिंह देवारा जिला उपाध्यक्ष, अजय बाजपेई तहसील प्रभारी फते बहादुर, मंगली राजेंद्र अजय देवारा आदि रहे।

## होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल महिलाओं को किया सम्मानित

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा बटसगंज स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रजेश द्विवेदी के संयोजन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मुनेन्द्र अवस्थी और हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कवि प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव और संजय पाण्डेय ने काव्य पाठ किया, जबकि डॉ. वीरेन्द्र आर्या ने होली गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान महिला दिवस के अवसर पर शिखा शर्मा, रेखा द्विवेदी, सीमा बाजपेयी और छात्रा व्याख्या जैन को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया और सभी को खीर, गुजिया व चाट खिलाकर होली की बधाई दी गई। समारोह में संगठन के कई पदाधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण की उठायी मांग सांसद से मिलने की तैयारी



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। इजूरा मोड़ से संकठन घाट तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से संकठन घाट स्थित अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचने में लोगों को काफी परेशानी होती है इस विषय में स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश या कीचड़ के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों में भी लोगों को कठिनाई झेलनी पड़ती है। इस सड़क से आसपास के कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है, इसलिए, लंबे समय से इसके निर्माण की मांग उठती रही है। साथ ही बताया गया कि क्षेत्रीय विधायक ऊषा मौर्य इस सड़क के मुद्दे को विधानसभा से लेकर जिला स्तरीय बैठकों में कई बार उठा चुकी हैं। इसके अलावा सड़क निर्माण के लिए, विभागीय मंत्री, संबंधित विभाग और संबंधित अधिकारियों को भी कई बार पत्र लिख चुकी हैं, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इसी विषय को लेकर ग्राम सभा सुल्तानपुर घोष के निवासियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने बैठक कर चिंता व्यक्त की और समस्या के समाधान के लिए चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सांसद नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी जाएगी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सपा नेता मोहम्मद शहजादे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं भावी प्रधान प्रत्याशी मोहम्मद जफर, पूर्व प्रधान गंगा प्रसाद पाल, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आब्दीन उर्फ मुन्ना मीर, पत्रकार शीबू खान, भावी प्रधान प्रत्याशी जुनेद हक, सपा नेता कमलेश मौर्या सहित कई लोगों ने सड़क की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए जल्द निर्माण कराने की मांग की। इस चिंतन बैठक में पिंटू शुक्ला, मोहम्मद शहरोज, शहाबुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन अहमदपुर, राजदीप पाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन




सीतापुर। भारतीय अटल सेवा संगठन सीतापुर द्वारा रविवार को होली के पावन पर्व के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए संगठन के सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर, गले मिलकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में भाईचारे, सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर संगठन के नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए और उनसे संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठजिला महामंत्री विनीत पाल धनगर (एडवोकेट), जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम शुक्ला, जिला मंत्री सनी सिंह, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गायत्री सिंह, अनुज मिश्रा, त्रिभुवन, आदर्श विश्वकर्मा, अमित, राम किशोर, पवन पाल, गुरनाम सिंह, नवीन सिंह, शोभित सिंह, शक्ति मिश्रा, अर्पित पाल, डॉ. विनय सक्सेना, राम सिंह, प्रेम पांडे सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## होली का पर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश देता है: मुन्नालाल गुप्ता

सीतापुर। श्रीहरिद्वारी वैश्य महासभा की जिला कार्यकारिणी द्वारा शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुई। इसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष मुन्नालाल गुप्ता ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं वृंदावन की तर्ज पर समाज के लोगों ने फूलों की होली भी खेली। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता तेजू ने किया। इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भू-माफियाओं के खिलाफ महिला ने डीएम से लगायी गुहार

मीरजापुर। संक्रमणीय भूमिधरी की जमीन पर दबंग सरहंगो द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में महिला ने बताया है कि दबंग सरहंग लोगों का भू-माफियाओं से सांठगांठ है, जिससे मिलकर उनकी जमीन को कब्जा किए जाने का कुचक्र रचा जा रहा है। वाराणसी के बलुआ बीर हनुमान पाठक की रहने वाली मुन्नी देवी ने सोमवार को जिलाधिकारी मीरजापुर को पत्रक सौंपा है। उन्होंने बताया कि सरकारी सार्वजनिक जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा पर न्यायालय द्वारा 2023 में बेदखली वसूली क्षतिपूर्ति वसूली का भी आर्डर हो चुका है, जिसपर भू माफिया जबरन कब्जा कर बैठे हैं अभी तक छोड़े नहीं है। ऐसे में वह न्यायालय की खुली अवहेलना कर रहे हैं। बताया कि जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र अंतर्गत बलहरा में उनका मायका है, जहां आराजी नंबर 300 रकवा 2400 हेक्टेयर उनकी अपनी संक्रमणीय भूमिधरी है। जिसकी वह मालिक व काबिज हैं। उनके विपक्षी जो काफी दबंग, सरहंग किस्म के लोग हैं उस पर दबंगई और पैसों के बल पर कब्जा करना चाहते हैं।

## जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के सीएचसी में सोमवार को सुबह एक बजे जन औषधि केंद्र का उद्घाटन हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर गरीब को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र क्षेत्र के लोगों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि यह सुविधा गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। जिससे आमजन को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं उक्त औषधि केंद्र का संचालन शोभित वाजपेई के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉक्टर मनोज, अल्का, आदित्य सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## साईं मंदिर का 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना



सीतापुर। सरायन नदी तट स्थित सत श्री साईं शिव शक्ति मंदिर का 20वां स्थापना दिवस रविवार और सोमवार को पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर की स्थापना पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वर्गीय रामलाल राही द्वारा कराई गई थी। सोमवार को मंदिर में स्थापित सभी देवी-देवताओं का स्नान, पूजन, आरती और दर्शन कार्यक्रम पंडित ब्रजेश शास्त्री और पंडित मनोज शास्त्री द्वारा वेद मंत्रों के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान मंदिर के मुख्य न्यासी एवं पूर्व विधायक रमेश राही और उनकी धर्मपत्नी मंजरी राही ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इसके बाद साईं पालकी को मंदिर परिसर में ग्यारह बार परिक्रमा कराई गई। इस दौरान साईं बाबा के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। परिक्रमा के उपरांत साईं भगवान सहित सभी देवी-देवताओं को भंडारे के प्रसाद का भोग लगाया गया। दोपहर तीन बजे से आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में साईं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे एक दिन पहले यज्ञशाला में अग्नि प्रवेश कराया गया और मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु रामकोट स्थित प्राचीन तीर्थ से जल लेकर वापस मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस पुनीत कार्यक्रम में, पूर्व विधायक रमेश राही, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजरी राही, आशा कनौजिया, राकेश राही, वरिष्ठपत्रकार, कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह ह्यप्रतीकह्व, डॉ. आयुष राही, पियूष राही, इन्ने अब्बास, अनुपम श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, साधना गुप्ता, किरण मिश्र, गौरव रस्तोगी, नवीन मिश्रा, राजेश रस्तोगी, संजू साहू, पूजा, विक्रम, कलवती सहित कई श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

# अभियान के तहत शिक्षकों ने भेजे पोस्टकार्ड

उन्नाव। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वाधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चल रहे अनवरत आंदोलन के क्रम में सोमवार को शिक्षक की पाती कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद उन्नाव में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड एवं ईमेल अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव के जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र के नेतृत्व रविवार और सोमवार की सुबह शिक्षकों के घर-घर जाकर उन्हें इस अभियान के प्रति जागरूक किया गया था। साथ ही शिक्षकों को पोस्टकार्ड वितरित करते हुए उनसे 9 मार्च को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री को पोस्टकार्ड व मेल के माध्यम से अपनी बात भेजने का आग्रह किया गया था। इसी क्रम में आज शिक्षकों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से सेवारत शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के विषय में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया समेत कई लोगों को ईमेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से अपनी समस्या बताई। जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि यह संघर्ष केवल किसी एक संगठन या व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शिक्षक समाज के सम्मान और भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे आपसी मतभेदों और व्यक्तिगत समस्याओं को भुलाकर एकजुट होकर इस शिक्षक विरोधी कानून का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि शिक्षक समाज संगठित होकर इस अभियान में भाग लेगा तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी और शिक्षकों की आवाज शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुँचेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार, जिला




अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई अमित शर्मा, नमो नारायण, मदन गोपाल, वीर बहादुर, भीम प्रताप, ज्ञानेंद्र, विजय, रंजीत सिंह, रवींद्र, शैलेन्द्र, संजय सहित जूनियर शिक्षक संघ के विभिन्न शिक्षक साथियों ने पोस्टकार्ड और ईमेल भेज कर अभियान चलाया गया और उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पोस्टकार्ड अभियान में भाग लेने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया इस अवसर पर अनेक शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। जिसमें अर्पित मिश्रा अटेवा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ से अरुण सिंह, अमित सिंह, संजीव सखवार प्रदीप वर्मा प्रशिक्षित स्नातक प्राथमिक शिक्षक संघ, शुभम त्रिवेदी, मयंक चित्रांशी, दिलीप अवस्थी, दीपक वर्मा, अक्षय कटियार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, पवन पांडेय, नमो नारायण श्रीवास्तव, इमरान अली खान, अरविंद सिंह, सुजीत गुप्ता, नीतू, दीक्षा शुक्ल, ममता यादव, अमित शर्मा आदि रहे।

## खड़ंजा निर्माण को लेकर विवाद

सीतापुर। हरगांव विकास खंड की ददवारा ग्राम पंचायत में सरकारी रास्ते पर खड़ंजा निर्माण को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान रामप्रताप ने कुछ ग्रामीणों पर निर्माण कार्य रुकवाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान रामप्रताप के अनुसार वह गांव में सरकारी रास्ते पर खड़ंजा निर्माण करवा रहे थे। इसी दौरान गांव के हरी, दाता, लोही, अरविंद, पवन, रोशन और शंभु सहित कुछ अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य बंद करवा दिया। आरोप है कि इन लोगों ने कहा कि वे यहां खड़ंजा नहीं लगने देंगे। प्रधान का कहना है कि जब उन्होंने काम रोकने का कारण पूछा तो उक्त लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद ग्राम प्रधान रामप्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की शिकायत की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कमलापुर चीनी मिल 17 साल बाद फिर होगी शुरू





जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। करीब 17 वर्षों से बंद पड़ी कमलापुर शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चीनी मिल अब दोबारा चालू होने जा रही है। वर्ष 2009 से बंद यह मिल वर्ष 2017 में मेसर्स एन.आर. इन्फाकॉन प्रा. लि. द्वारा नीलामी में खरीदी गई थी। लेकिन तकनीकी कारणों से अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका था। जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी के अनुसार इस वर्ष मिल प्रबंधन ने भारत सरकार से लाइसेंस प्राप्त कर लिया है और मरम्मत कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके बाद मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र 2025-26 के अवशेष समय में ट्रायल के लिए गन्ना आवंटित करने का अनुरोध किया था। गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए कमलापुर चीनी मिल को गेट क्षेत्र का गन्ना ट्रायल पेराई के लिए आवंटित कर दिया है, जिससे जल्द ही पेराई कार्य शुरू होने की संभावना है। मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र 2006-07, 2007-08 और 2008-09 के बकाया गन्ना मूल्य और गन्ना विकास अंशदान के भुगतान के लिए भी लिखित सहमति दी है। इसके लिए गन्ना आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी सीतापुर की देखरेख में एक समिति गठित की गई है, जिसमें उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, सहकारी गन्ना विकास समिति कमलापुर और मिल प्रबंधन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह समिति अभिलेखों की जांच के बाद नियमानुसार किसानों का बकाया भुगतान कराएगी। कमलापुर चीनी मिल के पुनः संचालन से लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष और 1500 से 2000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही मिल से जुड़े लगभग 15 हजार गन्ना किसान भी लाभान्वित होंगे। लंबे समय बाद मिल शुरू होने और बकाया भुगतान की सहमति मिलने से क्षेत्र के गन्ना किसानों में खुशी का माहौल है। गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने कहा है कि विभाग गन्ना किसानों के हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

संक्षेप

### वरिष्ठतम अधिवक्ताओं की एल्डर्स कमेटी करायेगी चुनाव

ललितपुर। जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता अब समाप्त हो गई है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जनपद में चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी कर दिए हैं। काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ द्वारा पारित आदेश के अनुसार, अब एक माह के भीतर चुनाव प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करना होगा। दस्तावेजों के अनुसार, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन एड. द्वारा प्रेषित पत्र पर संज्ञान लेते हुए बार काउंसिल ने यह निर्णय लिया है। अध्यक्ष/मंत्री जिला बार एसोसिएशन को निर्देशित किया गया है कि वह जनपद के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं की सूची के आधार पर नियमानुसार एल्डर्स कमेटी का गठन करें। यह कमेटी मॉडल बायलॉज के नियमों और उपनियमों के अंतर्गत चुनाव संपन्न कराएगी। बार काउंसिल के आदेश संख्या 156 दिनांक 08 मार्च 2026 के माध्यम से वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद परिणामों से बार काउंसिल को अवगत कराना अनिवार्य होगा। इस महत्वपूर्ण आदेश की प्रति जिला जज और जिलाधिकारी ललितपुर को भी प्रेषित की गई है।

# निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार जनगणना कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करें: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनगणना 2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए जिला स्तरीय जनगणना समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के चयन के बाद सभी कार्मिकों को डिजिटल उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स का चयन और उनकी नियुक्ति की जा चुकी है जबकि सीएमएमएस पोर्टल पर जिला एवं चार्ज के लिए यूजर आईडी बनाने का कार्य तथा फील्ड ट्रेनर्स का चयन एवं नियुक्ति का काम भी पूर्ण हो चुका है।

उन्होंने बताया कि सीएमएमएस पोर्टल पर फील्ड ट्रेनर्स के लिए यूजर आईडी बनाना तथा फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए सीएमएमएस पोर्टल पर प्रशिक्षण बैच बनाने का कार्य प्रगति पर है, जो 15 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के लिए निर्धारित की गई टाइमलाइन के अनुसार सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाना है। इस जनगणना में जाति आधारित गणना को भी शामिल किया गया है, जिसके लिए विशेष सतर्कता और सटीकता अनिवार्य है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के लिए समय से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करें। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जल्द ही डिजिटल टूल्स के उपयोग के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना जो अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य (विभिन्न राज्यों के अनुसार निर्धारित समय में) आयोजित की जाएगी।

द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की वास्तविक गणना जो फरवरी 2027 में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस बार प्रगणकों द्वारा डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराएं ताकि उनको जनगणना के कार्य के लिए नामित किया जा सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग में कार्यरत पंचायत सहायक, सफाई कर्मी एवं रोजगार सेवक, जो मोबाइल, टैबलेट एवं कंप्यूटर का ज्ञान रखने एवं उनका संचालन करने वालों की सूची उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें जनगणना के कार्य में प्रयोग किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा एवं कुणाल रस्तोगी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## रोड़ा गांव में दबंगों ने युवक को लाठी से पीटा

ललितपुर। कोतवाली अंतर्गत ग्राम रोड़ा में आपसी विवाद के चलते दो भाइयों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रोड़ा निवासी रहीश कुमार पुत्र जनु कुमार ने पुलिस को दी लिखित तहरीर में बताया कि रविवार, 8 मार्च की रात करीब 10 बजे वह अपने गांव में ही था।

इसी दौरान गांव के ही निवासी कैलाश और उसके बड़े भाई राजधर पुत्रगण कुन्जा वहां आए और बिना किसी ठोस कारण के अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। कैलाश और राजधर ने मिलकर मारपीट की और सिर पर लाठी से जोरदार प्रहार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर घायल हो गया। वादी का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला आयोग सदस्य ने सुनीं समस्याएं, कार्रवाई के निर्देश



**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने सोमवार को सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई की। उन्होने घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह से संबंधित महिलाओं की समस्याओं को सुना और इनका निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सदस्य अर्चना पटेल ने जमवारा गांव निवासिनी कुरैशा बेगम के पति की मृत्यु हो जाने पर उसे राशन कार्ड, विधवा पेंशन और कन्या सुमंगला योजना का लाभ उसकी बेटियों को दिलाए जाने के निर्देश दिए। नरौली गांव निवासिनी भूरी सिंह ने देवर के मारपीट किए जाने और परेशान किए जाने की शिकायत पर सुरक्षा के निर्देश क्षेत्राधिकारी पुलिस को दिए। सिया जानकी को गांव के दबंग के परेशान करने व गाली-गलौज करने की शिकायत पर थानाध्यक्ष गिरवां को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार शहर की स्वराज कालोनी निवासी अंजना ने पति के मारपीट व अमानवीय व्यवहार किए जाने की शिकायत पर परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। ग्राम मिरजापुर निवासिनी महिला फरियादी ने गांव के लोगों के मारपीट किए जाने की शिकायत जरैली कोठी निवासी ललिता देवी ने खेत की पैमाइश कराए जाने के बारे में प्रार्थना पत्र दिया। इस पर उन्होने एसडीएम सदर को कार्रवाई के निर्देश दिए। बिलबई गांव की महिला ने पड़ोसियों के परेशान करने, सैमरा की फरियादी ने ससुरालीजनों के परेशान करने की शिकायत पर पुलिस अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की संचालित अनेक योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर योजनाओं से लाभान्वित किया जाए साथ ही पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस, महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, कार्यक्रम अधिकारी दिलीप पाण्डेय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण: सोनाली जैन



**ललितपुर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, ललितपुर के सभाकक्ष में अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के आह्वान पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान कर फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन (अभिलाषा) की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में महिला सफाई कर्मियों

**● नगर पालिका में महिला सफाई कर्मचारियों का हुआ सम्मान**

के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

नगर की महिला सफाई कर्मचारियों को उनके समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महिलाओं के योगदान को सराहना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष व अधिकारियों ने महिला सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल, साड़ी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने सभी महिला कर्मियों से अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, नियमित रूप से सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका महिला कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ सफाई प्रभारी गौहर खान, आदेश खटीक अमित पाराशर प्रवीण बेनबार संतोष करोसिया, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चैबे, दीनदयाल, चन्द्र विनोद मिश्रा, विनीत बाबा, कुंजबिहारी बावरा, अमित खरे, अमित कुमार करोसिया आदि मौजूद रहे।

## अवैध शस्त्र की तस्करी करने वाले गिरोह के आठ सदस्य हथियार सहित गिरफ्तार



**बिजनौर।** सुपारी किलर डा0 नीरज चैहान द्वारा नगीना में बीती पांच मार्च को चिकित्सक राजकुमार की गोली मारकर कराई गई हत्या के बाद सक्रिय हुई जनपद पुलिस ने अवैध शस्त्र की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पिस्टल/तमंचे एंव कारतूस बरामद किए है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) प्रकाश कुमार ने सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बीती 05 मार्च को थाना नगीना क्षेत्र के धामपुर रोड स्थित शिवालय हेल्थ केयर सेंटर के संचालक डॉ. राजकुमार की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर विकास उर्फ छोटू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम तिबड़ी थाना धामपुर जनपद बिजनौर द्वारा पूछताछ में बताया गया कि शिवालय हेल्थ केयर सेंटर, नगीना के डॉ. राजकुमार की हत्या में प्रयुक्त तमंचा उसने आर्यन उर्फ राजन पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम मधी थाना धामपुर जनपद बिजनौर से लिया था। पुलिस तभी से अवैध शस्त्र की तस्करी करने वाले गैंग को पकडने के सक्रिय हो गई जिसके बाद अभियुक्त राजन की पूछताछ के आधार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त राजन द्वारा बताया गया था कि अभियुक्तगण माइकल, नबील व विनीत को उसके द्वारा पिस्टल/तमंचा बेचे गये थे, उसकी निशादेही पर उपरोक्त अभियुक्तगण को मय पिस्टल/तमंचा गिरफ्तार किया गया। साथ ही राजन द्वारा यह भी बताया गया था कि वह सभी अवैध शस्त्र आरिफ से लेता है। पूछताछ में थाना नूरपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त अमीउद्दीन उर्फ आरिफ पुत्र शमशुद्दीन निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा की धरपकड हुइ तो उसने बताया कि वह अपने घर अमरोहा में अवैध शस्त्रों का निर्माण तथा उनके मरम्मत का कार्य करते हुए अपने विश्वासपात्र व्यक्तियो के द्वारा बेचने आदि का कारोबार करता है। अभियुक्त आरिफ ने बताया कि आज वह अपने अवैध शस्त्र बेचने हेतु अभियुक्त ललित कुमार पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम तंगरोला थाना नूरपुर व अभियुक्त सीवांत पुत्र चन्द्रप्रकाश चैधरी निवासी ग्राम हसुपुरा हरकिशनपुर थाना नूरपुर को कस्बा नूरपुर में फतियाबाद रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल के पास बेचने आया था, जहां से उनको गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त आरिफ ने पूछताछ पर यह भी बताया कि वह उपरोक्त व्यक्तियो के साथ-साथ ही विनीत कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम जैतरा थाना धामपुर, अभियुक्त शमीम उर्फ माइकल उर्फ मुन्ना पुत्र सज्जादहुसैन निवासी ग्राम उमरी कलां थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, अभियुक्त नबील पुत्र शमीम निवासी मौ० मिल्कियान सफ्दर वाला कुंआ कस्बा व थाना स्योहारा, अभियुक्त शादमान पुत्र शराफत निवासी मौ० नई बस्ती ईदगाह निकट गुलजार मस्जिद कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद तथा अभियुक्त जुल्फिकार पुत्र सतार निवासी ग्राम जमापुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर के माध्यम से जनपद बिजनौर में अवैध शस्त्रों की आपूर्ति करता है। अभियुक्त शमीम उर्फ माइकल उर्फ मुन्ना द्वारा बताया गया कि डा0 परवेज पुत्र मौ0 आकिल निवासी निवासी छजलैट कस्बा व थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, जिसका छजलैट मुरादाबाद में अस्पताल है उसको भी मेरे द्वारा एक पिस्टल 32 बोर 40 हजार रुपए में बेचा गया था, जिसके आधार पर पुलिस टीमों का गठन कर डा0 परवेज की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों के पास से 06 अवैध पिस्टल 32 बोर मय मैगजीन, 05 जिन्दा कारतूस 32 बोर, मैगजीन अलग से, 11 अवैध तमंचे 315 एंव 12 बोर, 07 जिंदा कारतूस 315 बोर अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने पकडे गए सभी आरोपियों का चालान कर उन्हे जेल भेज दिया है।

## महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित




**महोबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 09 मार्च 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई के मीटिंग हॉल में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन परियोजना निदेशक राजेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार आशा ग्रामोत्थान संस्थान महोबा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य, एचआईवी, एड्स, महिला सशक्तिकरण, जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश ने महिला जागरूकता, सशक्तिकरण और उनके सामाजिक उत्थान के विषय में विचार व्यक्त किए। वहीं आशा ग्रामोत्थान संस्थान की काउंसलर अंजना देवी ने एचआईवी, एड्स से बचाव और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में डीसीपीएम कल्पना, पीपीएम सौरभ चौरसिया, काउंसलर गायत्री, एलटी सुशील कुमार, मो अंसार, महेंद्र कुमार, नरविजय सहित आशा ग्रामोत्थान संस्थान के समस्त कर्मचारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## मकान गिराने की डीएम, एसपी से शिकायत

**बांदा।** शहर के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी अधिवक्ता ने डीएम व एसपी को तहरीर देकर कहा कि उसका पक्ष सुने व जाने बगैर रिहायशी मकान गिराकर कुछ लोग सामान, नकदी व जेवर ले गए हैं। अधिवक्ता ने रिपोर्ट दर्ज करने की फरियाद की है। कोतवाली नगर के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी को बताया कि रजिस्टर्ड बैनामा के तहत दाखिल खारिज के बाद वर्ष 2016 में उसने रिहायशी मकान बनाया था। बीते दिनों नोटरी से खरीद फरोख्त कर मकान ध्वस्तीकरण की आड़ में राजेश कुमार गुप्ता पुत्र रामेश्वर, गुड्डू ओझा, सिविल कोर्ट अमीन कामता प्रसाद पांडेय, हल्का पुलिस के सहयोग से उसका मकान ध्वस्त कर नकदी, जेवर व एक लाख की सामग्री ले गए। उसके व उसकी शिक्षामित्र पत्नी अंजली गुप्ता के साथ गाली-गलौज, मारपीट की गई। पीड़ित ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## पुलिस चौकी के नये भवन का उद्घाटन



**बांदा।** शहर कोतवाली की सिविल लाइन पुलिस चैकी के नवनिर्मित भवन का अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने उद्घाटन किया। सिविल लाइन चैकी पहले से ही संचालित थी लेकिन अब बेहतर सुविधाओं एवं व्यवस्थित तरीके से विकसित किया गया है ताकि पुलिसकर्मियों को काम करने में सुविधा रहे साथ ही लोगों को और अधिक त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सेवा मिल सके। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पुलिस चैकी परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैनात पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार गश्त संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेकिंग तथा लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि चैकी के सुदृढ़ीकरण से पुलिस की उपस्थिति और अधिक प्रभावित होगी और अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को विधायक ने बांटे प्रशस्ति पत्र




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सशक्त मंच से शक्ति का सम्मान, थीम पर सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य

**● सशक्त मंच से हुआ शक्ति का सम्मान**

करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, सदस्या उप्र महिला आयोग अर्चना पटेल, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, रुचिका बुंदेला सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।जिले में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक, सदस्या उप्र महिला आयोग, नगर पालिका अध्यक्षा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताया, उन्होंने कहा कि आज हर नारी अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला कोष योजना, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही, आयुष्मान जन आरोग्य योजना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया आदि कई सकारात्मक कार्यों और उनसे महिलाओं के जीवन में हो रहे बदलावों के बारे में बताया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी सहित सभी जनप्रतिनिगणों ने विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं प्रधानाचार्या जीजीआईसी शीलम गुप्ता, समाजसेविका सुधा कुशवाहा, वरिष्ठ लिपिक डीआईओएस कार्यालय प्रेरणा शर्मा व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं व लाभार्थी उपस्थित रहे।

### बांध सुरक्षा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम कल

ललितपुर। बांध सुरक्षा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत माताटीला बांध पर 11 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। डैम रिहैबिलिटेशन एंड इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के तत्वावधान में एसपीएमयू उत्तर प्रदेश द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री जल शक्ति मंत्रालय रामकेश निषाद मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के प्रति स्थानीय समुदायों में जागरूकता उत्पन्न करने, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा बांध के संभावित खतरों से जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### फसलें बचाने को जाखलौन पंप कैनाल नहर चालू करने की मांग

ललितपुर। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर जाखलौन पंप कैनाल नहर को पुनः चालू कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि अंतिम सिंचाई न मिल पाने के कारण क्षेत्र की फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में किसानों ने अवगत कराया कि जाखलौन पंप कैनाल से जुडे अनेक ग्रामों जैसे जाखलौन, जाखलौन तालबेहट, बुढ़वार, दैलवारा आदि क्षेत्रों में किसानों की अंतिम सिंचाई का पानी अभी तक खेतों तक नहीं पहुँच पाया है।

इसके कारण गेहूं और अन्य फसलों के दाने पतले रहने और पैदावार घटने का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि फसल सूखने की स्थिति में किसानों को भारी नुकसान होगा। किसानों को डर है कि इस बार उनकी मेहनत की लागत भी नहीं निकल पाएगी। किसानों ने जिला प्रशासन से विनम्र निवेदन किया है कि किसानों के व्यापक हित को देखते हुए कुछ समय के लिए जाखलौन पंप कैनाल को फिर से चलाने के आदेश जारी किए जाएं। इस दौरान कृष्णकान्त कांकर, आनन्द देवलिया, आशीष कुमार, शिवशंकर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने गायन और नृत्य प्रस्तुतियों से कराया वृंदावन का एहसास




**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के होली महोत्सव में नटराज संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने गायन व नृत्य की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को वृंदावन धाम का एहसास कराया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरसेजा धाम के महंत परमेश्वर दास महाराज ने भारत माता के चित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर की। इसके बाद गायन विभाग की छात्राओं आर्या गुप्ता, प्रियांशी सागर, मान्या चैहान, सानवी द्विवेदी, रिया सिंह गौर, खुशबू के गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

हारमोनियम संगत रोहित कुमार एवं हरिनारायण मिश्र, तबला में संगत अंशराज मिश्रा, आर्गन में संगत हर्षित गुप्ता व मंजीरा संगत पुष्पेन्द्र ने की। कार्यक्रम में गणेश वंदना, फाग गायन, होरी गीत, गाए गए इसके बाद नृत्य विभाग की छात्राओं अनन्या, प्राची, आरची, सौम्या, पिंकी, रौनक, आराध्या सिंह मौर्या, कृतिका, सान्वी, आराध्या गुप्ता आदि ने श्री कृष्णोत्सव राधारमण नृत्य, होरी फाल्गुन रास, वृज की फूलों की होरी नृत्य जब एक साथ किया तो कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों महिलाएं भी नृत्य में सहभागी बन गयीं। विभाग प्रचारक ऋतुराज ने आशीर्वाद वक्तव्य दिया। इसके पश्चात भारत माता की सामूहिक आरती हुई। इसमें जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद, पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, प्रान्त सह सेवा प्रमुख जमुना प्रसाद गुप्त, विभाग कार्यवाह संजय सिंह पटेल, जिला प्रचारक अनुराग, जिला कार्यवाह श्याम सुंदर, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, नरेंद्र सक्सेना क्षेत्रीय अध्यक्ष कालार्पण भारत, विनोद जैन, ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, मुन्नी देवी गुप्ता, नृत्य निर्देशिका शिवानी शुक्ला, लवलेश सिंह, विजय ओमर, जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, प्रचारक राजकुमार, अमित सेठ भोलू, देशराज सिंह, मनोज कुमार, दयानन्द सिंह रहे, मंत्रोच्चारण विष्णु दत्त ने किया। संचालन डॉ0 धनंजय सिंह ने किया।

## धार्मिक संस्थाएं दो सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण दें: सीलिंग अधिकारी

बिजनौर। प्रभारी अधिकारी (सीलिंग) ने बिजनौर ने समस्त धार्मिक संस्थाओ को सूचित करते हुए कहा कि एन्यूटी भुगतान के लिए पात्र जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाएं जो जनपद के एन्यूटी रजिस्टर में दर्ज हो और राजस्व परिषद से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्यूटी प्राप्त करना चाहती है वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन की तिथि से अगलें दो सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण (इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण, कैसिल चैक/पास बुक की प्रमाणित छायाप्रति संस्था विवरण) जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि सबन्धित धार्मिक संस्था एन्यूटी लेने की इच्छुक नही है और उसकी सूचना शून्य मानी जायेगी।

## आयुष चिकित्सकों की कार्यशाला

बांदा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं एच. एल. एफ. पी. पी. टी. की संवेदीकरण कार्यशाला का मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हुई कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार व मंजुला सचान स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर एच एल एफ पी पी टी एजेंसी, एचआईवी ने आयुष चिकित्सकों को टीबी कार्यक्रम एवं एचआईवी एक्ट 2017 के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में जिले के 40 आयुष चिकित्सक मौजूद रहे। इस दौरान प्रदीप कुमार डीपीसी एनटीईपी, बृजेन्द्र कुमार डीपीएम, डाप्कू गणेश प्रसाद डीपीपीएमसी एनटीईपी, योगेन्द्र सिंह डीसीएचएलएफ पीपीटी, एकाउंटेंट आमिर हास्मी एनटीईपी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिहार में बदलाव का दौर

बिहार की सियासत देश को हमेशा चौंकाती रही है। नब्बे के दशक में लालू बिहार की सियासत के हीरो थे। लालू राज को उखाड़ फेंकने के बाद बिहार की सियासत में नीतीश कुमार सबसे चमकदार और स्वीकार्य चेहरा रहे। लेकिन उन्होंने एक बार फिर देश को चौंकाया है। नीतीश कुमार ने अचानक राज्यसभा में जाने का निर्णय क्यों किया है? वह 105 दिन पहले ही 10वीं बार मुख्यमंत्री बने थे। वह 19 साल 4 माह इस पद पर रहे और अब भी 15 अप्रैल तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। नया जनादेश भाजपा-जद (यू) और एनडीए को मिला था। विपक्षी राजद को करारी पराजय देकर सत्ता बरकरार रखी गई थी। मुख्यमंत्री की जिस कुर्सी के लिए नीतीश ने 'पलटूराम' जैसे विशेषण को भी झेल लिया था, उस कुर्सी को अचानक छोड़ने की इच्छा क्यों जताई है? इन सवालों के जवाब तो नीतीश या भाजपा नेतृत्व ही दे सकते हैं, लेकिन यह राजनीतिक लिहाज से बहुत दिलचस्प है और सियासी जानकार आगामी वर्षों में जरूर इसका विश्लेषण भी करेंगे और पर्दे के पीछे का सच भी जानना चाहेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे 'राजनीतिक अपहरण' करार दिया है। अब बिहार का नया मुख्यमंत्री कौन होगा? यह एक सामान्य सवाल है। निश्चित है कि भाजपा का बीते 20 सालों से संचित सपना साकार होने जा रहा है। नीतीश के बेहद करीबी नेताओं तक ने भी पुष्टि की है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। बहरहाल बिहार में चुनाव के दौरान भी नीतीश उम्रदराज और अस्वस्थ थे। विपक्ष के आरोपों को छोड़िए, लेकिन ऐसे कई क्षण सार्वजनिक हुए हैं, जब लगा कि नीतीश मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि जनादेश मिलने और मुख्यमंत्री बनने के 105 दिनों के बाद ही पद छोड़ कर राज्यसभा में जाने की इच्छा व्यक्त करनी थी, तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री की शपथ ही न लेते। सत्ता के नये पांच साल नीतीश को मिले थे। बढ़ती उम्र और गिरते स्वास्थ्य के बावजूद



वह आराम से सरकार चला सकते थे। जनता से जिन वायदों के आधार पर जनादेश हासिल किया था, उन्हें पूरा करने के प्रयास कर सकते थे। यदि अब राज्यसभा में जाकर उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया जाता है, तो उनके पास मंत्रालय, सरकार का नीतिगत एजेंडा, मंत्रालय के रोजमर्रा के दायित्व भी होंगे। यदि नीतीश मुख्यमंत्री बने रहने में असहज, असमर्थ थे, तो वही स्थितियां केंद्रीय मंत्री बनने पर भी होंगी। फिर उन्होंने यह फैसला क्यों किया? अथवा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें बाध्य किया है? सवाल यह भी है कि अब केंद्र की राजनीति में नीतीश क्या साबित करेंगे? वह केंद्र सरकार में कृषि, रेल, सड़क परिवहन मंत्री रह चुके हैं। नीतीश 6 बार सांसद चुने गये और 6 साल तक केंद्रीय मंत्री रहे। प्रधानमंत्री मोदी उन्हें गृह, वित्त, विदेश, रक्षा जैसे अहम मंत्रालय तो दे नहीं सकते, क्योंकि वहां उनके विश्वास-पात्र मंत्री विराजमान हैं। क्या प्रधानमंत्री नीतीश के लिए उप प्रधानमंत्री के पद का सृजन कर सकते हैं? इसके आसार न के बराबर हैं। फिर नीतीश ने ऐसा क्यों किया? जद-यू के उन राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रोने-बिलखने और सड़क पर प्रदर्शन करने को क्यों छोड़ दिया है, जो अपने शीर्षस्थ नेता के बिना नहीं रह सकते, जो छला-ठगा महसूस कर रहे हैं? अभी तक माना जाता रहा है कि नीतीश पर कोई दबाव नहीं डाल सकता और न ही कोई उन्हें बाध्य कर सकता है, लेकिन यह निर्णय उनका अपना नहीं लगता। बेशक उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट लिखी है। उन्हें बाध्य किया गया लगता है कि अब आप राष्ट्रीय राजनीति में योगदान करें और मुख्यमंत्री पद भाजपा सौंप दीजिए। हमारा सवाल यह भी है कि यदि नीतीश केंद्र में सक्षम और सक्रिय रहेंगे, तो मुख्यमंत्री के तौर पर क्या दिक्कत थी? बिहार का मौजूदा जनादेश नीतीश के चेहरे और विजन पर ही दिया गया था। भाजपा ने 89 और जद-यू ने 85 सीटें जीतीं थीं। नीतीश ने जिस तरह बेदाग, निर्विवाद, समावेशी, समाजवादी न्याय, अति पिछड़ों और महिलाओं की राजनीति 45 लंबे सालों तक की है, वह अद्वितीय रही है। उनके करीब 20 साल के मुख्यमंत्री काल में बिहार बदला है, लेकिन आज भी बिहार सबसे गरीब राज्य है। इसलिए अगर भाजपा अपना सीएम बनाती है, तो उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वह बिहार को गरीबी से निकाले और रोजगार के मौके युवाओं के लिए बढ़ाये।

---

विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.


मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

# रैपर बालेन शाह संभालेंगे नेपाल की सत्ता



शाहिद ए चौधरी

सियासत में आने से पहले भी बालेन शाह जाने-माने चेहरा थे। एक उत्साही टीवी प्रेजेंटटर के रूप में हर घर में उनको पहचाना जाता था और भ्रष्टाचार का विरोध करने की वजह से उनकी ख्याति में चार चांद लग गये थे। साल 2022 के चुनाव से पहले उन्होंने आरएसपी का गठन किया था। वह किसी दलगत संरचना की बजाय छोटे पर्दे से आगे आये।

नेपाल में पुरानी राजनीतिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। काठमांडू के मेयर व पूर्व रैपर बालेंद्र शाह, जो बालेन शाह के नाम से अधिक विख्यात हैं, के नेतृत्व वाली नव-निर्मित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की जबरदस्त आंधी में सभी पुरानी व स्थापित पार्टियां, जो नेपाल में राजशाही समाप्त होने के बाद सत्ता पर विभिन्न गठजोड़ों से अपना कब्जा बनाये रखती थीं, सूखे पत्तों की तरह उड़ गई हैं। इस लेख के लिखे जाने तक आरएसपी ने प्रतिनिधि सभा की 165 फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सीटों में से 115 पर या तो जीत दर्ज कर ली थी या निर्णायक बढ़त बना ली थी, जबकि शेष 110 सीटें आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से भरी जायेंगी। नेपाल में 8-9 सितम्बर 2025 को हुए जेन-जी आंदोलन के बाद पहली बार आम चुनाव हुए थे और 5 मार्च 2026 को हुए मतदान में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ था, कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी के मुताबिक। जेन-जी आंदोलन में 77 व्यक्तियों की मौत के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने इस्तीफा दे दिया था और 12 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री की शपथ दिलायी गई थी, जोकि इस पद पर पहुंचने वाली नेपाल में पहली महिला हैं।

जेन-जी आंदोलन को पुरानी राजनीतिक व्यवस्था पर चुनावी जीत में बदलने वाले बालेन शाह नेपाल के अगले प्रधानमंत्री होंगे। हिमालय देश के इस नये नेता से जेन-जी ने कहा है, हमने तुम्हारे पक्ष में मतदान किया है, अब काम को सही से अंजाम दो। गौरतलब है कि नेपाल में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, महंगाई, बेरोजगारी आदि से परेशान होकर जेन-जी आंदोलन हुआ था। अब नेपाल की जनता चाहती है कि बालेन शाह उनकी उम्मीदों पर खरे उतरें और इन समस्याओं का समाधान करें। काम बहुत मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। बालेन शाह के पक्ष में मुख्य रूप से दो बातें जाती हैं। एक, उन्हें स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है, जिससे उनकी सरकार के अल्पमत में आने का खतरा नहीं रहेगा, जैसा कि पिछली सरकारों पर मंडराता रहता था। साथ ही उन्हें अपनी



नीतियों को लागू करने व अपने वायदों को पूरा करने के लिए पूरे पांच वर्ष का समय मिलेगा। दूसरा यह कि मंझे हुए नेताओं जैसे केपी ओली, माधव कुमार, प्रचंड आदि की राजनीतिक चालों से काफी हद तक महफूज रहेंगे। लेकिन बालेन शाह के पास अनुभव की कमी है, बावजूद इसके कि वह काठमांडू के मेयर रहे हैं। मेयर और प्रधानमंत्री के पदों में बहुत अंतर होता है। प्रधानमंत्री पर देश की जिम्मेदारी तो होती ही है, साथ ही दूसरे देशों से संबंधों में संतुलन बनाये रखने का भी दायित्व होता है। बालेन शाह के समक्ष तो सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि काठमांडू दोनों नई दिल्ली व बीजिंग से संबंधों में कैसे संतुलन बनाये रखें।

नेपाल

आगे बढ़ने से पहले नेपाल की प्रशासनिक व्यवस्था को समझने की आवश्यकता है। नेपाल में संसदीय प्रणाली है, संघीय संसद नेपाल। इसकी स्थापना 2018 (2074 बीएस) में हुई, जिसके दो सदन हैं- राष्ट्रीय सभा (नेशनल असेंबली) और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव)। राष्ट्रीय सभा में 59 सदस्य होते हैं, जिनमें से एक-तिहाई हर दो साल पर रिटायर होते हैं यानी यह स्थायी सदन है, जिसके एक सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष तक का होता है। इस सदन के 8 सदस्यों को सात प्रांतों के इलेक्टोरल कॉलेज द्वारा चुना जाता है और तीन को सरकार की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। इनमें से कम से कम तीन महिलाएं, एक दलित व एक सदस्य डिसेबल्ड समूह से होना जरूरी है। प्रतिनिधि सभा में 275 सदस्य होते हैं, जिनमें से 165 को एकल-सदस्य चुनाव क्षेत्र से फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट-वोटिंग के माध्यम से चुना जाता है यानी एक चुनाव क्षेत्र में जिस प्रत्याशी को सबसे अधिक मत मिलते हैं, उसे विजयी घोषित कर दिया जाता है। शेष 110 सदस्यों को आनुपातिक चुनावी व्यवस्था से चुना जाता है, जिसमें मतदाता पूरे नेपाल को एक चुनावी क्षेत्र मानकर राजनीतिक पार्टियों के पक्ष में मतदान करते हैं। इस बार के आम चुनाव में 65 राजनीतिक पार्टियां मैदान में थीं। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष के लिए होता है या जब तक मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति प्रतिनिधि सभा को भंग न कर दें। नेपाल के संविधान के अनुसार संघीय संसद सहित सभी सार्वजनिक कार्यालयों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण है। इस गारंटी के बाद से नेपाल में हर जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ गया है। बहरहाल, नेपाल में जिस तेजी से 50-वर्षीय रबी लामिछाने एक राजनेता के रूप में उभरे हैं, उतनी तेज प्रगति कम ही लोगों ने की है।

सियासत में आने से पहले भी वह जाने-माने चेहरा थे कि एक उत्साही टीवी प्रजेंटर के रूप में हर घर में उनको पहचाना जाता था और भ्रष्टाचार का विरोध करने की वजह से उनकी ख्याति में चार चांद लग गये थे। साल 2022 के चुनाव से पहले उन्होंने आरएसपी का गठन किया था। वह किसी दलगत संरचना की बजाय छोटे पर्दे से आगे आये। उन्होंने किसी विचारधारा को नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की वजह से, जो जनता में बेचैनी थी, उसे बेचा। नवम्बर 2022 के चुनाव में उनकी आरएसपी ने 20 सीटें जीती थीं और वह संसद में चैथी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थीं। गठबंधन की राजनीति के दौरान लामिछाने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की सरकार में उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री बनने में कामयाब रहे। फिर जनवरी 2023 में नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अवैध नागरिकता कागजात के आधार पर उनकी सदस्यता पर विराम लगा दिया, लेकिन उन्होंने वापसी की और नई गठबंधन सरकार में फिर गृह मंत्री बने। जब सत्ता उनके करीब नजर आयी तो वह व्यवस्था से सौदेबाजी करने के लिए तैयार रहे, लेकिन अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के चलते उन्होंने अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक चाल चली। जब सितम्बर 2025 में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की वजह से जेन-जी आंदोलन शुरू हुआ और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व दमन के विरोध में विद्रोह बन गया तसे लामिछाने संदिग्ध स्थितियों में नक्कू जेल से बाहर आये, जहां वह विवादित सहकारिता केस के तहत बंद थे। इस समय वह आरोपी कम व जनता के गुस्से के प्रतीक अधिक नजर आ रहे थे, तब उन्होंने बालेन शाह से हाथ मिलाने का फैसला किया।

लामिछाने ने अपनी अपील की सीमाओं को पहचाना और दिसम्बर 2025 में आरएसपी में शामिल हुए बालेन शाह को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया, जबकि वह स्वयं पार्टी के अध्यक्ष बने रहे। बालेन व उनके समर्थकों को आरएसपी में लाना लामिछाने की स्मार्ट व रणनीतिक चाल साबित हुई। आरएसपी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर इस हिमालयी देश के नये नेताओं को युवा नेपालियों ने एकदम स्पष्ट संदेश दिया है, 'हमने तुम्हारे पक्ष में मतदान किया है, अब काम को अपने वायदों के अनुसार अंजाम दो।' इस कामयाबी के जश्न में होली का जो गुलाल बचा था, उसे बरसा दिया गया, ढोल भी बजा दिये गये, पुरानी पार्टियों को सजा भी दे दी गई, लेकिन साथ ही कुछ गहरे मुद्दों- भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कमजोर जन सेवाएं, भाई-भतीजावाद, राजनीतिक दंड मुक्ति और अवसरों का अभाव, का समाधान शेष है। नेपाल में इस समय भावना, विशेषकर युवाओं में, यह है कि जब तक 35-वर्षीय बालेन शाह इन समस्याओं का हल नहीं करेंगे, तब तक 'सितम्बर क्रांति' का कोई अर्थ नहीं है।

---

सोशल मीडिया

शेरों के लिए सोहर गाओ, जिस बड़ी सोच के साथ एशियाई शेरों के लिए हमने इटावा लायन सफारी शुरू की थी, वो फलीभूत हो रहा, यहां एशियाई शेरों का कुनबा बढ़ रहा। अखिलेश यादव.



कोलकाता पं. बंगाल में स्वामी रामकृष्ण परम हंसजी की साधना स्थली के रूप में प्रसिद्ध पावन दक्षिणेश्वर काली मंदिर में माँ काली के दर्शन व पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। केशव प्र.



सिविल सर्विस एक्जाम 2025 को सफलता पूर्वक पास करने वाले सभी लोगों को बधाई। उनकी लगन और कड़ी मेहनत ने उनको यह मुकाम दिलाया है। नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री.



# प्रकृति के उपहार

अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का परिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

# आटा-दाल के पड़े लाले....

व्यंग्यलोक

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी! एक किलो आटा देना बोतल में! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर! एक किलो आटा देना! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।



रामविलास जॉगिड़

# नये ट्रेंड से और खूबसूरत हुआ साहित्य का लैंडस्केप





साहित्य-संसार

साहित्यिक संसार निरंतर विकसित करते हुए विस्तृत सामाजिक, सांस्कृतिक व तकनीकी परिवर्तनों को प्रतिविम्बित करता रहता है। हाल के वर्षों में साहित्य में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंड्स सामने आये हैं, जो साहित्यिक लैंडस्केप को एक नया लुक प्रदान कर रहे हैं। ये ट्रेंड्स न केवल कहानियां सुनाने व सुनने के तरीकों को बदल रहे हैं बल्कि दोनों पाठकों व लेखकों के लिए अवसरों का विस्तार भी कर रहे हैं। आइये कुछ महत्वपूर्ण ट्रेंड्स का जिक्र करते हुए साहित्यिक समुदाय पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। आज साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण ट्रेंड यह है कि विविधता और समावेश पर बल दिया जा रहा है। पाठक उन कहानियों की तलाश कर रहे हैं जो विविध प्रकार के अनुभवों, संस्कृतियों और पहचानों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मांग के कारण प्रकाशक विविध पृष्ठभूमि के लेखकों के कार्यों को वरीयता दे रहे हैं, जिससे साहित्यिक लैंडस्केप अधिक समृद्ध हो रहा है।

लेखकों के लिए यह ट्रेंड उन विशिष्ट अनुभवों को शेयर करने के दरवाजे खोल रहा है, जिन्हें अभी तक अनदेखा किया जा रहा था। यह लेखकों के लिए चुनौती भी है कि वह चरित्रों व संस्कृतियों का अधिक ईमानदारी से चित्रण करें, फलस्वरूप साहित्यिक जगत ज्यादा समावेशी होता जा रहा है। इस वजह से, मसलन, एंजी थॉमस की 'द हेट यू गिव' और या ग्यासी की 'होमकमिंग' को न सिर्फ आलोचकों ने खूब पसंद किया बल्कि उन्हें कमर्शियल सफलता भी मिली। इन दोनों पुस्तकों का ताना बाना भूख के इर्दगिर्द बुना गया है, लेकिन अलग अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में। इसके अतिरिक्त साहित्यिक फेस्टिवल व अवाड्र्स भी निरंतरता से विविध आवाजों की पहचान करते हुए उनका जश्न मना रहे हैं। रुओनवाइसेज जैसी पहल हाशिये पर पड़े समुदायों के लेखकों द्वारा लिखी पुस्तकों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे मालूम होता है कि उद्योग प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह समावेश साहित्यिक लैंडस्केप को तो सुंदर कर ही रहा है बल्कि साथ ही पाठकों में दया व समझ की भावनाओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है। डिजिटल प्लेट फॉर्म्स और स्व-प्रकाशन के आगमन ने साहित्यिक संसार को लोकतांत्रिक बना दिया है। अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए लेखक अब केवल परंपरागत प्रकाशकों पर निर्भर नहीं हैं। अमेजन, किंडल, डायरेक्ट पब्लिशिंग और वाटपैड जैसे प्लेटफॉर्म्स लेखकों को स्वतंत्र रूप से अपने कार्य प्रकाशित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे साहित्यिक रचनात्मकता की एक नई लहर आ गई है।

इस ट्रेंड से नई आवाजों व विधाओं का विस्फोट हुआ है, पाठकों को साहित्य का बड़ा कैनवास मिला है। लेकिन इससे क्वालिटी कंट्रोल व मार्किट सेचुरेशन जैसी चुनौतियां भी सामने आयी हैं, जिससे स्व-प्रकाशित लेखकों के लिए आवश्यक हो गया है कि वह प्रोफेशनल सम्पादन व मार्केटिंग में निवेश करें। इसके अतिरिक्त ई-बुक्स और डिजिटल रीडिंग उपकरणों ने साहित्य को पहले से अधिक पाठकों तक पहुंचाया है। पाठक अब पूरा पुस्तकालय अपनी जेब में लेकर चल सकते हैं और एक बटन क्लिक करके लेखक ग्लोबल पाठकों तक पहुंच सकते हैं। डिजिटल क्रांति के कारण ई-बुक्स में मल्टीमीडिया तत्व भी शामिल किये जाने लगे हैं, जिससे पाठकों को कहानी का एक अलग ही अनुभव होता है। दैनिक या साप्ताहिक किस्तों में कहानी पाठकों को पढ़ाने का ट्रेंड बहुत पुराना है, जिसे 19वीं शताब्दी में चार्ल्स डिकेंस ने पॉपुलर किया था, बीच में यह ट्रेंड बंद हो गया था, लेकिन अब सबस्टैक व पैटरिऑन जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिये यह फिर लौट रहा है। इस ट्रेंड में लेखकों को आमंत्रित किया जाता है कि वह अपने कार्यों को किस्तों में जारी करें, अक्सर सीधे अपने पाठकों को, सब्सक्रिप्शन मॉडल के जरिये। किस्तों वाला फिक्शन लेखकों और पाठकों के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है, जिसमें सामुदायिकता और अनुमान का भाव भी होता है। पाठक उत्सुकता से अगली किस्त की प्रतीक्षा में रहते हैं और लेखक वफादार पाठकों की जमात एकत्र कर लेता है। क्लाइमेट चेंज पर बढ़ती चिंताओं के कारण साहित्य पर्यावरण विषयों को प्रतिविम्बित कर रहा है, जिसे क्लाइमेट फिक्शन कहा जा रहा है। इन कहानियों में बताया जाता है कि पर्यावरण संकट का मानवता व ग्रह पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार पाठकों को जागृत किया जाता है कि वह इस विषय पर गंभीरता से सोचें। **वीओएल.**

## कला जगत

## इन्फ्रा सेक्टर में विकास

मोदी सरकार देश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है। राजमार्गों के विकास पर सर्वाधिक फोकस कर रही है। दरअसल जिन्होंने देश में बुनियादी ढांचा विकास से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में देखा-सुना है उनको अच्छी तरह मालूम है कि यहां दो-चार किलोमीटर की सड़क बनने में भी शिलान्यास और उद्घाटन के बीच पांच-सात साल लग जाता था। विकास की परियोजनाएं कैसे यहां आगे खिसकती हैं इसे समझने के लिए बहुउद्देशीय एवं वृहद जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट सरदार सरोवर परियोजना पर गौर किया जा सकता है। सरदार सरोवर परियोजना का शिलान्यास देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया था और लोकार्पण वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मुझे भी एक पुल के बारे में जानकारी है जिसका करीब आठ बार शिलान्यास किया गया और तीन दशक में बनकर तैयार हुआ। जब विकास परियोजनाओं का यह हाल देश में रहा हो, तो सहसा यह भरोसा करना कठिन हो जाता है कि कोई सरकार दो-तीन साल में दिल्ली से मुंबई के बीच करीब चौदह सौ मिलोमीटर का एक्सप्रेस वे दो-तीन साल में बनाकर शुरू कर देगी। फिलहाल नितिन गडकरी ने देश से वायदा किया है कि देश के रोड इन्फ्रा को अमरीका के बराबर कर देंगे। गडकरी के इस दावे में कुछ अतिश्योक्ति हो सकती है, लेकिन जिस तरह उन्होंने देश की सड़कों का कायाकल्प किया है उससे यह बात माननी पड़ेगी कि आज अगर देश के सभी नगर, महानगर हाइवे, एक्सप्रेस से जुड़ रहे हैं, सड़कों की शक्ल-ओ-सूरत बदली-बदली हुई नजर आती है, तो इसमें सबसे अधिक योगदान विभागीय मंत्री के रूप में नितिन गड़करी का ही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रसे वे परियोजना गडकरी की प्राथमिकता वाली परियोजना है। देश की आर्थिक प्रगति में बुनियादी ढांचा और इसमें भी हार्डकोर इन्फ्रा के रूप में सड़कों का सबसे अधिक योगदान है। ऐसे में जैसे-जैसे देश में एक्सप्रेस वे, हाइवे और जिले से लेकर गांवों तक सड़कों का संजाल बिछता जायेगा, रेलवे, रोडवेज, एयरवेज, वाटरवेज के माध्यम से देश में कनेक्टिविटी और गति बढ़ेगी उसी तरह देश की प्रगति भी तेज होगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश की आर्थिक और राजनीतिक राजधानी को आपस में जोड़ने में महती कड़ी साबित होगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त होने से, माल ढुलाई का समय घटने से, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी बढ़ने से इन राज्यों का विकास भी तेज होगा।

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

## श्रमिकों की सेवा सुरक्षा

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

## संक्षेप

### रंगोत्सव में सम्मानित हुईं स्मिता सहाय श्रीवास्तव

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के परमहंस महाविद्यालय के प्रांगण में रामाय ट्रस्ट और श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रंगोत्सव कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग में कार्यरत, पत्रकार,शिक्षाविद, समाजसेविका स्मिता सहाय श्रीवास्तव को विशिष्ट अतिथि के रूप में उनके कार्यों को देखते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामाय ट्रस्ट और महाविद्यालय की प्रबंधिका वंदना उपाध्याय और अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय की ओर से किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर आयोजक वंदना उपाध्याय, व प्रथम महापौर अयोध्या ऋषिकेश उपाध्याय जी ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित स्मिता सहाय श्रीवास्तव के कार्यों को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया,साथ ही साथ आई हुई अन्य महिलाओं का स्वागत, सम्मान करते हुए उन्हें रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्रीवास्तव ने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# रमजान जुलूस व अलविदा नमाज की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन तैयार



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रमजान के पवित्र महीने में निकलने वाले जुलूसों और अलविदा की नमाज के सकुशल समापन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में, कोतवाली नगर में सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक के बाद जानकारी देते हुए सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि 09, 10 और 11 मार्च को रमजान के जुलूस निकाले जाएँगे। कोतवाली नगर क्षेत्र में कुल 10 जुलूस निकलने हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अलविदा की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।

- सीओ सिटी ने कोतवाली नगर में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ की बैठक

प्रशासन ने ईदगाहों का दौरा कर साफ-सफाई की तैयारियों का भी जायजा लिया है। ईद के त्यौहार के दौरान जिन-जिन स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी, उन सभी संवेदनशील बिंदुओं पर कड़ी चेकिंग की गई है। बैठक में रमजान के जुलूसों के दौरान सामने आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं, जैसे प्रकाश व्यवस्था और जुलूस के रास्तों पर गंदगी की साफ-सफाई पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी एव नगर कोतवाल अश्वनी पांडे ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अयोध्या की 97 गौशालाओं में 14,800 गोवंश संरक्षित

**अयोध्या।** जिले में गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन की सक्रियता और बेहतर प्रबंधन की मिसाल सामने आई है। जिले की कुल 97 गौशालाओं में वर्तमान में 14,800 गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 87 गौशालाएं संचालित हो रही हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में 10 गौशालाएं हैं। इन गौशालाओं में चारा, पानी, स्वच्छता और चिकित्सा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी गई हैं, जिससे निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय मिल रहा है।

अयोध्या में गोवंश संरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उनके निर्देश पर प्रशासन लगातार प्रयासरत है ताकि घुमंतू पशुओं को उचित देखभाल मिल सके और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो। इसी कड़ी में जिले की गौशालाओं में नियमित देखभाल, पौष्टिक आहार और चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप गोवंश स्वस्थ रह रहे हैं और उनकी संख्या में भी स्थिरता बनी हुई है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्र देव ने इस संबंध में कहा कि अयोध्या जिले में गोवंश संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सभी 97 गौशालाओं में चारा-पानी, स्वच्छता और चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गोवंशों की नियमित देखभाल से वे स्वस्थ और सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हम निराश्रित गोवंशों को बेहतर आश्रय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहरी क्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला कान्हा गौशाला है, जिसमें 4000 गोवंशों की क्षमता है। यह गौशाला अकेले ही बड़ी संख्या में निराश्रित पशुओं को संरक्षित करने में सक्षम है। इसके अलावा अन्य गौशालाओं की क्षमता 400, 300 या 250 के आसपास है, जो विभिन्न आकारों में फैली हुई हैं। इन सभी में गोवंशों के लिए हरा चारा, सूखा चारा, पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। प्रशासन द्वारा गौशालाओं में आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है, जैसे कि सीसीटीवी निगरानी, जिससे 24 घंटे व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा सकती है। मॉनिटरिंग के लिए विकास भवन में सेल बना है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विशेष शिविर का शुभारम्भ



**जैदपुर, बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कॉलिज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का सात दिवसीय विशेष शिविर चयनित ग्राम रहीमाबाद एवं सताबां में महाविद्यालय प्रबन्धक इंजीनियर अरुण कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण एंव दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रबन्धक श्री वर्मा ने कहा कि विशेष शिविर के माध्यम से व्यक्तित्व के भीतर अनुशासन, सामाजिक सेवा का भाव उत्पन्न होता है। एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीण विकास, आपदा राहत और सामाजिक सुधार कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चीफ प्रॉक्टर विनोद कुमार गौतम ने कहा कि यह योजना छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती है। कार्यक्रमाधिकारी हनुमान ज्ञानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से स्वयंसेवकों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क जैसे गुणों का विकास होता है। कार्यक्रम में प्रवक्ता अवधराम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दीपक सिंह, प्रदीप कुमार, मधुबाला, रामरूप वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अपूर्व वर्मा, दिनेश चंद, इंद्राज वर्मा, उदय राज, अमरेश कुमार वर्मा, इनायत अली आदि शामिल रहे।

## यूपीएससी मे चयनित विद्यार्थियों को पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने किया सम्मानित



**बाराबंकी।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में पास हुए होनहार विद्यार्थियों अभिजीत नंदन, अनुपम वर्मा व सुयेश द्विवेदी के आवास पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने पहुंच बधाई दी। इस मौके पर पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने कहा कि पिछले कई वर्षों से जिस प्रकार हर वर्ग के विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन के द्वारा जनपद को गौरवान्वित कर रहे हैं, उससे जिले का नाम दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। आने वाले समय में जनपद के होनहार विद्यार्थी ऊंचे-ऊंचे पदों पर विराजमान होंगे और जिला यूँ ही गौरवान्वित होता रहेगा। इस मौके पर के0सी0 श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, मोनू सिंह, अजय रावत, सूरज रावत, गोपी कनौजिया, श्रीकान्त मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# अवध विवि की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा शुरू



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की परीक्षा नवीन परिसर स्थित तुलसी भवन में शुरू हुई। प्रथम दिवस के दो पालियों की परीक्षा में कुल 27 विषयों की परीक्षा हुई जिनमें 225 परीक्षार्थियों में 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर प्री पीएचडी कोर्स वर्क में 27 विषयों की परीक्षा सकुशल शुरू हुई। इस परीक्षा में 225 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स प्रश्न पत्र एवं द्वितीय पाली में कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रश्न पत्र की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कल दूसरे दिन मंगलवार को कोर्स वर्क के तृतीय प्रश्न पत्र की परीक्षा प्रथम पाली में कराई जायेगी। प्री पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के समन्वयक प्रो. फरुख जमाल ने बताया कि पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराई गई है। इसके उपरांत प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर परीक्षा से संबंधित अधिकारियों का औचक निरीक्षण किया और परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# पत्रकार परिवार का होली मिलन समारोह संपन्न

**अयोध्या।** शहर के स्टार सिटी होटल में पत्रकार परिवार की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह रविवार को हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी रहे। विशिष्ट अतिथियों में सीओ अरविंद सोनकर, सीओ सिटी श्रेयस त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन, वरिष्ठ पत्रकार रमा शरण अवस्थी, प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव तथा एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक रूपेश श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलवंत चैधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लोगों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने अपने संबोधन में कहा कि होली मिलन समारोह आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व हमें ईर्ष्या-द्वेष को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और सामाजिक संबंधों को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस सुंदर आयोजन के लिए आयोजकों और पत्रकार परिवार की सराहना की। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए होली पर्व की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला तथा समाज में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच समाज सेवियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



सम्मान पाने वाले समाज सेवियों में डॉ डीआर भुवन अंतरराष्ट्रीय शूटर, निहारिका श्रीवास्तव (लीला हारी फाउंडेशन अयोध्या ) गरीब असहाय की मदद करना व विभिन्न सामाजिक कार्य में अपना योगदान देने वाली समाजसेविका, रितेश मिश्रा, राजीव मदान समाजसेवी, राजेश सिंह मानव शामिल थे। इस अवसर पर आयोजक रूपेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव और सुबोध श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में मौजूद सभी पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में पत्रकारों ने भी अपने विचार रखते हुए आपसी एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद पांडेय ने किया। अंत में सभी ने फूलों की होली खेल कर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## कांशीराम की जयंती की तैयारियो को लेकर बसपा कार्यालय पर हुई बैठक



**बाराबंकी।** बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम साहब की 92वीं जयंती पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाये जाने को लेकर बड़ेल स्थित बसपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष तुलसी प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आवश्यक बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि अयोध्या मंडल प्रभारी अजय गौतम ने कहा कि बामसेफ, डीएस-4 और बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में कांशीराम स्मारक स्थल, पुरानी जेल रोड लखनऊ में 15 मार्च को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे कार्यकताओं से अपील है कि अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इसी दिन कार्यकर्ता यह संकल्प भी लेंगे कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बहुजन समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई जाएगी। इसके लिए पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक का संचालन प्रेम प्रकाश गौतम ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, दिग्विजय गौतम, डॉ0 माधव सिंह पटेल, प्रमोद गौतम, रविकांत, नवमी लाल फौजी, आसिफ खान, विवेक यादव, प्रदीप गौतम, सत्य कुमार, सुधीर कुमार, राजू चैधरी, दुर्गा प्रसाद रावत, उमेश कुमार मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी नीना शर्मा ने लिया विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक, जनपद नोडल अधिकारी नीना शर्मा ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और तेजी बनाए रखने के निर्देश दिये। नोड़ल अधिकारी शर्मा ने बेगमगंज में निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अस्पताल के सभी कमरों में आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक बेड तक ऑक्सीजन गैस की सुव्यवस्थित आपूर्ति के लिए पाइपलाइन व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा।

- निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर अस्पताल का निरीक्षण, आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- देवा सीएचसी, गौ संरक्षण केंद्र, नगर क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं में सुधार पर जोर

उन्होंने जिला अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन गैस प्लांट का भी अवलोकन किया। नोडल अधिकारी ने राजकीय कार्यालय परिसर में बने ट्रांजिट हॉस्टल तथा नवाबगंज विस्तारित क्षेत्र में निर्माणाधीन कल्याण मंडप का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने गांधीनगर वार्ड पहुंची जहां स्थानीय निवासी लाली पति पप्पू ने नाली, सड़क और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने जहांगीराबाद स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र निबलेट एंव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुजीब, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा का भी निरीक्षण कर खामियों पर तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सूदन, एडीएम निरंकार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम सिरौलीगौसपुर तेजस के, एसडीएम नवाबगंज आनंद तिवारी, सीएमओ डॉ0 अवधेश यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर नारी शक्ति सम्मान समारोह मनाया गया



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महिलाओं मोर्चा भाजपा के द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम मनाया गया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में सैकड़ो महिला खिलाड़ियों व सोशल वर्कर, शिक्षक, तथा समाज में दे रही अपनी सेवाएं देने वाले महिलाओं को मोमेंटो प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद बहराइच जिला श्रावस्ती की एम0एल0सी0 डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी रही, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकरीवाल रही। मुख्य अतिथि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार तथा राज्य में योगी सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की कुटीर उद्योग लगाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का सपना अब सरकार हो रहा है। जिसमें महिलाएं समूह बनाकर अपना कार्य विस्तृत रूप से कर रही हैं।

जिसमें तमाम महिलाए रोजगार प्राप्त करके अपना जीवन सुखमय व्यतीत कर रही हैं। प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं के सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया है। योगी जी के शासन में महिलाएं अपने को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए 27% का आरक्षण भी किया है। आज देश में महिलाएं सभी प्रकार की नौकरियों में अपना परचम लहरा रही हैं। देश का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं का योगदान न हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अभिलाष वर्मा रही। तथा मंच संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा उर्मिला शुक्ला ने किया ।इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकरीवाल जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा पुष्पा चौधरी ज्योति सिंह मंजू गुप्ता मंजु निगम एकता जायसवाल तथा महिला मोर्चा की जिले एवं नगर की सभी महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रही।

## जनपद सिंचाई बंधु की बैठक आज

**बहराइच ।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## साइबर टीम ने जागरूकता अभियान चलाया



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के मार्गदर्शन में साप्ताहिक बाजार रमवापुर थाना रानीपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 100-150 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निर्देशों से भली-भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# आबकारी निरीक्षक ने 12 संदिग्ध ठिकानों पर की छापेमारी





**बाराबंकी।** कच्ची शराब माफियाओ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग का छापेमारी अभियान निरंतर जारी है। होली पर्व की समाप्ति के बाद भी विभाग की मुस्तैदी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर ने अभियान चलाया। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी की टीम ने थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत दर्जनो संदिग्ध ठिकानों पर दंबिश दी।। टीम ने थाना अंतर्गत ग्राम पुरैना, जैतपुर, परसपुर सहित 12 संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी की। मौके पर 80 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। लगभग 100 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया। 3 अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। इसके साथ ही टीम ने अवैध शराब का सेवन न करने हेतु ग्रामीणो को जागरुक भी किया गया। छापेमारी टीम मे आबकारी सिपाही संजय सिंह, इमरान खान, महिला आबकारी सिपाही सोनम मौजूद रही।

- 80 लीटर शराब बरामद, 3 अभियुक्तो पर कार्यवाही

# एएचटी और एसजेपीयू की बैठक संपन्न



**बहराइच।** रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच सभागार में एएचटी/एसजेपीयू की मासिक बैठक संपन्न बहराइचपुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसजेपीयू व थाना एएचटी की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्रीमती हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी एसओपी में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव, पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व मानव तस्करी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई।

इसके अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉक्सो एक्ट के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना व पाक्सो से सम्बन्धित लंबित अभियोग की समीक्षा की गयी, गुमशुदा/अपहृत में दर्ज अभियोगों में शीघ्र बरामदगी के सम्बन्ध में आदेश निर्देश दिये गये, साथ ही समस्त बाल कल्याण अधिकारी को जे0जे0 एक्ट 2015 की धारा 74 व धारा 75 की विस्तृत जानकारी दी गयी ।शासन द्वारा बालविवाह के विरुद्ध चलाये गये 100 दिवसीय अभियान (दिनाँक 04.12.2025 से दिनाँक 08.03.2026 ) की समीक्षा की गयी । बाल श्रम के प्रकरणों में अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी । नाबालिग बच्चों से किसी कार्यस्थल पर वर्जित कार्य न कराये जाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों को शासन द्वारा मिलने वाली सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया । नाबालिग/पीड़ित बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया जाना, बच्चों की बालिग/ नाबालिग उम्र का निर्धारण करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाते हुए बालश्रम व बाल विवाह के सम्बन्ध में जागरुकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

## हत्या के आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सुनायी सजा

**बहराइच ।** जिले की अदालत ने हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को दोषसिद्ध मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ।सजा के साथ ही जुमार्ना भी लगाया गया है। देहात कोतवाली इलाके में स्थित हठीला के रहने वाले लोकई की सितम्बर 2001 को लाने भाई के साथ घर जाते समय फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई थी ।मृतक के भाई सफाउल्ला ने स्थानीय थाने में इलाके के रहने वाले अजमेर अली व उसके साथियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी थी। पुलिस ने अजमेर अली , गुलाम रसूल व अशोक कोरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर सभी को जेल भेजा था ।उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार पांडे ने विवेचना के बाद नवंबर 2003 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था ।सोमवार को न्यायाधीश पवन कुमार की कोर्ट में सजा को लेकर बहस हुई ।इस दौरान न्यायाधीश ने आरोपी अजमेर अली को हत्या का दोषी मानते उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ ही कोर्ट ने उस पर तीस हजार का जुमार्ना भी लगाया है।

संक्षेप

## भीषण सड़क हादसे में रायबरेली के चालक की मौत

महराजगंज,रायबरेली। दिल्ली में रहकर लोडर चलाने वाले 44 वर्षीय रामकुमार की हरियाणा के बिलासपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे रिशाल मजरे कुशमहुरा निवासी रामकुमार पिछले 10 सालों से दिल्ली में लोडर चलाते थे। रविवार तड़के करीब 4 बजे बिलासपुर फ्लाईओवर के पास वह अपनी गाड़ी से उतरकर खड़े थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ़्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक गांव पहुंचा, तो पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतक के भाई राजकुमार के अनुसार, बिलासपुर थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्मशान की जमीन से हटाया अतिक्रमण

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के निदूरा गांव में श्मशान के लिए आरक्षित भूमि को सोमवार को प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार गांव की गाटा संख्या 328 श्मशान के लिए दर्ज है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की ही क्रांति देवी पत्नी बुद्धू ने उक्त भूमि पर उपले, पुआल आदि रखकर अतिक्रमण कर लिया था। इस संबंध में गांव निवासी सुखमति देवी ने अधिकारियों से शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद हल्का लेखपाल देवमणि उपाध्याय सोमवार को कूरेभार थाने की पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटवाया। प्रशासन की मौजूदगी में जमीन से उपले व पुआल हटाकर श्मशान की भूमि को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान कूरेभार थाने के उपनिरीक्षक, सिपाही शहजाद तथा महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद रहीं। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद श्मशान की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया।

## 12 अप्रैल को होगी राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बहस

सुलतानपुर (वीओएल)। गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में सोमवार को सुनवाई हुई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने कहा कि उन्हें सफाई साक्ष्य नहीं देना है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बहस के लिए 12 अप्रैल की तिथि तय कर बचाव पक्ष को बंधपत्र दाखिल कराने का आदेश दिया है। परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए हत्यारा कहा था। इससे आहत होकर चार अगस्त 2018 को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया था। 27 नवंबर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था।

## अमन यादव हत्याकांड के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

सुलतानपुर (वीओएल)। अमन यादव हत्याकांड के चर्चित मामले में जेल में निरुद्ध चांदा थाने के नरैनी शफीपुर गांव निवासी दीपक यादव उर्फ राका को कोर्ट से जमानत नहीं मिल पाई है। जिला जज सुनील कुमार ने अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल व बचाव पक्ष के वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सात दिसंबर 2025 को चांदा थाने के साड़ापुर गांव के अमन यादव की हुई हत्या के मामले में मृतक के चचेरे भाई संदीप यादव ने 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

## बिजली कटौती शुरू

शुकुल बाजार ,अमेठी। गर्मी का मौसम शुरू होते ही विकासखंडशुकुल बाजार में बिजली की घोषित कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों रोजाना घंटों बिजली गुल रहने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन में बढ़ती गर्मी और रात में बिजली न होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण



रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान रवि कुमार ने वाचक पुलिस अधीक्षक शाखा प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल, डिस्पैच शाखा, मॉनिटरिंग सेल सम्मन सेल, पेंशनर सेल, फिंगरप्रिंट शाखा, डीसीआरबी (डिस्ट्रिक्ट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) शाखा ने इन सभी शाखाओं में अभिलेखों के रख-रखाव की गुणवत्ता, लंबित प्रकरणों/पत्रावलियों की स्थिति तथा समग्र कार्य प्रणाली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, विशेष रूप से अभिलेखों की व्यवस्था और लंबित कार्यों के निस्तारण में।

इस अवसर पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए सभी अभिलेखों को पूर्णतः व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से रखा जाए। लंबित पत्रावलियों एवं प्रकरणों का समयबद्ध (टाइम-बाउंड) निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं उच्च गुणवत्ता बनाए रखी जाए। उन्होंने कार्यालय की समग्र कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने पर विशेष जोर दिया। महोदय ने कहा कि पुलिस विभाग का प्रत्येक स्तर पर कार्य समय पर, पारदर्शी एवं जन-केंद्रित होना चाहिए, ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो सके।

# सेवारत स्वर्णकार संस्थान का होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



रायबरेली। जनपद की ख्याति प्राप्त लब्ध समाजसेवी संस्था सेवारत स्वर्णकार संस्थान का होली मिलन कार्यक्रम स्थानीय रामा कृष्णा इण्टर कालेज के सभागार में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए पारम्परिक रूप से फूलों की होली खेली। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् जे.पी. त्रिपाठी ने कहा कि व्यवसाय के साथ-साथ हमें शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। होली मिलन हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम आपसी गिले शिकवे भुलाकर अपने व राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए काम करें। उन्होंने स्वर्णकार समाज द्वारा समय-समय पर किये जा रहे जनोपयोगी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बधाई दी।

संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम प्रगति के नये आयाम गढ़ते हैं। हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान एवं सेवारत बनाने के सततप्रयास करना है। उन्होने लोगों का आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से समाज सेवा में आगे आएं। संस्थान के अध्यक्ष इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार ने कहा कि होली मिलन हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम आपसी गिले शिकवे भुलाकर अपने व राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए काम करें। संस्थान के महासचिव प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि होली का पर्व श्रद्धा, सद्भावना, मस्ती और भाईचारे का त्यौहार है, रंगों के माध्यम से खुशियाँ मनाने का पर्व है, आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का त्यौहार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओरी लाल वर्मा एवं सफल संचालन गोविन्द सोनी तथा आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन डा0 सियाराम वर्मा द्वारा किया गया।

## छात्राओं से मालिश कराने के आरोप में प्रधानाध्यापिका निलंबित

बांदा। चित्रकूट नगर क्षेत्र में स्कूल में छात्राओं से कथित रूप से मालिश कराने के आरोप में एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। चित्रकूट के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बी.के. शर्मा ने सोमवार को बताया कि नगर शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार दीक्षित की जांच रिपोर्ट के अध्ययन के बाद नया बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में प्रधानाध्यापिका मधु राय जमीन पर लेटी हुई हैं और विद्यालय की कुछ छात्राएं उनके हाथ-पैर दबाती और मालिश करती देखी जा रही हैं। बीएसए ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लेकर नगर शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार दीक्षित को जांच सौंपी गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सत्य पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान प्रधानाध्यापिका को जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

## अपहरण के आरोप में चार लोग हिरासत में

झांसी। नवाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक को अपहृत कर फिरौती मांगने के आरोप में दो किशोरवय लड़कों समेत चार लोगों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हिरासत में लेकर अगवा युवक को सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने दर्ज की गई रिपोर्ट के हवाले से सोमवार को बताया कि गत शनिवार की देर रात राज पाठक, अभय कुशवाहा तथा एक अन्य युवक बाइक पर सवार होकर एक समारोह से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में बिना नंबर वाली एक लाल कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया।

उन्होंने बताया कि टक्कर मारने के बाद कार से अरुण यादव और उसके कुछ साथी निकले और हवा में गोलियां चलाते हुए राज पाठक को अपनी कार में बैठा कर वहां से चले गए। सूत्रों ने बताया कि बाद में अपहरणकर्ताओं ने पाठक के परिजन से उसे छोड़ने के बदले दो लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने इस संबंध में अरुण यादव तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अपहृत युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने अरुण पर 15 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया था। सूत्रों ने बताया कि आठ-नौ मार्च की दरमियानी रात करीब दो बजे पुलिस एक सूचना के आधार पर पैरामेडिकल रोड पर पहुंची, जहां हुई मुठभेड़ के बाद पुलिस ने अगवा किये गये राज पाठक को सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपी अरुण यादव, उसके साथी हर्ष यादव को गिरफ्तार कर लिया तथा दो किशोरवय लड़कों को भी हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि बदमाशों का एक साथी मौके से भाग गया जिसकी तलाश की जा रही है।

## आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज पॉक्सो कोर्ट में डाली अर्जी

प्रयागराज। प्रयागराज में आज आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज पोक्सो कोर्ट में अर्जी दाखिल कर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को विदेश भागने से रोके जाने की मांग की है तथा उनकी गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध यात्रा पर रोक लगाए जाने की मांग की है। पोक्सो कोर्ट ने आशुतोष ब्रह्मचारी के पक्ष को सुनने के बाद जजमेंट रिजर्व किया आशुतोष ब्रह्मचारी के मुताबिक अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले की भी जानकारी पॉक्सो कोर्ट को दी है। कोर्ट से मांग की है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद गौ प्रेरणा धर्मयुद्ध यात्रा के बहाने लखनऊ से विदेश भाग सकते हैं इसलिए तत्काल कोर्ट पासपोर्ट और वीजा जब्त करने का आदेश जारी करते हुए उनके विदेश भागने पर पाबंदी लगाए, और उनकी गौ यात्रा को नाबालिग पीड़ित बटुकों की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा बताया है।

## उत्तर प्रदेश बनेगा सौर ऊर्जा निवेश का हब

कानपुर। उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) और फर्स्ट व्यू ने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण तथा राज्य सरकार के सहयोग से एक प्री-इवेंट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

विकास भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के कई हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना और पीएम कुसुम योजना जैसे प्रयास घरों, किसानों और उद्योगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को मजबूती मिलेगी।

## प्रतापगढ़में 1 मई तक की निषेधाज्ञा लागू

प्रतापगढ़। जिले के जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने आज बताया है कि 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 26 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयन्ती, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस एवं 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार है। इसी बीच विभिन्न पाठ्यक्रमों, पुलिस भर्ती परीक्षा एवं अन्य परीक्षाएं भी सम्भावित है। जिला मजिस्ट्रेट ने त्योहार पर विशेष सतर्कता बरते जाने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद प्रतापगढ़ में 1 मई 2026 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा

## सैन्य वाहन और मुर्गियों से भरे पिकअप वाहन की टक्कर में सैनिक की मौत

झांसी। जिले के बबीना क्षेत्र में ललितपुर रोड पर सोमवार सुबह सेना के वाहन और मुर्गियों से भरे एक पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में 46 वर्षीय नायब सूबेदार की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बबीना थाने के प्रभारी विनय कुमार साहू के मुताबिक यह हादसा सोमवार सुबह करीब छह बजे हुआ। 219 एमईडी डिवीजन के सैन्य वाहन चालक प्रदीप सिंह राणा ने बबीना थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि आज सुबह जब वह अपने सैन्य वाहन से डिवीजन की ओर जा रहे थे, तभी खेलर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहा तेज रफ्तार एक पिकअप वाहन ने उनके सैन्य वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण दूसरे चालक नायब सूबेदार हरकेश यादव (46) गंभीर रूप से घायल हो गए। हरकेश को तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पिकअप वाहन चालक रवींद्र को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पिकअप वाहन चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

## सतर्क होमगार्ड ने नाकाम की किडनैपिंग की साजिश

गोरखपुर। ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड की सतर्कता और सूझबूझ से अपहरण की संभावित घटना टल गई। संदिग्ध गतिविधि देख होमगार्ड ने ऑटो रोकने की कोशिश की तो उसमें सवार दो युवक मौके से भाग निकले। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। घटना 09 मार्च 2026 की है। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड विजय प्रताप सिंह को एक ऑटो में सवार लोगों का आचरण संदिग्ध लगा। शक होने पर उन्होंने ऑटो को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान ऑटो में बैठे दो युवक अचानक भाग निकले। होमगार्ड विजय प्रताप सिंह ने तत्काल इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ऑटो चालक और ऑटो को हिरासत में ले लिया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों की मदद से फरार हुए दोनों युवकों को भी पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार होमगार्ड की सतर्कता और तत्परता के कारण अपहरण की घटना को समय रहते रोक लिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने होमगार्ड विजय प्रताप सिंह को ?10,000 के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस मौके पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी भी मौजूद रहे।

## जमीन कब्जाने का आरोप, पीड़ित ने हल्का दरोगा-सिपाही पर लगाए गंभीर आरोप

शुकुल बाजार ,अमेठी। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र में पुश्तैनी जमीन पर कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए एक पीड़ित ने हल्का दरोगा और एक सिपाही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित प्रेमलाल पुत्र रामआसरे का कहना है कि उनकी पुश्तैनी जमीन गाटा संख्या 808 पर वर्षों से उनका मकान बना हुआ है और आम, नीम, महुआ जैसे पुराने पेड़ भी लगे हैं। पीड़ित के मुताबिक गांव के कुछ लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। आरोप है कि इस मामले में हल्का दरोगा और एक सिपाही भी कथित रूप से दबाव बना रहे हैं ।

## आरेडिका में विश्व महिला दिवस सेमीनार का आयोजन



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन ने महिलाओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गान, महिलाओं के सशक्तिकरण पर व्याख्यान, काव्यपाठ, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। डा0 हेरा परवेज ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कामकाजी महिलाओं के सामने किस प्रकार की समस्याएं आती हैं उनका समाधान किस प्रकार करना चाहिए। चन्दा सिंह निरीक्षक/आरपीएफ ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। संविधान एवं कानूनों में महिलाओं को जो अधिकार तथा सुविधाएं प्रदान की हैं उनके बारे में जानकारी दी एवं उनके प्रति जागरूक रहने और सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने की सलाह दी। आरेडिका के महाप्रबंधक विवेक खरे ने विश्व महिला दिवस के आयोजन पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर आरेडिका की महिलाएँ सुहता खान सहायक लेखा अधिकारी, चन्दा सिंह निरीक्षक/आरपीएफ, निधि शर्मा, विद्या, पूनम यादव, मीनाँक्षी, ललितेश, भावना, शावरा बेगम, ने प्रतिभाग लिया तथा अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# चोरों ने पार किए लाखों के जेवरात

### गांवों में चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं थमने का नहीं ले रही नाम

डलमऊ रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र की घुरवारा चैकी के अंतर्गत आने वाले गांवों में चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला पूरे कालू मेजर तेरूखा गांव का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ते हुए सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों के बीच चैकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

गांव निवासी देशराज ने थाना प्रभारी डलमऊ को दी गई तहरीर में बताया कि 8 मार्च की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। देर रात करीब दो बजे अज्ञात चोर घर में घुस आए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब तीन तोला सोने के जेवर तथा करीब साढ़े तीन सौ ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। चोर वारदात को अंजाम देकर आराम से निकल गए और घर में किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के लोग जागे और कमरे में पहुंचे तो अलमारी का ताला टूटा मिला और उसमें रखे जेवर गायब थे। यह देखकर परिवार के होश उड़ गए इसके बाद पीड़ित ने डलमऊ कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी और चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की। चैकी क्षेत्र के लोगो का कहना है कि घुरवारा चैकी क्षेत्र में पिछले कुछ समय से छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपेक्षित सख्ती दिखाई नहीं दे रही है। लोगों का कहना है कि यदि रात के समय नियमित और प्रभावी पुलिस गश्त होती तो शायद चोर इतनी आसानी से किसी घर में घुसकर वारदात को अंजाम नहीं दे पाते। ग्रामीणों का कहना है कि चैकी क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल रहे चैकी इंचार्ज विनय पाठक के कार्यकाल में क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं, जिससे आम लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि चैकी स्तर पर सख्त निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच और रात में सक्रिय गश्त सुनिश्चित की जाए तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जब तक चैकी क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी नहीं बढ़ेगी, तब तक असामाजिक तत्वों के हौसले इसी तरह बुलंद रहेंगे। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और चोरी की इस घटना का जल्द से जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। खैर इस घटना ने एक बार फिर घुरवारा चैकी क्षेत्र में पुलिस की गश्त, निगरानी व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मनरेगा कर्मियों ने दिया ज्ञापन

### मनरेगा कर्मियों ने बीडीओ के माध्यम से भेजा ज्ञापन



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड जयसिंहपुर में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को खंड विकास अधिकारी जयसिंहपुर श्याम नारायण चतुर्वेदी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में मानदेय भुगतान, ईपीएफ जमा करने सहित कई मांगें उठाई गई हैं, मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले दिए गए ज्ञापन में कहा गया है, कि कार्यरत मनरेगा कर्मी विभागीय निदेर्शों के अनुसार लक्ष्य पूर्ति के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद वित्तीय वर्ष 2025 से अब तक कई कर्मियों को मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है और ईपीएफ की देनदारी भी लंबित है। इससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो गई है। कर्मचारियों ने मांग की है कि लंबित मानदेय का जल्द भुगतान कराया जाए साथ ही नियमानुसार अन्य देयकों और सुविधाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि लंबे समय से समस्याओं का समाधान न होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन पर विकास खंड के मनरेगा कर्मी तारकेश्वर सिंह ,दान बहादुर यादव, ज्ञानेंद्र यादव, प्रदीप कुमार राम प्रकाश सिंह, बैजनाथ पाल सहित अन्य कर्मियों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं।

## ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे पर प्रशासन की सख्ती, निर्माण कार्य रुकवाया



महराजगंज रायबरेली। तहसील क्षेत्र में ग्राम सभा की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद उपजिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के पूरे अचली गांव में स्थित ऊसर भूमि, गाटा संख्या 522 पर गांव के ही सुनील कुमार द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह को दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उपजिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और चल रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल संदीप यादव ने बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीम ने अवैध निर्माण को रोक दिया है। साथ ही कब्जेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि ग्राम सभा की जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान उपशिक्षा निदेशक की टीम का रहा दौरा



रायबरेली। द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की मनोविज्ञान और तर्कशास्त्र की परीक्षा के दौरान बैसवारा इण्टर कॉलेज में माध्यमिक उपशिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर व उनकी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर सकुशल, पारदर्शी और सुचितापूर्ण परीक्षा का संचालन पाया गया। शासन के समस्त दायित्वों का कुशल निर्वहन देखकर सफल परीक्षा संचालन हेतु परीक्षा प्रभारी सुनील त्रिपाठी, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक सविता वर्मा, स्टैटिक डॉ. शशिकान्त त्रिवेदी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह की उपशिक्षा निदेशक ने सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया । द्वितीय पाली की कुशल एवं सफल परीक्षा सम्पन्न कराने में भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, इन्द्रेश बाजपेयी, राजेन्द्र सिंह राठौर, कनकलता सिंह, सपना सिंह, सरिता आदि की प्रमुख भूमिका रही ।

# गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग

### कटका क्लब ने सौंपा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद के युवाओं ने गौ संरक्षण और गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति में गौ को अत्यंत पवित्र माना जाता है। धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यावहारिक कारणों से ही गौ को माता का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही गौ तस्करी की घटनाएं चिंता का विषय हैं और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग का समर्थन किया गया है, जिसे देशभर के सनातन अनुयायियों का भी समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर अनमोल अग्रहरि ने कहा कि पूज्य शंकराचार्य पर सवाल उठाना किसी भी सनातनी के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने सरकार से अपील की कि गौ माता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में श्रवण अग्रहरि, बृजभूषण सिंह, दीपक, राघवेंद्र मिश्र, बृजेंद्र मिश्र और प्रज्ज्वल मिश्र सहित अन्य युवा शामिल रहे।

संक्षेप

## किशोरी रमन महिला कॉलेज में मनाअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**मथुरा।** किशोरी रमन महिला महाविद्यालय मथुरा में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की उपलक्ष में नारी सशक्तिकरण विषय पर अतिथि व्याख्यान तथा पोस्टर एवं चार्ट प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या प्रोफेसर पल्लवी सिंह द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में अतिथि डॉ अमिता वर्मा (बी डी जैन कन्या महाविद्यालय आगरा समाजशास्त्र विभाग से) उपस्थित हुई एवं छात्राओं को व्याख्यान के माध्यम से प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफेसर तनुजा अग्रवाल एवं प्रोफेसर कविता कनौजिया उपस्थित रही। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की द्वितीय सेमेस्टर की खुशी पाठक, रितु कुमारी एवं तमन्ना विजेता रही। चतुर्थ सेमेस्टर से भारती, रिजवाना एवं दिव्या कुमारी विजेता रही तथा छठवें सेमेस्टर से बुलबुल शर्मा, भावना कुमारी एवं अनामिका विजेता रही।

# राज्यपाल पहुंची पशु चिकित्सा विज्ञान विवि, भव्य स्वागत

जिला संवाददाता

**मथुरा।** प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। राज्यपाल जी का हेलीकॉप्टर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के परिसर में उतरा। राज्यपाल का स्वागत माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के कुलपति डॉ0 अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा किया गया।

राज्यपाल जी ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों पर बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। कलाकृतियों में जल संरक्षण, पौष्टिक आहार, प्रकृति की सुरक्षा, पशु क्रूरता पर अंकुश, धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र की सुन्दरता, श्री कृष्ण जी के चित्र सहित विभिन्न पेंटिंग को दर्शाया गया था। महामहिम जी को बारी बारी से छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी वॉल पेंटिंग के महत्व/संदेश से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई वॉल पेंटिंग की सराहना की। महामहिम जी को एक छात्र ने पेंसिल से बनाया हुआ आकर्षक स्केच भेंट किया। राज्यपालजी ने विश्वविद्यालय के

**● छात्र-छात्राओं को आज प्रदान करेंगी राज्यपाल 177 उपाधि और डिग्रियां**

अशोक गेस्ट हाउस में कार्य परिषद की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महामहिम जी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया। राज्यपाल/विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 10 मार्च को उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के 15वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि



के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ0 नवीन बी0 महेश्वरप्पा शामिल होंगी। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा कुल 177 उपाधियाँ /डिग्रियाँ प्रदान की जाएँगी, जिनमें 69 डिग्रियाँ बीवीएससी एवं एएच, 74 स्नातकोत्तर डिग्रियाँ, 05 पीएचडी डिग्रियाँ तथा 29 बायोटेक्नोलॉजी की डिग्रियाँ शामिल हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विद्यार्थियों को कुल 20 पदक प्रदान किए जाएँगे, जिनमें 14 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक तथा 02 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समारोह के दौरान 04 सर्वश्रेष्ठ शोधप्रबंध पुरस्कार (स्नातकोत्तर), 01 सर्वश्रेष्ठ शोधप्रबंध पुरस्कार (पीएचडी) तथा 01 सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएँगे। अनुसंधान और शैक्षणिक विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने इस वर्ष विभिन्न संस्थानों के साथ 07 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वर्तमान में सक्रिय समझौता ज्ञापनों की कुल संख्या 31 हो गई है। इस कार्यक्रम के दौरान 02 पुस्तक, विश्वविद्यालय समाचार पत्र तथा पशुधन पत्रिका का भी लोकार्पण किया जाएगा। विश्वविद्यालय ग्रामीण गरीबों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत संस्थाओं जैसे आंगनवाड़ी केंद्रों तथा गोद लिए गए गाँवों के सरकारी विद्यालयों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। इसी क्रम में इस कार्यक्रम के दौरान 25 आंगनवाड़ी केंद्रों को अवसंरचना सुदृढ़ीकरण हेतु किट वितरित की जाएँगी। विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गोद लिए गए पाँच गाँवों के विद्यालयी बच्चों के बीच चित्रकला, देशभक्ति गीत तथा भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को इस समारोह में महामहिम राज्यपाल जी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## जनपद पुलिस ने 60 खोए हुए मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सौंपे



**फिरोजाबाद।** सर्विलांस एसओजी टीम एवं जनपद पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल खोने के सम्बन्ध में दर्ज करायी गयी शिकायतों के आधार पर आवेदकों के भिन्न भिन्न कंपनियों के 60 मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये को बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में सर्विलांस एसओजी टीम द्वारा थानों की पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर आवेदकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर अपने मोबाइल गुम होने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त थानों पर दर्ज करायी गयी शिकायतों का संज्ञान लेकर 60 मोबाइल भिन्न भिन्न कम्पनियों के बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किए गए। बरामद किए गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जनपद में अब तक 1092 मोबाइल जनपद राज्यों की पुलिस के साथ समनवय स्तापित कर बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द किये जा चुके हें। अपने गुम हुए मोबाइल पाकर आवेदकों द्वारा फिरोजाबाद पुलिस का आभार प्रकट किया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक प्रेम शंकर पाण्डेय प्रभारी सर्विलांस एसओजी मय टीम एवं समस्त थाना प्रभारी मय टीम जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

## राज्यपाल ने किया बाल गृह का निरीक्षण, किया पौधरोपण



जिला संवाददाता

**मथुरा।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) का निरीक्षण किया। राज्यपाल का प्रवेश द्वार पर बाल गृह की 07 बालिकाओं द्वारा पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। राजकीय बाल गृह (बालिका) की संक्षिप्त जानकारी मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता जी द्वारा दिया गया। उन्होंने अवगत कराया कि महिला आश्रय सदन का भवन वित्तीय वर्ष 2008-09 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यदायी संस्था मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के माध्यम से बनवाया गया था। पूर्व में इससे पूर्व इस भवन में वृद्ध एवं विधवा माताओं के लिए 05 आश्रय सदन संचालित थे, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा बंद करके माताओं को कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। यह भवन जीर्ण-शीर्ण होने के कारण महिला कल्याण विभाग के द्वारा रुपए 03 करोड़ स्वीकृत कर कार्यदायी संस्था मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस भवन का अनुरक्षण किया गया है। वर्तमान में इस भवन में अक्टूबर 2025 से 200 बालिकाओं की क्षमता का राजकीय बाल गृह बालिका संचालित है। इस परिसर में सखी निवास (वर्किंग वूमेन हास्टल) एवं शक्ति सदन (18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं हेतु) संचालित किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने अवगत कराया है कि राजकीय बाल गृह (बालिका) में 10 से 18 वर्ष की 98 बालिकाएं तथा संवासिनियों के 07 बच्चे उपस्थित है।

राज्यपाल ने राजकीय बाल गृह बालिका के सम्पूर्ण परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बालिकाओं के कमरों, प्रशिक्षण केंद्र, किचेन/पाकशाला, सभागार कक्ष, स्टाफ कक्ष, कार्यालय कक्ष, खाने की मेस, क्रेच, शौचालय आदि का अवलोकन किया। उन्होंने बारी बारी से सभी कमरों में उपस्थित बालिकाओं से वार्ता की तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महामहिम जी ने बालिकाओं से राजकीय बाल गृह बालिका में प्राप्त हो रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने मूल-भूत व्यवस्थाओं तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात महामहिम राज्यपाल जी ने राजकीय बाल गृह बालिका में कार्यरत शिक्षकों, स्टाफ, प्रशिक्षक, संचालक आदि के साथ समीक्षा बैठक की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत महामहिम राज्यपाल जी द्वारा दो बच्चों (फैजान एवं हर्षिता) का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। महामहिम द्वारा संवासिनियों के बच्चों को बेबी किट व कपड़े का वितरण किया गया। महामहिम जी ने संवासिनियों को गिफ्ट हैम्पर व टी-शर्ट वितरण किया। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल जी द्वारा कौशल विकास के अंतर्गत 02 महिला उद्यमियों (अनीता सारस्वत एवं सीमा छापरिया) को सम्मानित किया गया। राज्यपालजी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया, जिसमें कु0 सिमरन, कु0 मीनाक्षी एवं कु0 तनवी है। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया, जिसमें कु0 चेतना, कु0 कृष्णा एवं कु0 प्रियंका गोस्वामी है। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल जी ने राजकीय बाल गृह बालिका के परिसर में वृक्षारोपण किया (बरगद का वृक्ष लगाया)। महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आकर्षक स्मृति चिन्ह (श्री बांके बिहारी जी) भेंट किया।

## होली मिलन समारोह और निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण में उमड़ी भीड़



जिला संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में संविधानवादी सैनिक समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह, निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 151 पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच

**● चिकित्सा परीक्षण शिविर में 151 पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य की हुई जांच**

की गई। वहीं होली के गीतों पर पूर्व सैनिक ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। होली मिलन समारोह संस्था के संरक्षक ई. रामब्रेश यादव के नेतृत्व में मेजर रामवीर सिंह शिक्षण संस्थान आवास विकास कालोनी सेक्टर नंबर दो पर आयोजित किया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों का विद्यालय परिवार, संविधानवादी समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विद्यालय परिसर में एकॉर्ड अस्पताल के चिकित्सकों ने चिकित्सकीय कैंप का आयोजन किया। जिसमें वीर नारियों, पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके साथ ही मरीजों को दवा का वितरण किया गया। शिविर में 151 मरीजों का चेकअप हुआ। पूर्व सैनिकों ने होली पर एक दूसरे पर जमकर अबीर और गुलाल उड़ाकर होली खेली और एक दूसरे से गले मिल कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फौजी विशेष कुमार, ध्रुवजीत सिंह, योगेंद्र सिंह, रवीश कुमार, अखिलेश कुमार, ऊवन सिंह, विनोद कुमार, रमेश कुमार और अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप पर फायरिंग करने वाले 2 वांछितों को किया गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने पैट्रोल भरवाने के रूपयों को न देने और पैट्रोल पम्प कर्मियों तथा पैट्रोल पम्प मालिक के साथ मारपीट कर नाजायज तमंचों से जान से मारने की नीयत से की फायरिंग के दर्ज मुकदमे में दो वांछित अभियुक्तों को मय दो अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 03/03/2026 को हिमांशु मितल पुत्र अशोक मितल निवासी जैन नगर खेडा थाना उत्तर फिरोजाबाद ने तहरीर दी कि समीक उर्फ चिल्ली व सनी उर्फ तितली पुत्रगढ हद्रेश बिहारी विष्णु पुत्र छोटेलाल बिल्लू पुत्र राधेश्याम निवासीगढ अलीनगर कैजरा दो तीन अन्य अज्ञात साथियो के साथ मोटर साइकिल के द्वारा पेट्रोल पंप पर आए पेट्रोल भरवाया उसके पिता अशोक मितल व सैल्स मैन विनोद कुमार ने पैसे मांगे तो उनके साथ एक राय होकर मारपीट कर गाली गलौज की तथा जान से मारने की नियत से फायरिंग की है। जिस पर थाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना पुलिस ने सोमवार को मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण समीक उर्फ चिली पुत्र हृदेश बिहारी, कृष्णकान्त उर्फ बिल्लू पुत्र राधेश्याम निवासी अलीनगर कैंजरा थाना टूण्डला को फतेहाबाद रोड होटल जय पैलेस से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण कि निशान देही के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा घटना में प्रयुक्त दो तमंचा व दो जिन्दा कारतूस को गेल गैस प्लांट वाले रास्ते के पास थाना टूण्डला क्षेत्र से बरामद किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाएं अपने वादः सचिव योगेश शिवा



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद डा. बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14-03-2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तथा लघु आपराधिक वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 11-03-2026 से 13.03.2026 को सुनिश्चित की गयी हैं। प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा द्वारा यह अवगत कराया गया कि लघु आपराधिक वाद के निस्तारण हेतु वादकारियों को नोटिस प्रेषित किये गये हैं। जिसमें वादकारी अपने लघु आपराधिक सम्बन्धी वाद को समझौते के आधार पर तत्काल समाप्त करा सकते हैं। वादकारियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सचिव द्वारा इस बात की जानकारी दी गयी कि वह नालसा के टोल फ्री नं० 15100 को बतौर हेल्प लाइन के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। प्राधिकरण की सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन व सरकार के समस्त विभागों से सहयोग की अपेक्षा की गयी है। फिरोजाबाद की जनता को अपने मामले उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया है। दिनांक 14-03-2026 दिन शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व दीवानी फौजदारी के सभी न्यायालय उपस्थित होंगे। इनके द्वारा मुख्यतः मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एन०आई०एक्ट उत्तराधिकार, वैवाहिक वाद श्रम राजस्व स्टाम्प, चकबंदी नकल अध्यादेश बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया, विद्युत बांट माप, घरेलु हिंसा भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के द्वारा किया जायेगा।

## हजरत अली हर मुश्किल वक्त में पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ रहेः महजबी परवीन

बिजनौर। महजबी यूट्यूब चैनल की संचालक महजबी परवीन ने 19 वें रमजान पर हजरत अली की शहादत को याद किया। उन्होंने बताया की हजरत अली अपने बचपन से पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ थे वह पैगंम्बर मोहम्मद साहब के पीछे नमाज पढ़ने वाले सबसे पहले मुसलमान थे। महजबी यूट्यूब चैनल की संचालक महजबी परवीन पत्नी आसिफ अली निवासी बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया की पैगंम्बर ए इस्लाम मोहम्मद साहब के दामाद व शिया मुसलमानों के पहले इमाम, सुन्नी मुसलमानों के चैथे खलीफा हजरत अली पर 19 वें रमजान 661 ई0वी0 में जब हजरत अली फजर की नमाज पढ़ रहे थे तब उनके सर पर एक खारिजी विद्रोही ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया उनका शरीर खून में डूब गया।

हजरत अली हमले के बाद दो दिन तक जीवित रहे और 21वें रमजान को शहीद हो गए। माहे रमजान में दामाद ए रसूल पर यह सितम हुआ। हजरत अली की शहादत को याद करते हुए महजबी परवीन ने बताया की हजरत अली अपने बचपन से पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ थे वह पैगंम्बर मोहम्मद साहब के पीछे नमाज पढ़ने वाले सबसे पहले मुसलमान थे। उनकी शहादत को याद करते हुए रोजेदारों की आंखों में आंसू आ जाते हैं, ईद नजदीक है और गम का समा है। महजबी परवीन ने कहा कि हजरत अली हर मुश्किल वक्त में पैगंम्बर मोहम्मद साहब के साथ रहे, कई मैदान-ए-जंग में हजरत अली ने पैगंम्बर मोहम्मद साहब को फतेह दिलाई।

## दिल्ली में समुदाय विशेष के लोगों ने युवक की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**टूंडला।** होली के पावन पर्व पर दिल्ली के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी निवासी तरुण खटीक की समुदाय विशेष के दर्जनों लोगों द्वारा निर्मम हत्या करने के विरोध में अखिल भारतीय खटीक समाज के पदाधिकारीयो के द्वारा देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम से एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा को सौंपा। इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक ने बताया कि होली के पर्व पर छह वर्ष के बच्चे के हाथ से गुब्बारा नीचे गिरा और उक्त गुब्बारे का रंग समुदाय विशेष की महिला पर गिर गया इस पर उक्त महिला एवं उसके परिजनों द्वारा बच्ची और उसके परिजनों को अपशब्द कहे और इसी बीच कहासुनी हो गई,और उक्त मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष के रूप में



तब्दील हो गई जिस पर समुदाय विशेष के 20 से 30 लोगों ने बच्ची परिजनों पर हमला कर दिया और बीच बचाव में आए तरुण खटीक पर लोहे की रोड एवं चाकुओं से ताबड़तोड़ हमले करना शुरू कर दिए और पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया युवक को बचाने आए उसके चाचा रमेश और पिता मामराज को भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया उक्त घटना से समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है कि समाज के एक होनहार 26 वर्षीय युवक तरुण खटीक निर्मम हत्या समुदाय विशेष के लोगों ने मामूली कहासुनी पर कर दी अखिल भारतीय खटीक समाज देश की महामहिम राष्ट्रपति से मांग करता है कि उक्त हत्या आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करते मुकद्दमा फास्टट्रैक कोर्ट में चलाकर हुए समस्त हत्यारोपियों को फांसी की सजा दी जाए और जो अपराधी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है उनको भी अतिशीघ्र गिरफ्तार कार्रवाई की जाए अगर अतिशीघ्र उक्त आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो समूचे भारतवर्ष का खटीक समाज दिल्ली कूच करेगा और वहां एक उग्रआंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सतीश चक प्रशान्त चक आशू डॉ,गिर्राज सिंह चक,एडवोकेट प्रवीण कुमार चक,अनिल चक,दीपक चक,मनोज चक,मनीष चक,बोबेंद्र सिंह,संजय खटीक,संजीव चक,आलोक चक,देवांशू प्रताप चक,गिरेन्द्र सिंह चक,वीरपाल चुक,नरेन्द्र चक सहित बड़ी संख्या में खटीक समाज के लोग मौजूद रहे।

## महिला से ब्लैकमेलिंग कर शादी का दबाव बनाने में महिला द्वारा आत्महत्या का आरोपी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस ने महिला पर पति को छोड़कर जबरन शादी का दबाव बनाने ब्लैक मेल करने के कारण महिला की मौत के थाना पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दिनांक 20/02/2026 को वादिया द्वारा थाना टूण्डला पर तहरीर दी कि टिंकू पुत्र स्व रंजीत उर्फ श्याम सिंह निवासी टूण्डली चौक थाना टूण्डला द्वारा वादिया की बेटी को पति को छोड़कर खुद से शादी के लिए दबाब बनाने और ब्लैकमेलिंग करने से परेशान होकर उसकी की बेटी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना पुलिस ने मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए मृतका का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और थाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना पुलिस फरार वांछित अभियुक्त की तलाश कर रही थी, जिसमें सोमवार को पुलिस ने अभियुक्त टिंकू पुत्र रंजीत सिंह निवासी टूण्डली चौक थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना टूंडला प्र0नि0 अनिल कुमार सिंह उपनिरीक्षक प्रशान्त कुमार, का0 मोहन कुमार पाल, का0 पुष्पेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## संस्कृति विवि के शिक्षकों ने स्कूली छात्राओं को भोजन के प्रति किया जागरूक



**मथुरा।** युवाओं, विशेषकर छात्राओं में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, संस्कृति विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा छाता स्थित एंजेल पब्लिक स्कूल में ह्यफूड इज योर सुपरपावरह्ल (भोजन आपकी महाशक्ति है) बैनर तले एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उनके विकास के वर्षों में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना था। सत्र के दौरान छात्राओं को बताया गया कि भोजन केवल पेट भरने के लिए नहीं, बल्कि शरीर रूपी स्थायीघर के निर्माण के लिए ईंधन के समान है। संकाय सदस्यों ने रेनबो प्लेट (सतरंगी थाली) की अवधारणा को समझाते हुए बताया कि कैसे अलग-अलग रंगों के फल और सब्जियाँ हृदय स्वास्थ्य, याददाश्त और हड्डियों की मजबूती के लिए आवश्यक हैं। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र के मुख्य बिंदुओं के अतंर्गत छात्राओं को कैल्शियम और आयरन के महत्व के बारे में बताया गया कि थकान से बचने और भविष्य में हड्डियों की मजबूती के लिए आयरन और कैल्शियम युक्त आहार कितना अनिवार्य है। स्मार्ट स्नैकिंग के अंतर्गत बताया गया कि चिप्स और बिस्कुट जैसे प्रोसेस्ड शुगर ट्रैप के बजाय मखाना, दही और फलों जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को चुनना चाहिए। सुबह के नाश्ते के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि कैसे एक पौष्टिक नाश्ता मस्तिष्क की बैटरी को दिन भर के लिए चार्ज रखता है।

इसके अलावा, छात्राओं को खाद्य उत्पादों के पीछे लगे लेबल को पढ़ना सिखाया गया ताकि वे छिपी हुई चीनी और हानिकारक तत्वों को पहचान सकें। उन्हें माइंडफुल ईटिंग यानी मोबाइल या टीवी से दूर रहकर एकाग्रता के साथभोजन करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# दामिनी कुशवाह बनीं लेफ्टिनेंट, परिवार में खुशी का माहौल

**मथुरा।** ट्रेनिंग के बाद गृह जनपद मथुरा पहुंचीं लेफ्टिनेंट दामिनी कुशवाह का रेलवे स्टेशन पर कॉलोनीवासियों और परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान फूल-मालाएं, ढोल-नगाड़े और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया गया। दामिनी ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) से एक साल की ट्रेनिंग लेने के बाद यह रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके सम्मान में तात्वदर्शी

**● कॉलोनीवासियों ने किया भव्य स्वागत**

वाटिका कॉलोनी के पार्क में एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और उन्होंने दामिनी को शुभकामनाएं दीं।

दामिनी के पिता लाल चंद्र कुशवाह भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से सेना से जुड़ा रहा है। वे मूल रूप से मथुरा जनपद के एक गांव के निवासी हैं और किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं, जिनमें से चार लोग सेना में सेवा देकर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। लाल चंद्र कुशवाह ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं- दो बेटियां और एक बेटा। तीनों की प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय



से हुई। उनकी बड़ी बेटी नीट परीक्षा के माध्यम से चयनित होकर राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मेडिकल की पढ़ाई कर रही हैं। दामिनी कुशवाह ने बीएसए कॉलेज से बीए किया और के आर डिग्री कॉलेज से एमए की पढ़ाई के दौरान यूपीएससी की संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा उत्तीर्ण की। इस परीक्षा में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर चैथी रैंक हासिल की थी।

## एसएसपी ने किया थाना जसराना का वार्षिक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को थाना जसराना का वार्षिक निरीक्षण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने थाना जसराना के वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेखों मालखाना, शस्त्रागार बैरक भोजनालय एवं साफ-सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया, तथा संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के संधारण अपराध एवं विवेचना की प्रगति तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई। साथ ही पुलिस कर्मियों को जनसुनवाई, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए,इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए उपनिरीक्षक सुधीर कुमार को शस्त्रों की जानकारी महिला मुख्य आरक्षी अनुपमा सिंह को आईजीआरएस कार्य तथा महिला आरक्षी सुमन भदौरिया को मिशन शक्ति के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा अनुशासन एवं जनता के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

संक्षेप

## भारतीय अब अपनी भाषा में यात्रा की खोज करने लगे हैं : मेकमायट्रिप

नयी दिल्ली। मेकमायट्रिप ने आज अपने जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट मायरा से मिले कुछ शुरूआती रुझान साझा किए हैं। ये संकेत देते हैं कि भारतीय यात्री अब वॉइस के माध्यम से किस तरह से इंटरैक्ट करना शुरू कर रहे हैं और इसमें एक नया व्यवहारिक रुझान उभर रहा है। मायरा का यूजर बेस अभी बढ़ रहा है और इस पर रोजाना 50,000 से अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन शुरूआती आंकड़े बताते हैं कि वॉइस सर्च लोगों को अपनी बात ज्यादा खुलकर, संदर्भ के साथ और अपनी पसंदीदा भाषा में रखने का मौका दे रहा है। यह तरीका टेक्स्ट के जरिए सर्च करने के पारंपरिक तरीके से काफी अलग और स्वाभाविक है। मायरा के जरिए हमें जो शुरूआती संकेत मिल रहे हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं। वॉइस सर्च अब उन लोगों को यात्रा खोजने और उसकी योजना बनाने का एक अधिक स्वाभाविक तरीका दे रहा है, जो अपनी भाषा में ज्यादा सहज महसूस करते हैं।

## एमजी मैजिस्टर के लिए पेश हुआ यूनीक 5-5-5 प्रोग्राम

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी डी प्लस एसयूवीं एमजी मैजिस्टर के लिए यूनीक 5-5-5 ओनरशिप प्रोग्राम लॉन्च कर कस्टमर्स को लॉन्ग-टर्म ओनरशिप का भरोसा दिया है। इस सेग्मेंट में जहां कस्टमर्स परफॉर्मेंस, साइज और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में निवेश किया गया है वहीं 5-5-5 प्रोग्राम को रनिंग कॉस्ट और नेशन वाइड सपोर्ट को ध्यान में रखते हुए एक शानदार ओनरशिप एक्सपीरियंस और लंबे समय तक लागत का सही अनुमान देने के लिए डिजाइन किया गया है। एमजी मैजिस्टर को एक ऐसी एसयूवीं के रूप में बनाया गया है जो अपनी क्षमता में मजबूत, अपने कम्फर्ट में परिष्कृत और अपनी इंजीनियरिंग में भरोसेमंद है। हमारे लिए एक मजबूत प्रोडक्ट देना कमिटमेंट का सिर्फ एक हिस्सा था साथ ही ओनरशिप में कम्प्लीट पीस ऑफ माइंड सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण था। 5-5-5 प्रोग्राम के साथ, हमने पहले दिन से ही प्रपोजल में स्ट्रक्चर्ड, लॉन्ग-टर्म अश्योरेंस को शामिल कर दिया है। यह हमारी कस्टमर-फर्स्ट फिलॉसफी और इंडियन कंडीशंस और यूसेज पैटर्न के लिए इंजीनियर की गई फुल-साइज एसयूवीं के रूप में मैजिस्टर में हमारे विश्वास का परिचायक है।

## टीटीके प्रेस्टीज का फेरोकास्ट फ्लो स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन रेंज लॉन्च

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपनी नई 'फेरोकास्ट फ्लो स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन' रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। इस रेंज को पारंपरिक कुकिंग के फायदों और आधुनिक सुविधा को एक साथ लाने के लिए तैयार किया गया है। आज के सेहत के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए बनी यह रेंज बेहतर हीट रिटेंशन, नेचुरल नॉन-स्टिक परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाले टिकाऊपन का वादा करती है, जो इसे आधुनिक भारतीय रसोई के लिए एक जरूरी हिस्सा बनाती है। फेरोकास्ट फ्लो रेंज को स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन तकनीक से बनाया गया है, जो पारंपरिक कास्ट आयरन के गुण देने के साथ-साथ इस्तेमाल और रखरखाव को भी आसान बनाती है।

## एपिस ने पेश किये मसाला डेट्स



लखनऊ। एपिस इंडिया लिमिटेड के मिस्क ब्रांड ने लखनऊ में अपनी नई पेशकश मसाला डेट्स लॉन्च की है। यह उत्पाद रोजमर्रा के सुपरफूड-ऑन-द-गो को एक नए स्वादिष्ट अंदाज में पेश करता है, जिसमें अचारी, इमली और चिली-लाइम जैसे दमदार भारतीय मसालों का खास तड़का शामिल है। लॉन्च के अवसर पर एपिस इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित आनंद ने कहा हम इस नए इनोवेशन को उपभोक्ताओं के सामने पेश करके बेहद उत्साहित हैं। मसाला डेट्स को हमने रोजमर्रा की सुविधा और स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया है, साथ ही भारतीय स्वाद की पहचान को भी बरकरार रखा है। आमतौर पर खजूर को पूरा खाया जाता है, लेकिन अक्सर खाने से पहले उसका बीज निकालना या उसे काटना पड़ता है। इसी असुविधा और उपभोक्ताओं में नए फ्लेवर आजमाने की बढ़ती रुचि को ध्यान में रखते हुए एपिस इंडिया ने मसाला डेट्स को एक वैल्यू-एडेड, मीठा-नमकीन विकल्प के रूप में पेश किया है।

# सेंसेक्स में 1353 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,353 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 422 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 2,494.35 अंक यानी 3.16 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 752.65 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,697.80 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 5.23 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और अदाणी पोर्ट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 12.34 प्रतिशत चढ़कर 104.1 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार लगभग तीन प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ खुले और सत्र के अंत में बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। पश्चिम एशिया में संघर्ष गहराने के साथ कच्चे तेल की कीमत 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गयी और भारतीय रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इससे मुद्रास्फीति और बाहरी संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 6,030.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 6,971.51 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,097 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 315.45 अंक की गिरावट आई थी।

# चांदी 3400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 3,400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, और सोना लगभग स्थिर 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच मजबूत डॉलर ने कीमती धातुओं की मांग को कम कर दिया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी ने लगातार तीसरे दिन अपनी गिरावट जारी रखी और शुक्रवार के 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 3,400 रुपये या लगभग 1.3 प्रतिशत टूटकर 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से महंगाई का दबाव फिर से बढ़ने की चिंता से चांदी में पिछले सप्ताह की गिरावट और बढ़ गई। ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई की आशंकाओं को बढ़ाती हैं, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की रफ्तार में देरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति ने डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल को समर्थन मिला, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 65.23 डॉलर या 1.26 प्रतिशत टूटकर 5,105.89 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी भी 0.53 प्रतिशत के नुकसान के साथ 83.92 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पश्चिम एशिया में आपूर्ति की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में रातों-रात लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से सोना 5,097 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नीचे कारोबार कर रहा है।

# कच्चे तेल का वायदा भाव 26 प्रतिशत उछला, रिकॉर्ड पर

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच सोमवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें 26 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ 10,549 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च डिलिवरी वाला कच्चा तेल 2,186 रुपये यानी 26.13 प्रतिशत बढ़कर 10,549 रुपये प्रति बैरल के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 8,363 रुपये प्रति बैरल था। कच्चे तेल का अप्रैल डिलिवरी वाला अनुबंध भी 2,158 रुपये यानी 26.91 प्रतिशत बढ़कर 10,177 रुपये प्रति बैरल के नए शिखर पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका भाव 8,019 रुपये प्रति बैरल था। वायदा कारोबार के दौरान दोनों आपूर्ति अनुबंध अपने-अपने ऊपरी सर्किट स्तर तक पहुंच गए। चॉइस ब्रोकिंग के जिंस एवं मुद्रा विश्लेषक आमिर मकडा ने कहा कि एमसीएक्स पर कच्चे तेल का मार्च अनुबंध पहले ही ऊपरी सर्किट स्तर को छू चुका है और आने वाले सत्रों में इसकी कीमतें 11,300 रुपये प्रति बैरल तक भी जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतें वर्ष 2022 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं।

# रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 53 पैसे की कमजोरी है। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 18 पैसे गिरकर 91.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कमजोर वैश्विक बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आए तेज उछाल के कारण रुपया शुरुआत में ही काफी कमजोर खुला और 92.35 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर तक खिसक गया। एशियाई कारोबार के दौरान तेल की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत तेजी देखी गई। डॉलर में मजबूती और विदेशी निवेशकों की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। पश्चिम में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है। हालांकि, अगर केंद्रीय बैंक बाजार में हस्तक्षेप करता है तो रुपये को निचले स्तर पर कुछ सहारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया विनिमय की हाजिर कीमत 92 से 92.80 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत वायदा कारोबार में 15.18 प्रतिशत बढ़कर 106.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण तेल की कीमतों में तेजी आई है।

# ईरान संकट से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतियां बढ़ने की आशंका: फिच

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी फिच ने सोमवार को कहा कि ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए तेल-गैस आयात, प्रवासी समुदाय की तरफ से भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा और विनिमय दर जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

फिच रेटिंग्स ने ईरान संघर्ष से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए उपजे नए ऋण जोखिम शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यदि खाड़ी क्षेत्र से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में अपेक्षा से अधिक व्यवधान आता है तो वैश्विक निवेशकों की धारणा पर गंभीर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी स्थिति में अमेरिकी डॉलर मजबूत हो सकता है और खासकर उच्च जोखिम वाले उधारकर्ताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कर्ज जारी करना मुश्किल हो सकता है। फिच ने कहा, ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई पर भी दबाव बढ़ेगा और इससे दुनिया भर में मौद्रिक नीति के फैसलों पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेल और गैस आयात पर इस संघर्ष का सबसे सीधा असर देखने को मिलेगा। इसकी वजह यह है कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुद्ध जीवाश्म ईंधन आयात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन प्रतिशत या उससे अधिक के बराबर है।

# सरकार ने अदला-बदली नीलामी में 6309 करोड़ के बॉन्ड वापस खरीदे




मुंबई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं।

सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है। सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं। इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है। इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है। इससे अगले वित्त वर्ष में होने वाले पुनर्भुगतान दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 में लगभग 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं। सकल बाजार उधारी बजट में पहले ही 17.2 लाख करोड़ रुपये निर्धारित होने के बीच यह कदम परिपक्वता प्रोफाइल को संतुलित करने और ऋण पुनर्भुगतान प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में मददगार माना जा रहा है। इससे पहले रिजर्व बैंक बॉन्ड अदला-बदली की तीन नीलामियां आयोजित कर चुका था जिनमें कुल 98,591.70 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां वापस खरीदी गई थीं।

# पश्चिम एशिया संकट: सीमा शुल्क विभाग ने बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के लिए नियम जारी किये



नयी दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री मार्गों में आए व्यवधान और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच भारतीय बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के प्रबंधन के लिए नियम जारी किए हैं।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा आठ मार्च को जारी किए गए और 15 दिन के लिए वैध ये नियम यह निर्धारित करते हैं कि माल के पारगमन के अलावा ऐसे सभी मामलों में जहाज को केवल उसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति दी जाएगी जहां से उसने प्रस्थान किया था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के परिपत्र के अनुसार, बोर्ड के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय ऐसी खेप पर दिए गए एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी), शुल्क वापसी आदि सहित सभी निर्यात प्रोत्साहनों की स्वयं वसूली करेंगे यदि उनका भुगतान पहले ही किया जा चुका है। सीबीआईसी ने कहा कि उसे क्षेत्रीय कार्यालयों से ऐसे प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं जो संकेत देते हैं कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और उसके परिणामस्वरूप समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण भारत से निर्यात कार्गो ले जाने वाले कुछ जहाज अपने गंतव्य बंदरगाहों तक पहुंचने में असमर्थ हैं और भारतीय बंदरगाहों पर लौट रहे हैं। ऐसी खेप के प्रबंधन के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों को अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन मार्गों और निर्यात लॉजिस्टिक को प्रभावित करने वाली एक असाधारण स्थिति बताते हुए, सीबीआईसी ने इस समस्या के समाधान और कारोबार को सुगम बनाने के लिए विशेष प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं। गत 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर सैन्य हमले किए थे।

## पेज एक का शेष

### ईरान पर

कहा कि उसने ईरान में वाइड-स्केल हमलों की नई लहर शुरू की है। इन हमलों में कई शहरों को एक साथ निशाना बनाया गया। इजराइल का दावा है कि हमले ईरानी शासन के ढांचे से जुड़े ठिकानों को लक्ष्य बनाकर किए जा रहे हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था। कुवैत की राजधाकी कुवैत सिटी में शनिवार रात ईरानी ड्रोन अटैक के बाद एक बिल्डिंग में आग लग गई। ईरान की राजधानी तेहरान में तेल भंडार ठिकानों पर इजराइली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए।

ईरान की राजधानी तेहरान में तेल भंडार ठिकानों पर इजराइली हमलों के बाद फैला तेल शहर की नालियों में पहुंच गया है। इससे सड़कों के किनारे आग की नदी जैसे हालात बन गए। लेबनान की बॉर्डर पर तैनात इजराइली टैंक। इजराइल लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्लाह के खिलाफ हमला कर रहा है। लेबनान की बॉर्डर पर तैनात इजराइली टैंक। इजराइल लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्लाह के खिलाफ हमला कर रहा है। ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि मुजतबा खामेनेई के नए सुप्रीम लीडर बनने से ईरान में उम्मीद जागी है, जबकि अमेरिका और इजराइल निराश हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ युद्ध और दुश्मनी का रवैया रखते हैं, उन्हें अब समझ आ गया है कि ईरान की व्यवस्था मजबूत है और आगे भी कायम रहेगी। लारीजानी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व से देश में उम्मीद और एकजुटता बढ़ेगी।

संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान से दागी गई कई मिसाइलों और ड्रोन को रोक दिया। मंत्रालय के अनुसार आज 15 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला, जिनमें से 12 को हवा में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि तीन समुद्र में गिर गईं। इसके अलावा 18 ड्रोन भी देखे गए, जिनमें से 17 को मार गिराया गया और एक ड्रोन वअए के क्षेत्र में गिर गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक वअए की ओर कुल 253 मिसाइलें और 1,440 ड्रोन दागे जा चुके हैं। वहीं ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने कुवैत में स्थित अल-अदीरी हेलीकॉप्टर एयरबेस को ड्रोन और क्रूज मिसाइलों से निशाना बनाया। इस हमले में एयरबेस के कई अहम हिस्सों को निशाना बनाया गया, जिनमें ईंधन और गैस टैंक, अमेरिकी हेलीकॉप्टरों के रैंप, लॉजिस्टिक, सपोर्ट सुविधाएं और कमांड से जुड़े ढांचे शामिल थे। संगठन ने दावा किया कि इन हमलों से बेस को भारी नुकसान पहुंचा।

वहीं फ्रांस ने लेबनान की बिगड़ती स्थिति को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बारो ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में इजराइल की बमबारी के कारण लेबनान में हालात गंभीर हो गए हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में करीब 400 लोगों की मौत हो चुकी है। बारो ने बताया कि फ्रांस ने लेबनान में काम कर रहे मानवीय संगठनों के लिए लगभग 6.9 मिलियन डॉलर की आपात सहायता जारी की है। इसके अलावा करीब 20 टन अतिरिक्त मानवीय सहायता सामग्री भी भेजी जा रही है, जो अगले दिन लेबनान पहुंचने की उम्मीद है। फ्रांस के विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश लेबनान और इजराइल के अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि स्थिति को और खराब होने से रोका जा सके और सीजफायर सुनिश्चित किया जा सके। इजराइली हवाई हमलों के कारण सोमवार को दक्षिणी लेबनान में विस्थापित परिवार एक स्कूल के अंदर बैठा हुआ हैं, जिसका इस्तेमाल आश्रय स्थल के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। योजना के तहत जरूरत पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी विशेष शिक्षा व्यवस्था बनानी होगी। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि ईरान क्षेत्र के देशों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि ईरान की यह स्पष्ट नीति है कि पड़ोसी और क्षेत्रीय देशों के साथ सहयोग और दोस्ती के रिश्ते बनाए रखें।

### शिक्षा को

में देखा जाता रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जैसी पहल से देश के खेल पारिस्थितिकी ढांचे में नई ऊर्जा आई है और देशभर में खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। पर्यटन और संस्कृति के जरिये रोजगार सृजन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक स्थलों से आगे बढ़कर नए पर्यटन स्थलों का विकास करने से शहर की पहचान मजबूत होती है और उसके समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलता है। इस वेबिनार में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### योगी के

ट्विन-इंजन हेलिकॉप्टर है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ है। इस हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल वीआईपी यात्रा, आपातकालीन सेवाओं, पुलिस और ऑफशोर ऑपरेशन जैसे कई कामों में किया जाता है। जब इसे वीआईपी परिवहन के लिए इस्तेमाल किया जाता है तो इसके केबिन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए सीटों की संख्या घटाकर आमतौर पर 6 से 8 कर दी जाती है। यह हेलीकॉप्टर करीब 310 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से उड़ सकता है। जबकी रेंज की बात करें तो लगभग 1000 किलोमीटर तक मानी है। अपनी क्षमता व सुरक्षा विशेषताओं के कारण दुनिया के कई देशों में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। भारी कोहरे या बरसात के दौरान हेलिकॉप्टर के उड़ान में दिक्कतें आती हैं। लेकिन नया एडब्ल्यू 139 इन बाधाओं को आसानी से पार सकता है। खराब मौसम में भी ये आराम से उड़ सकता है। इसके अलावा घने अंधेरे में भी उड़ान भरने में ये सक्षम है। दरअसल, इसमें हाई-टेक नेविगेशन सिस्टम है जो कम दृश्यता में भी रास्ता दिखाने में मदद करता है।

### उत्तराखंड के

है। राज्य ने राजस्व अधिशेष की स्थिति बनाए रखी है और राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी के तीन प्रतिशत के भीतर नियंत्रित रखा है, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन का संकेत है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने कुल 1,11,703 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव रखा है। इसमें 64,989 करोड़ रुपये राजस्व व्यय तथा 18,153 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के रूप में निर्धारित किए गए हैं। राज्य की कुल अनुमानित प्राप्तियां लगभग 1,10,143 करोड़ रुपये आंकी गई हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्र सरकार से करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में करीब 17,415 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जबकि विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत लगभग 18,491 करोड़ रुपये की सहायता मिलने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में समाज के कमजोर वर्गों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए 1,327 करोड़ रुपये, अन्नपूर्ति योजना के लिए 1,300 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 298 करोड़ रुपये तथा शहरी आवास योजना के लिए 56 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि युवाओं को शिक्षा, खेल और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षा एवं खेल क्षेत्र के लिए 11,871 करोड़ रुपये तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 586 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। कृषि और बागवानी के विकास के लिए 1,113 करोड़ रुपये तथा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के लिए 815 करोड़ रुपये की धनराशि तय की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एवं पोषण 2.0, ईजा-बोई शगुन योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट तथा नंदा गौरा योजना जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के लिए 2,501 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 1,609 करोड़ रुपये तथा लघु सिंचाई योजनाओं के लिए 1,642 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि बजट में कई नई पहलें भी शामिल की गई हैं। हरिद्वार में आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के लिए लगभग 1,027 करोड़ रुपये, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 15 करोड़ रुपये, इको-टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 18.5 करोड़ रुपये, स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के लिए 10 करोड़ रुपये तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीकों के विकास के लिए 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट का मूल सिद्धांत संतुलन है। उन्होंने बताया कि सं-तु-ल-न का तात्पर्य समावेशी विकास, आत्मनिर्भरता, नवाचार, तीव्र प्रगति, उन्नत गांव और शहर, जनभागीदारी, आर्थिक मजबूती और न्यायसंगत व्यवस्था से है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

### जंग के बीच

दोनों सदनों में स्वतः दिये गए बयानों में आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में फंसे भारत के लोगों, ट्रांज़िट यात्रियों और तुरंत वापस आने की इच्छा रखने वाले भारतीयों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उनके बयान के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा करते हुए बहिर्गमन किया।

विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया के बारे में भारत के दृष्टिकोण के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत शांति का पक्षधर है और संवाद व कूटनीति की वापसी का समर्थन करता है। हम तनाव कम करने, संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की वकालत करते हैं।दूसरे सिद्धांत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि (पश्चिम एशिया) क्षेत्र में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हम क्षेत्र की सरकारों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि तीसरा सिद्धांत यह है कि हमारे राष्ट्रीय हित जिसमें ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार- प्रवाह शामिल हैं, हमेशा सर्वोपरि रहेंगे। विपक्ष ने दोनों सदनों में विदेश मंत्री के बयान के दौरान हंगामा किया। विपक्ष ने पहले श्री जयशंकर के राज्य सभा में इस बयान के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण देश के समक्ष ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों पर नियम 176 के तहत चर्चा कराने की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन किया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने युद्ध छिड़ने के पहले दिन 28 फरवरी को एक बयान जारी कर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की थी और सभी पक्षों से संयम बरतने, स्थिति को और न बिगाड़ने तथा नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि हमारा मानना था और आज भी है कि तनाव कम करने और मूल समस्याओं के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का मार्ग अपनाया जाना चाहिए। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया की स्थिति पर बराबर निगाह बनाए हुए हैं और भारत की चिंता से जुड़े पहलुओं से निपटने के लिए समन्वित मंत्रालयों के साथ समन्वय कर प्रभावी कदम उठा रहे हैं।

### देश में सर्वाधिक

दिशा में और अधिक ग्राम पंचायतों को जोड़ते हुए स्वच्छता को स्थायी आदत बनाना है।




# सूर्यकुमार एंड कंपनी के विस्फोटक क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं



अहमदाबाद। महान क्रिकेटर विराट कोहली ने रविवार को भारत की लगातार दो बार टी20 विश्व कप की जीत की ऐतिहासिक उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम द्वारा खेले गए धमाकेदार क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली ने जून 2024 में बारबाडोस में आईसीसी खिताब दिलाने के बाद खेल के छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। कोहली ने एक्स पर लिखा, चैंपियन। अहमदाबाद में टीम इंडिया के लिए शानदार जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारी टीम के धमाकेदार क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं। लड़कों ने मुश्किल परिस्थितियों में लड़ते हुए विश्व चैंपियन बनने के लिए बेहतरीन जज्बा और साहस दिखाया। सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन टीम के सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई। जय हिंद। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि भारत ट्रॉफी जीतने का हकदार था। उन्होंने कहा, टी20 प्रारूप में किसी भी टीम द्वारा पहली बार लगातार दो बार विश्व कप जीतना। पूरी तरह से ट्रॉफी के हकदार। हमारी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। बधाई टीम इंडिया।

जय हिंद। भारत के दबदबे को प्रतिद्वंदी टीमों ने भी स्वीकार किया जिनमें वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी शामिल हैं। सैमी ने कहा, मैंने पहले कहा था कि आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको नॉकआउट मैच में भारत को हराना होगा। कोई टीम ऐसा नहीं कर सकी। बीसीसीआई को उनकी तीसरी विश्व कप टी20 ट्रॉफी के लिए बधाई। न्यूजीलैंड के लिए निराशाजनक जिन्हें हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने भी भारतीय टीम को बधाई दी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत को अन्य टीमों से कहीं बेहतर टी20 टीम बताया।

उन्होंने कहा, भारत निश्चित रूप से सबसे बेहतरीन टी20 टीम है। साथ ही 50 ओवर में भी सबसे बेहतरीन टीम। उन्हें सफेद गेंद के क्रिकेट में रोक पाना आसान नहीं होगा। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में आप उन्हें चुनौती दे सकते हैं। भारत के दबदबे को प्रतिद्वंदी टीमों ने भी स्वीकार किया जिनमें वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी शामिल हैं।

# आपकी मुस्कान अच्छी लगती है, धोनी ने भारत की खिताबी जीत पर गंभीर को कहा



अहमदाबाद। भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया, अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से रौंदकर तीसरी बार खिताब जीता और ऐसा करने वाली पहली टीम बनी। उन्होंने मुख्य कोच के अधिकतर गंभीर अंदाज में रहने का जिक्र करते हुए मजाक में कहा, कोच साहब आपकी मुस्कान बहुत अच्छी लग रही है। मुस्कुराहट के साथ जज्बा शानदार है, बहुत अच्छा किया। दोस्तों मजे करो बुमराह के बारे में कुछ नहीं लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन गेंदबाज।

गंभीर ने धोनी को जवाब देते हुए कहा कि उन्हें पूर्व कप्तान को स्टेडियम में देखकर अच्छा लगा। पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने कहा, और मुस्कुराने की क्या शानदार वजह है, आपको देखकर बहुत अच्छा लगा। गंभीर ने धोनी अगुआई में 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 एकदिवसीय विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रविवार रात सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों संजू सैमसन, इशान किशन और अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जड़कर भारत को पांच विकेट पर 255



रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बुमराह ने 15 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल ने भी तीन विकेट हासिल करके भारत को आसान जीत दिलाने में मदद की। धोनी भारत के पहले टी20 विश्व कप विजेता कप्तान हैं। उनकी अगुआई में भारत ने 2007 में पहला टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने 2024 में दूसरा खिताब जीता। रोहित भी रविवार को फाइनल के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने इंडिया[8230]इंडिया के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया। भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं। बड़ी भीड़ को देखते हुए बावड़ी परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान प्रशंसकों ने जयकारे लगाए और हाथ हिलाकर अभिवादन किया जबकि सूर्यकुमार यादव ने स्मारक परिसर के भीतर ट्रॉफी के साथ तस्वीरों के लिए पोज दिए।

## संक्षेप

### शुभंकर जोबर्ग ओपन में संयुक्त 57वें स्थान पर

जोहानिसबर्ग। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा जोबर्ग ओपन के अंतिम दौर में दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर रहे। शुभकर ने दो बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठे। उन्होंने इस दौरान तीन बोगी 13वें से 16वें होल के बीच तीन किये। उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (66-72-69-72) रहा। जोबर्ग ओपन में अतीत में शुभंकर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यहां पांच टूर्नामेंटों में से चार बार कट हासिल किया है और इसी कोर्स पर 2017 में डीपी वर्ल्ड टूर का अपना पहला खिताब जीता था। इंग्लैंड के डैन ब्रैडबरी ने अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए पांच अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 17 अंडर पार (64-70-64-65) के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।

### तिलोत्तमा ने राष्ट्रीय ट्रायल में लगायी जीत की हैट्रिक

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन तिलोत्तमा सेन ने शानदार लय जारी रखते हुए डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिषर में चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) में सोमवार को 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन महिला के फाइनल में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। उन्होंने इससे पहले जनवरी में हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी। और टी2 के फाइनल भी परचम लहराया था। पुरुष वर्ग के फाइनल में किरण अंकुश जाधव ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि 10 मीटर एयर पिस्टल टी3 फाइनल में उधयवीर सिद्धू विजेता बने। तिलोत्तमा प्रोन चरण के बाद चौथे स्थान पर थीं लेकिन उन्होंने स्टैंडिंग चरण में शानदार वापसी करते हुए 357.0 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। निश्चल सिंह 356.6 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जो तिलोत्तमा से सिर्फ 0.4 अंक पीछे थीं। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 345.8 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### सफेद गेंद के तीनों आईसीसी खिताब जीत सकता है भारत : आथर्टन

अहमदाबाद। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन का मानना है कि विश्व क्रिकेट में सफेद गेंद वाले प्रारूप में भारतीय टीम का इस कदर दबदबा हो गया है कि वे सीमित ओवरों के तीनों खिताब जीत सकती है। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप जीता। आथर्टन ने स्काय स्पोटर्स क्रिकेट से कहा भारत सिर्फ बेहतरीन टी20 टीम ही नहीं बल्कि इस समय सीमित ओवरों की भी सबसे खास टीम है। उन्होंने कहा पिछले कुछ आईसीसी वैश्विक टूर्नामेंटों में उन्होंने 32 में से 30 मैच जीते। सिर्फ एक बार यहां 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने और इस टी20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में दक्षिण अफ्रीका ने उसे हराया। उन्होंने कहा, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वह सबसे मजबूत टीम है और इस जीत की हकदार भी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप में लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची जहां उसे आस्ट्रेलिया ने हराया। इसके बाद भारत ने 2024 टी20 विश्व कप अपराजेय रहकर जीता और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी में भी खिताब अपने नाम किया।

# भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक स्वर्ण पर

## आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना

एजेंसी



नयी दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में भारतीय टीम ने बारबाडोस में जब टी20 विश्व कप जीता तो आईसीसी टूर्नामेंटों में पिछली कई नाकामियों से मिले जख्मों पर मरहम लगा था लेकिन सूर्यकुमार यादव की टीम की जीत को शुरू ही से तय माना जा रहा था। डेढ साल में दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद खिलाड़ियों की त्वरित प्रतिक्रिया से स्पष्ट था कि उन्हें अहसास था कि इस बार उन्हें हरा पाना किसी टीम के लिये लगभग नामुमकिन था। इस टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है।

लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है। भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है। उन्होंने कहा 2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया गया है, हम काफी रोमांचित हैं। हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती। 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता। हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे। 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। सूर्यकुमार ने कहा, हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली।

अब 2026 में हम अपने घरेलू मैदान पर कुछ खास करना चाहते थे। इसे 2027, 28, 29 में और हमेशा दोहराते रहना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर गौतम गंभीर इस एक बात को कहते हुए कभी नहीं थकते। असल में वह इसे हर मौके पर उन लोगों के लिए दोहराते हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया है और वह यह है कि मुख्य कोच के तौर पर उनके कार्यकाल में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा। इस सिद्धांत की सबसे नवीनतम झलक तब दिखी जब भारत ने रविवार को यहां फाइनल में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता। आईसीसी के वैश्विक फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गंभीर ने जोर देते हुए कहा, मुझे लगता है कि सूर्या (भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ मेरा सामान्य सा फलसफा हमेशा से यही रहा है कि उपलब्धियां मायने नहीं रखती। ट्रॉफी मायने रखती हैं। भारतीय क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम उपलब्धियों के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं हूं हम उपलब्धियों के बारे में बात नहीं करेंगे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद ने क्रिकेट मीडिया से उपलब्धियों नहीं बल्कि ट्रॉफी का जश्न बनाने की अपील की। उन्होंने दोहराया, उपलब्धियों का जश्न मनाना बंद करो, ट्रॉफी का जश्न मनाओ। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम खेल का बड़ा उद्देश्य ट्रॉफी जीतना है, ना कि व्यक्तिगत रन बनाना।

यह मेरे लिए कभी मायने नहीं रखता था और ना ही कभी रखेगा। गंभीर ने कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत रहा हूं कि सूर्या और मेरी राय एक ही है, विशेषकर इस मामले में। किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन यह समझना अधिक मुश्किल नहीं है कि वह किन उपलब्धियां हासिल करने वालों की बात कर रहे थे। भारतीय क्रिकेट में यह एक खुला राज है कि गंभीर को हमेशा से लगता रहा है कि 2011 विश्व कप फाइनल में मैच का रुख बदलने वाली उनकी 97 रन की पारी या 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 75 रन की पारी को कमतर आंका गया। दोनों ही मामलों में महेंद्र सिंह धोनी का मैच जिताने वाला छक्का (2011) और जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर देने का उनका मास्टरस्ट्रोक (2007) भारतीय क्रिकेट की लोककथाओं का हिस्सा बन गया। गंभीर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगभग क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ मैच, सेमीफाइनल और फाइनल में संजू सैमसन की पारियों का जिक्र करते हुए कहा कि टीम खेल कैसे खेला जाता है।

# राधामणि और साहिल विश्व मुक्केबाज फ्यूचर्स कप में जीते



बैंकॉक। भारत की युवा मुक्केबाजी टीम के लिए सोमवार को विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में मिलाजुला दिन रहा जब राधामणि लोंगजाम और साहिल दुहान ने जीत हासिल की लेकिन उधम सिंह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में राधामणि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की अपनी विरोधी को हराया और तीसरे दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) पर जीत दर्ज की। पुरुषों के वर्ग में साहिल (60 किग्रा) ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तुर्कमेनिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 के एकमत फैसले से हराकर शानदार जीत हासिल की। उधम सिंह (55 किग्रा) को हालांकि कड़ी टक्कर देने के बावजूद जापान के प्रतिद्वंद्वी खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## सूर्यकुमार ने इशान से पूछा था कि क्या वह विश्व कप जिताएगा

अहमदाबाद। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जब भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह की पुष्टि करने के लिए इशान किशन को फोन किया था तो उनके पास इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज से पूछने के लिए बस एक ही सवाल था कि क्या वह विश्व कप जिताएगा? इशान ने इसका जवाब एक सवाल से देते हुए सूर्यकुमार को कहा, भरोसा करोगे? यह छोटी सी बातचीत सूर्यकुमार के हां में जवाब देने के साथ खत्म हुई और इशान ने टूर्नामेंट में 241 रन बनाए जिसमें रविवार को यहां फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार अर्धशतक भी शामिल है। रविवार रात यहां न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत की खिताबी जीत के बाद मुस्कुराते हुए इशान ने कहा, सूर्या भाई ने मुझे तब फोन किया जब टीम घोषित होने वाली थी। मैंने स्क्रीनशॉट भी ले लिया क्योंकि मुझे लग रहा था कि उन्होंने विश्व कप टीम के बारे में फोन किया है। उन्होंने मेरे से सीधे पूछा, विश्व कप जिताएगा? उन्होंने कहा, मैंने उनसे पूछा, भरोसा करोगे? उन्होंने कहा हां और बस इतनी ही बात हुई। हालांकि फाइनल से पहले की रात झारखंड के लिए खेलने वाले बिहार के इस खिलाड़ी के लिए आसान नहीं थी। वह एक बहुत बड़ी निजी त्रासदी से जूझ रहे थे।

# भारतीय चुनौती का दारोमदार श्रीकांत व प्रणय पर

एजेंसी

बासेल। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एच एस प्रणय और

**❍ दुबई के अनुभव के बाद स्विस ओपन नहीं खेलेगी सिंधू**

किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्वाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा।



भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने पीटीआई से कहा, वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी।

हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये ही वापसी करेंगी। पुरूष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे।

विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरूण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।

# अर्शदीप ने सोशल मीडिया पर भारत के जश्न की दिखाई झलक

एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के सोशल मीडिया स्टार अर्शदीप सिंह ने टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर को और मुस्कुराने के लिए चिढ़ाया, संजू सैमसन से पूछा कि क्या उनके साथ आखिरकार न्याय हुआ है और जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) के जादू पर सबने फिर से भरोसा जताया। प्रशंसकों को अपनी रील्स के जरिए ड्रेसिंग रूम और टीम के अपने साथियों की जिंदगी के मजेदार पहलुओं की झलक दिखाने वाले अर्शदीप ने लगभग 40 सेकेंड की एक क्लिप पोस्ट की जिसमें गंभीर, सैमसन, अभिषेक शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल और कप्तान सूर्यकुमार यादव नजर आ रहे हैं। इसकी शुरुआत अर्शदीप के पहले से ही मुस्कुरा रहे गंभीर को थोड़ा और हंसने के लिए कहने से होती है।

उन्होंने एक मशहूर बॉलीवुड कॉमेडी फिल्म के डायलॉग बोलते हुए मजाक में कहा, पाजी, कदि हस वि लेया करो। इस पर गंभीर ने जवाब दिया, सिंह इज किंग। इसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक आते हैं जिनसे हल्का-फुल्का सवाल पूछा जाता है कि टूर्नामेंट में उनके साथ क्या हुआ। इसके बाद कैमरा सैमसन की तरफ जाता है।

## आलिंगन, आंसू और वंदे मातरम के शोर के बीच मना विश्व कप जीतने का जश्न


अहमदाबाद। भारत के तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद मैदान पर खिलाड़ियों ने जिस तरह से जश्न मनाया, आने वाले कई दिनों तक सोशल मीडिया पर इसके वीडियो, रील और तस्वीरें छाई रहेंगी। मसलन हार्दिक पंड्या तिरंगे के साथ मैदान में घूमे तो अर्शदीप सिंह ने मैच के दौरान अनजाने में थ्रो फेंकने के लिये डेरिल मिचेल से माफी मांगी, ईशान किशन ने नम आंखों के साथ अक्षर पटेल को गले लगा लिया तो प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बने संजू सैमसन को साथी खिलाड़ियों ने घेर लिया। अर्शदीप ने कमेंटेटर हर्षा भोगले से बातचीत में कहा कि वह अपने लोकप्रिय इंस्टाग्राम अकाउंट के लिये कुछ रील्स बना रहे हैं।

# बुमराह एक राष्ट्रीय धरोहर हैं : सूर्यकुमार यादव

एजेंसी



अहमदाबाद। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रविवार को तीसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जसप्रीत बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए राष्ट्रीय धरोहर करार दिया जो इस करिश्माई तेज गेंदबाज के लिए सबसे उपयुक्त उपमा मानी जा सकती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 96 रन से जीत के साथ सूर्यकुमार की टीम पुरुष क्रिकेट में लगातार विश्व टी20 खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई और साथ ही घरेलू मैदान पर ट्रॉफी जीतने वाली भी पहली टीम बनी। सूर्यकुमार ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, बुमराह एक पीढ़ी में एक बार आने वाले गेंदबाज हैं। मैं उन्हें राष्ट्रीय धरोहर कह सकता हूं। उन्हें पता है कि विकेट कैसे झटके जा सकते हैं, वह इस खेल के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। बुमराह ने फाइनल में चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को 159 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है अभी थोड़ा समय लगेगा, लेकिन मैं निश्चित रूप से बहुत खुश हूं। यह लंबा सफर रहा है। यह 2024 विश्व कप के बाद शुरू हुआ। जय शाह, रोहित भाई, उन्होंने मुझमें विश्वास दिखाया और मुझे नेतृत्व करने का मौका दिया। वहां से यह लंबा सफर रहा और यहां आकर जीत हासिल करना सुखद है। कप्तान ने अपने खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने टीम को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में मदद की। उन्होंने कहा, पिछले दो साल में हमने अच्छा क्रिकेट खेला है और हम बस 2024 विश्व कप में अपनाई गई आदतों का पालन करना चाहते थे। लड़कों ने इसे बहुत अच्छी तरह से अपनाया। खिलाड़ियों पर भरोसा बनाए रखने के बारे में मुम्बई के इस खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि यह समझना बहुत जरूरी है कि वे किसमें सक्षम हैं। और मुझे पता था कि उनमें मैच जिताने की काबिलियत है। समय बिल्कुल सही था। संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा शीर्ष खिलाड़ी हैं और हमें पता था कि वे कुछ खास करेंगे, और उन्होंने फाइनल में ऐसा ही किया। सैमसन (89) और अभिषेक (52) ने पावरप्ले में 92 रन और पहले विकेट के लिए में 98 रन जोड़े। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी। चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल हारना आदर्श



स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। और उन्होंने आज रात अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से फिर से अपना स्तर दिखाया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने गत चैंपियन को जबरदस्त शुरुआत दिलाते हुए पावर प्ले के छह ओवर में 92 रन बनाए। इसके विपरीत 256 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलेंड की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 52 रन ही बना सकी। सेंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि पावर प्ले में 90 रन बनाने का श्रेय संजू और अभिषेक को जाता है। वहां से वापसी करना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा, और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था लेकिन उसके गेंदबाजों को भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रोकने में काफी मुश्किलें हुईं।

# पश्चिम एशिया संकट पर लोक सभा में विपक्ष का हंगामा

## बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पायी चर्चा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया के बिगड़े हालात पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी।

इसके कारण आज की कार्यसूची में होने के बावजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर फिर से हंगामा करने लगे। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर शोरगुल करने लगे। अपनी मांगों के समर्थन में कई सदस्य तख्तियां भी लिये हुए थे। कई सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी कर रहे थे। कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने हंगामे के बीच ही कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीय खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं जो एक बहुत गंभीर मुद्दा है और इस पर तत्काल चर्चा करायी जानी चाहिए। कुछ सदस्य कह रहे थे कि पेट्रोल और डीजल का संकट शुरू हो गया है, अतः इस मुद्दे पर चर्चा कराना जरूरी है।

इससे पहले इसी मांग को लेकर हंगामे के कारण दोपहर 12 बजे कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा आज की कार्यसूची में दर्ज थी लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित होने से इस पर चर्चा नहीं करायी जा सकी।

पीठासीन जगदंबिका पाल ने सदस्यों से अपने-अपने स्थानों पर जाकर कार्यसूची के अनुरूप सदन की कार्यवाही चलाने में सहयोग देने का बार-बार आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोक सभा अध्यक्ष के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराने के लिए वह तैयार हैं। श्री जावेद को इस संबंध में अपना प्रस्ताव पेश करना चाहिए। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे अपने ही प्रस्ताव पर चर्चा कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने श्री जावेद से बार-बार अपना प्रस्ताव पेश करने को कहा, लेकिन वह पश्चिम एशिया की स्थिति पर ही चर्चा कराने की मांग पर जोर देते रहे।

श्री पाल ने कहा कि विपक्ष की ओर से लोक सभा अध्यक्ष के खिलाफ लाये गये प्रस्ताव पर आज चर्चा शुरू कर देनी चाहिए। श्री बिरला ने उ खिलाफ लाये गये प्रस्ताव के बाद से सदन में न आने का फैसला लिया है। सदन को इस पर जल्दी चर्चा कर लेनी चाहिए। अध्यक्ष इस सदन के संरक्षक है, उन्होंने उच्च मानदंडों का अनुकरण करते हुए प्रस्ताव के निस्तारण तक सदन में न आने का फैसला किया है। हंगामा कर रहे सदस्यों पर श्री पाल के आग्रह का कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने शोरशराबा और तेज कर दिया।

# भारत और सेशेल्स के बीच नौ से 20 तक सैन्य अभ्यास : रक्षा मंत्रालय



नयी दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों की एक टुकड़ी 9 से 20 मार्च तक सेशेल्स की सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग ले रही है, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच तालमेल को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह अभ्यास लामितिये सेशेल्स रक्षा अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) की भागीदारी के साथ यह संस्करण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सैन्य टुकड़ी में असम रेजिमेंट के जवान, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के जवान शामिल हैं, जिनमें आईएनएस त्रिकंद और एक सी-130 विमान भी शामिल है। भारतीय टुकड़ी सेशेल्स रक्षा बलों (एसडीएफ) के साथ संयुक्त अभ्यास के 11वें संस्करण में भाग लेने के लिए सेशेल्स पहुंच चुकी है। क्रेओल भाषा में लामितिये शब्द का अर्थ मित्रता होता है। लामितिये अभ्यास एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है और 2001 से सेशेल्स में आयोजित किया जा रहा है। बयान के अनुसार, यह अभ्यास अर्ध-शहरी परिवेश में गैर-पारंपरिक अभियानों के क्षेत्र में तालमेल बढ़ाने और शांतिरक्षा अभियानों के दौरान दोनों पक्षों के बीच सहयोग और अंतर-संचालन को मजबूत करने का प्रयास करेगा। यह 12 दिवसीय अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और सर्वोत्तम कार्यशैली के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को मजबूती और बढ़ावा देगा। बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष अर्ध-शहरी परिवेश में संभावित खतरों को बेअसर करने के लिए सामरिक अभ्यासों की एक श्रृंखला में संयुक्त रूप से हिस्सा लेंगे। साथ ही, नयी पीढ़ी के उपकरणों और प्रौद्योगिकी का उपयोग एवं प्रदर्शन करेंगे।

## संक्षेप

### नाटो ने देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल को रोका : तुर्किये

दुबई। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नाटो की वायु रक्षा प्रणालियों ने देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को किया गया यह अवरोधन (इंटरसेप्शन) ईरान युद्ध शुरू होने के बाद दूसरा मामला है। एक सप्ताह पहले अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद से ईरान ने क्षेत्र के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है।

### इजराइल में एक भारतीय नागरिक घायल

यरूशलम। इजराइल में ईरानी मिसाइल के छर्रे लग जाने से एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उसके गर्दन में चोट पहुंची है। भारतीय नागरिक रविवार को घायल हुआ था और तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल में उसका ऑपरेशन किया गया तथा अब उसकी हालत स्थिर है। अस्पताल के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, गर्दन में गंभीर चोट के कारण कल उन्हें अस्पताल लाया गया था।

# इजराइली हमलों से लेबनान में संसद का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाया



**बेरूत।** लेबनान की संसद ने ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण सोमवार को संसद का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया। इस युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और इजराइल आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला के हमलों के जवाब में लेबनान पर हमले तेज कर रहा है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि 76 सांसदों ने संसद का कार्यकाल बढ़ाने के पक्ष में जबकि 41 ने विरोध में वोट डाला और चार सदस्य अनुपस्थित रहे। संसद में हिज्बुल्ला के 13 सदस्यीय समूह ने कार्यकाल बढ़ाने के पक्ष में वोट डाला। पिछले साल इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से लेबनान में पांच लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और देश के अधिकतर हिस्सों में चुनाव कराना मुश्किल हो गया है।

# इंडिगो की मैनचेस्टर उड़ान हवाई क्षेत्र संबंधी पाबंदियों से लौटी दिल्ली



नयी दिल्ली। इंडिगो की मैनचेस्टर जाने वाली एक उड़ान सोमवार को इरिट्रिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर लगे कुछ प्रतिबंधों के कारण दिल्ली लौट आई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह उड़ान लीज पर लिए गए बोइंग 787 विमान से संचालित हो रही थी। विमानन कंपनी इंडिगो ने एक बयान में कहा, पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के कारण अंतिम समय में हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली हमारी उड़ान 6ई 033 को अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर यात्रा फिर से शुरू करने की संभावनाओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इरिट्रिया के अधिकारियों से कुछ मंजूरी संबंधी समस्याएं थीं, और जोखिम मूल्यांकन के बाद यह निर्णय लिया गया कि उड़ान दिल्ली लाई जाए। इरिट्रिया एक अफ्रीकी देश है। यह एयरलाइन एथेंस को छोड़कर लंदन समेत अन्य यूरोपीय शहरों के लिए उड़ानें संचालित करती है और इसके लिए नॉर्वे की नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से लीज पर लिए गए बोइंग 787-9 विमानों का इस्तेमाल करती है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के मद्देनजर नियामक यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) ने अपने साथ पंजीकृत विमानों, जिनमें नॉर्स अटलांटिक के विमान भी शामिल हैं, को पश्चिम एशिया के कुछ हवाई क्षेत्रों, जिनमें सऊदी अरब भी शामिल है।

# वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में तेजी से महंगाई पर नही पड़ेगा खास असर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति पहले से ही अपने निचले स्तर के करीब है। सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में कहा कि वैश्विक कच्चे तेल और भारतीय बास्केट (अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का भारांश औसत, जिनकी खरीद भारतीय रिफाइनरी करती हैं) दोनों की कीमतों में पिछले एक वर्ष से लगातार गिरावट का रुख था। 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से इसमें तेजी आई है। वित्त मंत्री ने कहा फरवरी के अंत से दो मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत (भारतीय बास्केट) 69.01 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में मुद्रास्फीति अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं माना जा रहा है।

# ईरान के स्कूल पर हमला अमेरिका ने किया था

एजेंसी

यरूशलम। खोजी पत्रकारिता करने वाले नीदरलैंड स्थित समूह बैलिंगकैट का कहना है कि हाल में जारी किया गया एक वीडियो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे का खंडन करता प्रतीत होता है कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की शुरुआत में एक ईरानी स्कूल में हुए विस्फोट के लिए ईरान खुद जिम्मेदार था, जिसमें 165 से अधिक लोग मारे गए थे।

यह दावा ऐसे समय किया गया है जब कई सबूत 28 फरवरी को हुए हमले के लिए अमेरिका की संलिप्तता की ओर इशारा कर रहे हैं। हमले में ईरान के दक्षिणी प्रांत होर्मोजगान के मीनाब स्थित रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक अड्डे के पास स्कूल को निशाना बनाया गया था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा लिए गए साक्षात्कार में

**जांच में किया गया दावा**

विशेषज्ञों ने उपग्रह तस्वीरों के विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा कि स्कूल परिसर पर बम गिराये गए थे। बैलिंगकैट द्वारा साझा किया गया वीडियो, स्कूल पर हमले वाले दिन का तीन सेकंड का एक छोटा सा क्लिप है, जिसे ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने रविवार को प्रसारित किया था। वीडियो में एक इमारत पर गोला गिरते हुए दिखाया गया है, जिससे काले धुएं का गुबार छा जाता है। बैलिंगकैट के शोधकर्ता ट्रेवर बॉल ने वीडियो की भौगोलिक स्थिति का पता लगाया और पाया कि यह स्कूल के पास का है।

इस गोला-बारूद की पहचान टोमाहॉक क्रूज मिसाइल के रूप में की गई, जिसके बारे में माना जाता है कि इस युद्ध में, यह केवल अमेरिका के पास ही है। हालांकि, युद्ध के दौरान किसी भी स्वतंत्र एजेंसी ने जांच के लिए घटनास्थल का दौरा नहीं किया है। शनिवार को जब एक पत्रकार ने ट्रंप से पूछा कि क्या इस विस्फोट के लिए अमेरिका जिम्मेदार है।

# एम्स संकाय संघ के अध्यक्ष बने डॉ. मल्ही

नयी दिल्ली। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संकाय संघ चुनाव-2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह संघ संस्थान में कार्यरत सभी संकाय सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है। दिल्ली स्थित एम्स के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रोफेसर डॉ. अमरिंदर सिंह मल्ही को एफएआईएमएस का अध्यक्ष चुना गया है। इससे पहले वे संघ के महासचिव के पद पर कार्यरत थे। परिणाम पिछले सप्ताह घोषित किए गए। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. हर्षल रमेश साल्वे को उपाध्यक्ष चुना गया है, जबकि डॉ. केशव गोयल महासचिव के पद पर आसीन होंगे।

# सरकार नहीं करती पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार संसद में पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं करना चाहती क्योंकि यह बात सामने आएगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वह कम्प्रोमाइज्ड हो चुके हैं।

राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से भाग गए हैं। अब वह सदन के अंदर नहीं आ पाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, पश्चिम एशिया में आमूलचूल परिवर्तन करने की लड़ाई चल रही है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। पश्चिम एशिया एक जरूरी मुद्दा है, क्योंकि उसका असर ईंधन की कीमत और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उनका कहना था, वहीं, नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से व्यापार समझौता कर लिया है और हमने स्टॉक बाजार का हाल देख लिया है। इस समझौते से देश की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने पश्चिम एशिया संकट से जुड़े विषय पर लोकसभा में चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। राहुल गांधी के अनुसार, ये सभी जनता से जुड़े जरूरी मुद्दे हैं, इसलिए विपक्ष इन मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने की मांग कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, वे (सरकार) चर्चा नहीं करना चाहते हैं क्योंकि उसमें दूसरी बातें निकलेगी।

## इंटरटेनमेंट...

# आमिर खान का 'लाहौर 1947' टाइटल बदलने से इनकार




**मुंबई।** हाल ही में सोशल मीडिया और कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि सनी देओल स्टारर फिल्म 'लाहौर 1947' का नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन अब फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए साफ कर दिया है कि फिल्म का टाइटल नहीं बदला गया है। बॉलीवुड हंगमा की रिपोर्ट के मुताबिक आमिर खान ने एक बयान में कहा कि फिल्म के नाम को लेकर जो खबरें सामने आ रही हैं, वे सही नहीं हैं। उन्होंने कहा

**फिल्म का शीर्षक वही रहेगा, नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' रखने की चर्चा थी**

कि उनकी फिल्म का नाम 'लाहौर 1947' ही है और इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से इंटरनेट पर यह चर्चा तेज थी कि फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' रखा जा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि भारत-पाकिस्तान के मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए लाहौर शब्द विवाद पैदा कर सकता है, इसलिए नाम बदलने पर विचार किया गया। हालांकि आमिर खान के बयान के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया है। यह फिल्म मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बन रही है और इसमें मुख्य भूमिका में सनी देओल नजर आएंगे। खास बात यह है कि सनी देओल और राजकुमार संतोषी की जोड़ी इससे पहले घायल, दामिनी और घातक जैसी सफल फिल्में दे चुकी है।

इस वजह से दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फिल्म की कहानी भारत के विभाजन यानी 1947 के दौर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह कहानी मशहूर लेखक असगर असगर वजाहत के चर्चित नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्या ही नहीं' से प्रेरित बताई जाती है। इसमें उस समय के सामाजिक और मानवीय दर्द को दिखाया जाएगा, जब विभाजन के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल, करण देओल और अभिमन्यु सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत ए. आर. रहमान ने तैयार किया है।

# महेश मांजरेकर के नाटक एनिमल का मुंबई में प्रीमियर

मुंबई। एक्टर महेश मांजरेकर के हिंदी नाटक एनिमल का प्रीमियर शनिवार रात मुंबई के टाटा थिएटर में हुआ। प्रीमियर में जैकलीन फर्नांडिज, सिद्धार्थ जाधव, अनुषा दांडेकर और सुमेध मुदगालकर जैसे सेलेब्स मौजूद थे। महेश मांजरेकर की बेटियां सई मांजरेकर, गौरी इंगवाले और बेटे सत्या मांजरेकर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकार अपनी पत्नी मनाली के साथ पहुंचे। अश्विन गिडवानी द्वारा निर्मित नाटक एनिमल को महेश मांजरेकर ने लिखा, निर्देशित और प्रेजेंट किया। एनिमल का अगला मंचन 29 मार्च को सोफिया भाभा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। प्रस्तुति के दौरान महेश मांजरेकर ने कुछ गाने भी गाए और डांस किया। करीब नौ साल की चर्चा और तैयारी के बाद एनिमल का मंचन हुआ।

# पॉप सिंगर रिहाना के घर पर फायरिंग

**मुंबई।** हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में रिहाना सुरक्षित हैं और कोई घायल नहीं हुआ है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने इस मामले में एक 30 साल की महिला को हिरासत में लिया है। लॉस एंजिल्स पुलिस के मुताबिक, यह घटना कैलिफोर्निया (अमेरिका) के समय के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1:21 बजे हुई। रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के गेट के सामने, सड़क के दूसरी तरफ खड़ी एक गाड़ी से 10 गोलियां चलाई गईं। लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक गोली घर की दीवार को चीरते हुए आर-पार हो गई।

# आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट अनाउंस



**मुंबई।** आलिया भट्ट, शरवरी वाघ, अनिल कपूर और बॉबी देओल स्टारर स्पाई यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा' 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी। प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की है। पहले यह फिल्म 2025 में आने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई थी। फिल्म 'अल्फा' को लेकर पहले यह चर्चा थी कि इसे सीधे

**10 जुलाई को रिलीज होगी स्पाई यूनिवर्स की फिल्म**

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स को नेटफ्लिक्स की ओर से 215 करोड़ रुपए की डील का ऑफर मिला था। हालांकि, आदित्य चोपड़ा और उनकी टीम ने इसे ठुकरा दिया। इस फिल्म में पहली बार आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में जासूसी करती नजर आएंगी। फिल्म में दोनों का हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेगा। इनके साथ ही अनिल कपूर और बॉबी देओल भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। हालांकि, मेकर्स ने अब तक उनके किरदारों को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। फिल्म 'अल्फा' की घोषणा साल 2024 में की गई थी। पहले इसे 17 अप्रैल 2026 को रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब नई तारीख 10 जुलाई तय की गई है। फिल्म केवल हिंदी में ही नहीं, बल्कि तमिल और तेलुगू भाषा में भी रिलीज होगी।

स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म होने के नाते मेकर्स को इससे काफी उम्मीदें हैं। फिल्म 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है और इसे आदित्य चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है। बॉक्स ऑफिस क्लैश की बात करें तो फिलहाल 10 जुलाई के आस-पास किसी बड़ी फिल्म की रिलीज नहीं है। यह सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' (4 जून) के करीब एक महीने बाद रिलीज होगी। ऐसे में फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी स्क्रीन मिलने की संभावना है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com